गुरुवार, 20 नवम्बर 2025

**मौसम**



तापमान 19 – 30
आर्द्रता 71%
सूर्योदय: 5:52 सूर्यास्त: 16:51

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : भाग्य असफलताओं का बहाना है।



आरएसएस के बारे में पूर्वाग्रहों के आधार पर कोई राय न बनाएं युवा: भागवत पृष्ठ 7

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# नीतीश कुमार आज 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ

## प्रधानमंत्री मोदी, शाह करेंगे समारोह में शिरकत

- बीजेपी नेता सम्राट चौंधरी औंर विजय सिन्हा को बनाया जाएगा डिप्टी सीएम

**पटना :** राजधानी पटना के गांधी मैदान में नीतीश कुमार आज 10वीं बार मख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आज सुबह 11.30 बजे तय किया गया है। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह समेत दर्जन भर अलग-अलग राज्यों को



मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं। इनके अलावा कई वीआईपी भी उपस्थित होंगे। एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद से यह कायस लगाए जा रहे थे कि बीजेपी नया मुख्यमंत्री बना सकती है। इस सभी उठापटक के बीच नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। जो माहौल अब शांत हो गया है। इसके पहले नीतीश कुमार ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंपा और साथ में नई सरकार बनाने का दावा पेश किया गया। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री किसको बनाया जाएगा, उसका सस्पेंस भी खत्म हो गया है। बीजेपी नेता सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया जाएगा।

## राम मंदिर में ध्वजारोहण की तैयारियां जोरों पर

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आगामी 25 नवंबर को आयोजित होने वाले ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बुधवार को बताया कि 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह की जोदार तैयारियां की जा रही हैं और इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे।

# एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक 28 मौत : ममता

- आयोग को ठहराया जिम्मेदार
- ममता ने एक्स पर लिखा, डर औंर दबाव की वजह से लोगों की जा रही हैं जान, आयोग फैंसले पर पुनर्विचार करे

**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों से मौत की खबरें सामने आ रही हैं। बुधवार सुबह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने एक्स हैंडल पर चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने लिखा कि एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है और इसके लिए आयोग का अनियोजित निर्णय जिम्मेदार है। चुनाव आयोग ने अक्टूबर के अंत में बंगाल में एसआईआर की शुरुआत की थी। आयोग ने स्पष्ट किया था कि जिनके नाम 2002 की मतदाता सूची में दर्ज हैं या जिनके परिवारों में



नाम मौजूद हैं, उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद, लोगों के बीच अस-ुरक्षा और भय का माहौल बना हुआ है। हजारों सवाल और आशंकाएं लोगों के मन में घर कर चुकी हैं।

एसआईआर लागू होने के बाद कई लोगों ने कथित तौर पर निर्वासित होने के डर से आत्महत्या कर ली है। यह स्थिति बेहद दुखद है और समाज में अस्थिरता पैदा कर रही है। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि बूथ लेवल अधिकारी(बीएलओ) पर अत्यधिक काम का दबाव डाला जा रहा है, जिसके कारण वे मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या कर रहे हैं। बुधवार सुबह मालबाजार में एक महिला बीएलओ का शव फंदे से लटका हुआ मिला। परिवार का दावा है कि यह आत्महत्या एसआइर से जुड़े काम के दबाव के कारण हुई है। इस घटना ने पूरे राज्य में बहस को और तेज कर दिया है। विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने भी इस मामले को गंभीरता से उठाया है।

इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने एक्स हैंडल पर गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा कि मैंने आज एक और बीएलओ को खो दिया। वह महिला आंगनबाड़ी में काम करती थी और एसआईआर का इतना दबाव नहीं झेल सकी। ममता ने आरोप लगाया कि आयोग ने बिना योजना के काम शुरू किया है, जिसके कारण कार्यकर्ताओं पर असहनीय दबाव पड़ रहा है और अनमोल जानें जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग से स्थिति को संभालने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आयोग को चाहिए कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करे और कार्यकर्ताओं पर पड़ रहे दबाव को कम करे। ममता ने चेतावनी दी कि यदि आयोग ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो राज्य में और भी गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

# भारतीय सेना ने न्यू कॉम्बैट यूनिफॉर्म का कराया पेटेंट

## नकल करने पर होगी बड़ी कार्रवाई



**नयी दिल्ली :** भारतीय सेना ने तीन परत वाली नयी तरह की वर्दी के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार हासिल कर लिया है। यह सैनिकों के शरीर को विभिन्न जलवायु परिस्थितयों में सुरक्षित रखने के साथ-साथ उनकी सैन्य गतिविधियों के भी अनुकूल है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि 'न्यू कोट कॉम्बैट' को आर्मी डिजाइन ब्यूरो के तत्वावधान में एक परामर्श परियोजना के रूप में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), दिल्ली द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। एक बयान के अनुसार, नयी तरह की वर्दी (डिजिटल प्रिंट) सेना के आधुनिकीकरण, स्वदेशीकरण और सैनिकों को आरामदेह वर्दी प्रदान करने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। अधिकारियों ने बताया कि तीन-परत वाली इस वर्दी में उन्नत तकनीकी वस्त्रों का उपयोग किया गया है तथा इसमें एर्गोनोमिक डिजाइन है, जिसे विभिन्न जलवायु और सामरिक स्थितियों में सहजता, गतिशीलता और संचालन दक्षता में सुधार के लिए तैयार किया गया है। बयान में कहा गया है कि भारतीय सेना ने नये कोट कॉम्बैट (डिजिटल प्रिंट) के डिजाइन को पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक, कोलकाता में सफलतापूर्वक पंजीकृत करा लिया है तथा इसे सात अक्टूबर 2025 को पेटेंट कार्यालय की आधिकारिक पत्रिका में प्रकाशित किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इस पंजीकरण के साथ, डिजाइन और पैटर्न, दोनों के विशिष्ट बौद्धिक संपदा अधिकार ''पूरी तरह से'' भारतीय सेना के पास रहेंगे।

## 20 साल पुराने वाहनों का फिटनेस शुल्क बढ़ा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने पुराने वाहनों के नवीनीकरण शुल्क में वृद्धि के कुछ महीने बाद अब 20 साल से अधिक पुराने मोटर वाहनों का फिटनेस परीक्षण शुल्क बढ़ा दिया है ताकि लोगों को इन्हें रखने से हतोत्साहित किया जा सके। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से 11 नवंबर को जारी की गई नवीनतम अधिसूचना में कहा गया है कि अब वाणिज्यिक वाहनों के लिए फिटनेस परीक्षण शुल्क की नयी दरें 15 साल के बजाय 10 साल से लागू होगीं। मंत्रालय ने फिटनेस परीक्षण के लिए तीन समूह - 10-15 साल, 15-20 साल और 20 साल से ऊपर- बनाए हैं। अधिसूचना के अनुसार, 20 साल से अधिक पुराने हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) के नवीनीकरण शुल्क को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दिया गया है। इस अधिसूचना में 20 साल से अधिक पुराने भारी ट्रकों और बसों के फिटनेस परीक्षण शुल्क में भी भारी वृद्धि की गई है। अब उन्हें फिटनेस परीक्षण के लिए 3,500 रुपये के बजाय 25,000 रुपये का भुगतान करना होगा। इसी समूह में मध्यम कमर्शियल वाहनों को अब 20,000 रुपये का भुगतान करना होगा, और 20 साल से अधिक पुराने हल्के मोटर वाहनों का फिटनेस परीक्षण अब 15,000 रुपये में होगा। बीस साल से अधिक पुराने दोपहिया वाहनों के फिटनेस परीक्षण शुल्क में भी वृद्धि की गई है। यह शुल्क पहले 600 रुपये था, अब 2,000 रुपये होगा।

# भारत जैविक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर: प्रधानमंत्री मोदी

**कोयंबटूर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केन्द्र बनने की राह पर है और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह देश की स्वदेशी और पारंपरिक पद्धति है। मोदी ने यहां दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025 और एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि युवा तेजी से कृषि को एक आधुनिक और व्यापक अवसर के रूप में पहचान रहे हैं और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को काफी मजबूती मिलेगी। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की शानदार जीत के बाद मोदी ने अपने यहां आगमन पर लोगों द्वारा गमछा लहराने का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि ''बिहार की हवा'' उनसे पहले ही तमिलनाडु में आ गई है। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला राजग अगले साल विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन से मुकाबला करेगा। विपक्षी गठबंधन एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से हटाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने नौ करोड़ किसानों को सहायता देने के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी की। इस किस्त की कुल राशि 18,000



करोड़ रुपये से अधिक है। मोदी ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक छोटे किसानों के बैंक खातों में सीधे चार लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं, जिससे वे विभिन्न कृषि जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो गए हैं। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत यह कहते हुए की कि प्राकृतिक खेती उनके दिल के बहुत करीब है। मोदी ने कहा कि प्राकृतिक खेती का विस्तार 21वीं सदी की कृषि की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, बढ़ती मांग के कारण खेतों और कृषि से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में रसायनों के इस्तेमाल में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि रसायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरता कम हो रही है, मिट्टी की नमी प्रभावित हो रही है और साल दर साल खेती की लागत बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण और जैविक खेती मृदा संबंधी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि साथ ही जैविक खेती जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी मदद करती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती भारत का अपना स्वदेशी विचार है और यह देश की परंपराओं में निहित है तथा पर्यावरण के अनुकूल है। उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य प्राकृतिक खेती को पूरी तरह से विज्ञान समर्थित आंदोलन बनाना होना चाहिए।''

## प्रधानमंत्री मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 21-23 नवंबर को जोहानिसबर्ग की यात्रा करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित जी-20 नेताओं के 20वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 21 से 23 नवंबर तक जोहानिसबर्ग की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह 'ग्लोबल साउथ' में आयोजित होने वाला लगातार चौथा जी-20 शिखर सम्मेलन होगा। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन में, प्रधानमंत्री मोदी जी-20 एजेंडे पर भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। उसने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा शिखर सम्मेलन के सभी तीन सत्रों को संबोधित करने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से इतर, प्रधानमंत्री जोहानिसबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं।

# पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 'मामूली' बदलाव की जरूरत, अगले महीने शुरू होगा संचालन : रेल मंत्री

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा में सुधार के लिए पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में मामूली बदलाव का काम जारी है और इस नयी ट्रेन का संचालन अगले महीने से होगा। मंत्री ने बताया कि पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के परीक्षण के बाद, डिब्बे और सीटों में मामूली बदलावों का सुझाव दिया गया था, जिन पर अब काम किया जा रहा है। वैष्णव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, ''पहली ट्रेन के परीक्षण के दौरान जो भी समस्याएं सामने आईं, हम उन्हें दूर कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''ये बदलाव मामूली हैं, लेकिन हम इन्हें बड़ा मान रहे हैं क्योंकि हम यात्रियों की सुविधा के उच्च मानकों के अनुरूप इन्हें तैयार करना चाहते हैं।'' यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा पर जोर देते हुए वैष्णव ने कहा, ''हम 'शॉर्टकट' में विश्वास नहीं करते क्योंकि हमें अगली पीढ़ी के लिए एक अच्छा उत्पाद बनाना है।'' मार्ग और ट्रेन शुरू होने की संभावित तारीख के बारे में पूछे जाने पर, वैष्णव ने कहा, ''हम दिसंबर में इस ट्रेन का संचालन शुरू करेंगे।''



# घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में रोबोटिक क्रांति!




कोलकाता स्थित बेले व्यू क्लिनिक में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक, प्रसिद्ध जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. संतोष कुमार के पास 17 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने अब तक 35 हजार से अधिक सफल सर्जरी की हैं। वह **संतोष कुमार** हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर के संस्थापक भी हैं, जो जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन का एक समर्पित समूह है, जो हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में नवीनता और सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**डॉ. कुमार** का मानना है कि एक संगठन की ताकत उसकी टीम में होती है। उनकी टीम में कई विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन, चिकित्सक, सहायक, तकनीशियन और फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य व्यक्तिगत कौशल, दक्षता, व्यापक अनुभव और विश्वास को स्वास्थ्य सेवा के फ्रंटलाइन में एकीकृत करना है।

साल 2011 में, **डॉ. कुमार** ने कंप्यूटर-समर्थित जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए 'ऑर्थोपायलट' उपकरण का उपयोग किया था। पिछले वर्ष, उन्होंने इस प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए रोबोटिक आर्म का भी समावेश किया, जिससे सर्जरी में और अधिक सटीकता प्राप्त हो रही है। हिप और घुटने के प्रतिस्थापन में बायोमेकानिक्स, जैसे एक सस्पेंशन ब्रिज की यांत्रिकी, का महत्व है और यह बेहतर तरीके से नेविगेशन और रोबोटिक आर्म द्वारा हासिल किया जाता है।

**डॉ. संतोष कुमार** यह भी मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रियलिटी



जैसे आधुनिक उपकरण अब सर्जन के हाथों में हैं, जो सर्जरी को और भी सटीक और प्रभावी बनाते हैं। डॉ. कुमार का उद्देश्य घुटना और हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने के साथ-साथ मरीजों को बेहतर जीवन जीने के अवसर प्रदान करना है। उनके नेतृत्व में, मोमेंटम ऑर्थोकेयर और संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन ने सर्जरी में एक नया मानक स्थापित किया है।

डॉ. कुमार का कहना है कि सही तरीके से किया गया जॉइंट रिप्लेसमेंट 25 वर्षों से अधिक तक चल सकता है और अगर आवश्यक हो, तो इसे पुनः किया जा सकता है, जिसे 'रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट' कहा जाता है। डॉ. कुमार और उनकी टीम कोलकाता में नियमित रूप से इन रिवीजन प्रक्रियाओं का संचालन करते हैं।

## नवीनतम तकनीक

**डॉ. संतोष कुमार** ने घुटने और हिप रिप्लेसमेंट में नए विकास के बारे में बताया। उन्होंने मोबाइल बेयरिंग रोटेटिंग प्लेटफॉर्म घुटने के रिप्लेसमेंट की बात की, जो खासतौर पर पैरों को क्रॉस करके बैठने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इसके अलावा, कम संपर्क तनाव डिजाइन से इम्प्लांट के जीवनकाल में वृद्धि होती है। काइनेमेटिक एलाइंमेंट का उपयोग करके मेडियल पिवट घुटने ने घुटने के कृत्रिम जोड़ को जितना संभव हो प्राकृतिक घुटने के करीब लाने में मदद की है। **डॉ. संतोष कुमार** का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को दर्द रहित बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य है, जिसे उच्च सटीकता वाली नर्व ब्लॉक्स और मल्टीमोडल एनाल्जेसिया तकनीकों द्वारा प्राप्त किया जाता है।

-स्टिचलेस सर्जरी का नया युग

**डॉ. कुमार** बताते हैं कि आजकल वे स्टिचलेस सर्जरी करते हैं, जिससे मरीज को सर्जरी के कुछ ही दिनों बाद स्नान करने की अनुमति मिलती है और कोई भी स्टिच हटाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे लगभग कोई निशान भी नहीं रहता।

-जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए सुलभ और किफायती हब

डॉ. संतोष कुमार का कहना है कि संतोष कुमार हिप और नी फाउंडेशन और मोमेंटम ऑर्थोकेयर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पूर्व भारत में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए एक किफायती और स्थानीय केंद्र बनाना था।

-फ्री वीडियो कंसल्टेशन और यात्रा खर्च की सुविधा

इसके अलावा, **डॉ. कुमार** अपने मरीजों और उनके साथ आने वाले रिश्तेदारों के लिए बिहार और झारखंड से इलाज के लिए आने वाले मरीजों के यात्रा खर्च को भी वापस करते हैं और उन्हें मुफ्त वीडियो कंसल्टेशन की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

**डॉ. संतोष कुमार** और उनकी टीम का उद्देश्य जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके मरीजों को बेहतर और दर्दमुक्त जीवन प्रदान करना है।

Dr Santosh Kumar activating the Robotic Arm during Robotic Knee Replacement





For additional information, feel free to communicate with Dr. Santosh Kumar at Plot number 236, Lake Town, Block B, Kolkata 700089;
email: sandr@gmail.com; WhatsApp or call: 6289962271 / 9831911584;
or visit: Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata.

# अल फलाह समूह के अध्यक्ष सिद्दीकी के पास भारत से भागने के कई कारण हैं: ईडी

## जवाद सिद्दीकी को 13 दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत को बताया है कि अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी के पास भारत से भागने के कई ''कारण'' हैं क्योंकि उसके परिवार के करीबी सदस्य खाड़ी देशों में बसे हुए हैं और उसने अपने ट्रस्ट द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों से ''बेईमानी'' से कम से कम 415 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। सिद्दीकी को संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार रात फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय समूह के खिलाफ दिनभर की छापेमारी के बाद हिरासत में ले लिया था। यह विश्वविद्यालय 10 नवंबर को लाल किले के निकट हुए विस्फोट की जांच के केंद्र में है,



जिसमें 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। सिद्दीकी को बुधवार तड़के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान (साकेत अदालत) के आवास पर पेश किया गया, जहां एजेंसी ने हिरासत में पूछताछ के लिए उसकी 14 दिन की रिमांड मांगी। अदालत ने उसे एक दिसंबर तक 13 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने अदालत को बताया कि सिद्दीकी के निर्देशन में विश्वविद्यालय और उसके नियंत्रक ट्रस्ट ने झूठी मान्यता और मान्यता दावों के आधार पर छात्रों और अभिभावकों को बेईमानी से धन देने के लिए प्रेरित करके 415.10 करोड़ रुपये की आपराधिक आय अर्जित की। इसने दावा किया गया कि सिद्दीकी की गिरफ्तारी आवश्यक थी क्योंकि उसके फरार होने और जांच में सहयोग न करने की आशंका थी। ईडी ने अदालत को बताया, ''आरोपी के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन और प्रभाव है और उसका गंभीर आर्थिक अपराधों का इतिहास रहा है। उसके करीबी रिश्तेदार भी खाड़ी देशों में बसे हुए हैं और उसके पास भारत से भागने के कई कारण हैं। उसने कहा, ''मौजूदा आरोपों की गंभीरता (जिसमें अपराध से अर्जित आय सैकड़ों करोड़ रुपये आंकी गई है) और पीएमएलए के तहत संभावित परिणामों को देखते हुए यह आशंका वाजिब है कि अगर उसे गिरफ्तार नहीं किया गया तो वह फरार हो सकता है या प्रभावी पूछताछ के लिए अनुपलब्ध रह सकता है, अपनी संपत्ति और खुद को अधिकार क्षेत्र से बाहर कर सकता है और जांच में देरी या बाधा उत्पन्न कर सकता है।'' एजेंसी ने कहा कि सिद्दीकी संस्थापक और प्रबंध न्यासी है, जो अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट को ''नियंत्रित'' कर रहा था और अल फलाह विश्वविद्यालय तथा उसके संस्थानों पर वास्तविक प्रभाव रखता है।

## स्पष्ट कानून व सज़ा में बदलाव से समाधान

हाल ही में, दिल्ली के विजय विहार इलाके में लूट का विरोध करने वाले एक ऑटो चालक की निर्मम हत्या में पांच नाबालिगों की गिरफ्तारी गंभीर चिंता बढ़ाने वाली है। देश में नाबालिगों के बालिगों की तर्ज पर गंभीर अपराधों को अंजाम देने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। वहीं दिल्ली की घटना में गिरफ्तार किशोरों की स्वीकारोक्ति डराने वाली है कि वे नशे के आदी हैं और पैसे जुटाने के लिये लूटपाट जैसे अपराधों में लिप्त रहते हैं। यह घटना हमारे समाज में पनप रही विकृतियों की ओर इशारा कर रही है। साथ ही यह भी संकेत कि अब वक्त आ गया है कि किशोर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कानूनों के प्रावधान हों। इसकी वजह यह है कि किशोरों को अपराध करने के बाद सामान्य जेलों में रखने के बजाय बाल सुधार गृहों में भेज दिया जाता है। लेकिन बाल सुधार गृहों में रहने के दौरान भी ऐसे अपराधी किशोरों में बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। अक्सर देखा जाता है कि बाल सुधार गृहों में रहने की सीमित अवधि के बाद कई किशोर फिर अपराधों की दुनिया में उतर जाते हैं। समाज विज्ञानियों का मानना है कि किशोर अपराधों को लेकर कानून के अस्पष्ट और लचर होने की वजह से भी दोषियों को दंडित नहीं किया जा सकता। अक्सर कहा जाता है कि नाबालिगों की सजा के मामले में अभियुक्त की उम्र को घटा दिया जाए। दरअसल, बदलते परिवेश में समय से पहले किशोरों में वयस्कों की नकारात्मक प्रवृत्तियां पनपने लगी हैं। जिसके चलते वे बड़ों के जैसे अपराध तो करते हैं। लेकिन उन्हें उस अनुपात में सजा नहीं दी जा सकती। वैसे यह भी हकीकत है कि किशोरों के सामने लंबा भविष्य होता है। यदि परिस्थितिवश या मजबूरी में वे कोई अपराध करते हैं तो उन्हें सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए। वैसे भी दंड का अंतिम उद्देश्य व्यक्ति में सुधार ही होता है।

दरअसल, इस तथ्य पर भी विचार करने की जरूरत है कि यदि किशोर सजा काटने के बाद भी लगातार अपराध की दुनिया में सक्रिय रहते हैं तो उसके लिये दंड के सख्त प्रावधान होने चाहिए। वहीं, अपराध के मूल में आर्थिक विषमताएं भी हैं, जिसके चलते वे पढ़-लिख नहीं पाते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में तमाम सामाजिक विद्रूपताएं भी किशोर मन में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। जैसेकि दिल्ली की घटना में लिप्त किशोरों ने स्वीकारा कि वे नशे के आदी हैं, यह घटना हमारे समाज में नशे के नासूर से उपजे संकट की ओर इशारा करती है। ऐसे में नशे पर अंकुश के साथ ही उन सामाजिक विसंगतियों पर नजर रखने की जरूरत है जो किशोर मन के भटकाव को जन्म देती हैं। दूसरा संकट भारतीय समाज में जीवन मूल्यों का तेजी से होता पराभव भी है। किशोरों को नैतिक शिक्षा का पाठ सही ढंग से न स्कूलों में मिल पा रहा है और न ही घरों में। इस संकट का एक बड़ा पहलू इंटरनेट पर जहरीली व अश्लील सामग्री की प्रचुरता भी है। अक्सर किशोरों व वयस्कों के अपराधों के कारण जानने पर पता चला कि उन्होंने इंटरनेट पर अश्लील सामग्री देखने के बाद यौन हिंसा को अंजाम दिया। ऐसे में बच्चों को संस्कार स्कूल और घर के बजाय मोबाइल से मिल रहे हैं। इंटरनेट पर प्रसारित आपत्तिजनक सामग्री को कौन और किस उद्देश्य से डाल रहा है, कहना कठिन है। लेकिन इतना तय है कि सोशल मीडिया व इंटरनेट से जुड़े विभिन्न माध्यमों में परोसी जा रही विषैली सामग्री बाल मन पर बुरा असर डाल रही है। ऐसे में नशा, अश्लीलता और अपराध उन्मुख कार्यक्रम किशोरों को अपराध की गलियों में गुजरने के लिए उकसा रहे हैं। बहरहाल, अब समय आ गया है कि नीति-नियंताओं को विचार करना चाहिए कि हत्या-बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त किशोरों के लिये कैसे कानून बनें। निश्चय ही कानून का मकसद किसी अपराधी में सुधार ही होना चाहिए। लेकिन इस छूट को सजा से छूट का हथियार बनने देने से भी रोकना चाहिए। अन्यथा किशोरों के अपराधों का सिलसिला बेकाबू हो सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 नवम्बर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष अमावस्या, 12:16 तक, नक्षत्र : विशाखा, 10:51 तक, योग : शोभना, 09:50 तक, सूर्योदय: 05:52, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 05:47, चन्द्रास्त: 16:41, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 12:43 से 14:04

## राशिफल

**मेष :** आज रिश्तों को लेकर मन उलझ सकता है। अपने साथी की भावनाओं को समझना थोड़ा कठिन होगा। भीतर बेचैनी महसूस हो सकती है, इसलिए किसी भी निर्णय में जल्दबाज़ी न करें।

**वृष :** रिश्ते में आई दूरी को कम करने के लिए दिन अनुकूल है। आपको ही पहल करनी होगी। अहंकार को किनारे रखकर संवाद करेंगे तो रिश्ता मजबूत होगा।

**मिथुन :** आज आपकी मुलाकात अतीत के किसी व्यक्ति से हो सकती है, जो आपको एक महत्वपूर्ण समझ देगा। यह समझ आपके पुराने भ्रमों को दूर करने में मदद करेगी और आपकी भावनात्मक स्थिति बेहतर होगी।

**कर्क :** आपका मन आज हल्का रहेगा और आप नए रिश्तों को नए नजरिए से देखने के लिए तैयार रहेंगे। अनिश्चितता को खुद पर हावी न होने दें।

**सिंह :** आज अपने रिश्ते का निष्पक्षता से आकलन करना जरूरी है। सोचें कि क्या आप इसे अगले चरण में ले जाना चाहते हैं। अपनी भावनाओं को स्पष्ट रूप से समझें और दुविधाओं से निपटें।

**कन्या :** आप लंबे समय से किसी के प्रति आकर्षित हैं, लेकिन आज आपको महसूस हो सकता है कि वह व्यक्ति आपकी भावनाओं का सही मूल्य नहीं करता।

**तुला :** आज अपने साथी से खुलकर बातचीत करने का मौक़ा मिलेगा। अपनी चिंताएं, मन की बातें और भावनाएं साझा करें। इससे गलतफहमियां दूर होंगी और रिश्ता अधिक मजबूत होगा।

**वृश्चिक :** आप रिश्ते के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। आज आपको सब कुछ बहुत स्पष्ट दिखाई देगा। बिना भावनात्मक दबाव के आप यह समझ पाएंगे कि आगे आपको क्या चाहिए।

**धनु :** अपने रिश्ते को समय देना बहुत जरूरी है। काम और अन्य जिम्मेदारियां चाहे जितनी हों, अपने साथी के लिए थोड़ी संवेदनशीलता दिखाने से रिश्ते में गर्माहट लौट आएगी।

**मकर :** आज साथी के साथ बैठकर हाल की परेशानियों पर शांति से बात करने का अच्छा अवसर है। चाहे भावनात्मक मुद्दे हों या घरेलू जिम्मेदारियां, बातचीत से समाधान मिल सकता है।

**कुम्भ :** आज कुछ रोचक लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा। इनमें से किसी से खास जुड़ाव बनने की संभावना है। यदि पहले से रिश्ते में हैं तो साथ समय बिताने से पुरानी मधुरता वापस आएगी।

**मीन :** आज पुराने रिश्तों को नया मौका देने का सही समय है। कोई पुराना परिचित या साथी आपके जीवन में फिर से आ सकता है। क्षमा करके नई शुरुआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

# स्मार्ट सिटी में बदल रही अयोध्या




**लखनऊ :** अयोध्या को सूर्यनगरी की पुरानी पहचान दिलाने के उद्देश्य से आदर्श सौर ऊर्जा से लैस कर स्मार्ट सिटी में तब्दील किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक ''अयोध्या महायोजना 2031'' के तहत अयोध्या को सौर ऊर्जा आधारित नगरी बनाया जा रहा है। अयोध्या में सौर ऊर्जा समेत नवीकरणीय ऊर्जा का प्रयोग कर शहर को पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सूर्यनगरी की पुरानी पहचान लौटाने के लिए धार्मिक विरासत, आधुनिक प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा तथा सतत शहरी विकास का संगम अयोध्या को नए स्वरूप में आकार दे रहा है। बयान के मुताबिक, म्यूजियम ऑफ टेंपल, ग्रीनफील्ड टाउनशिप, सौर ऊर्जा शहर, डिजिटल वर्चुअल दर्शन, वैदिक वन और जलवायु-सुरक्षा आधारित योजनाओं ने अयोध्या को वैश्विक धार्मिक-पर्यटन, स्वास्थ्य-सुरक्षा और हरित विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक आधार दिया है। इसमें कहा गया है कि आध्यात्मिक शहर अयोध्या को हाईटेक सिटी बनाने का उद्देश्य व्यापक है। इससे विदेश से आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही शहरवासियों को भी सुविधा होगी। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के तहत अयोध्या को 'मॉडल सोलर सिटी' घोषित किया गया है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा सरयू नदी के किनारे दो गांवों में स्थापित 40 मेगावॉट क्षमता का यह संयंत्र 165 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर संचालित किया जा रहा है। यह संयंत्र शहर की अनुमानित 198 मेगावॉट विद्युत मांग का 25-30 प्रतिशत पूरा कर रहा है। बयान के मुताबिक अयोध्या को ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना के तहत विकसित किया जा रहा है। इसमें आधुनिकता और पर्यावरण दोनों को बराबर प्राथमिकता दी जा रही है। 'नव्य अयोध्या' योजना के तहत 550 एकड़ में विकसित हो रही हाईटेक टाउनशिप प्रदेश की सबसे उन्नत परियोजनाओं में से एक है।

## बिहार के नए मंत्रिमंडल में पदों को लेकर राजग सहयोगियों के बीच जोर-आजमाइश जारी

**पटना :** बिहार में नई सरकार के गठन से एक दिन पहले भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के बीच मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी को लेकर जोर-आजमाइश जारी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष नीतीश कुमार 20 नवंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री सहित राजग के कई शीर्ष नेता शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों ने बताया कि शाह बुधवार रात पटना पहुंच सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के पद को लेकर राजग सहयोगियों में सहमति बन गई है। भाजपा के प्रेम कुमार को अध्यक्ष बनाया जा सकता है, जबकि उपाध्यक्ष पद जदयू को मिलेगा। सूत्रों के मुताबिक, नये मंत्रिमंडल में राजग के मुख्य घटक- भाजपा और जदयू- से पांच से छह नये चेहरे शामिल होंगे। महनार से नवनिर्वाचित विधायक एवं जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के भी मंत्रिमंडल में शामिल होने की संभावना है। जहां जदयू नई सरकार में अपने वर्तमान मंत्रियों को बरकरार रख सकती है, वहीं भाजपा कुछ नये चेहरे ला सकती है। चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास), जीतन राम मांझी की 'हम' और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमा को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा। सूत्रों ने कहा, लोजपा (रामविलास) को नये मंत्रिमंडल में तीन पद मिलने की संभावना है, जबकि 'हम' और रालोमा को एक-एक पद दिया जा सकता है। 20 नवंबर को भाजपा से अधिकतम 16 मंत्री और जदयू से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित 14 मंत्री शपथ लेंगे। जदयू के जिन नेताओं के नए मंत्रिमंडल में शामिल होने की संभावना है, उनमें बिजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, सुनील कुमार, लेसी सिंह, शीला मंडल, मदन सहनी, रत्नेश सादा, मोहम्मद जामा खान, जयंत राज, उमेश सिंह कुशवाहा और अशोक चौधरी शामिल हैं।

### वाराणसी में छापेमारी के दौरान कोडिन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की 93 हजार शीशियां बरामद

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी के रोहनिया क्षेत्र में स्थित एक गोदाम में बुधवार को छापेमारी के दौरान लगभग दो करोड़ रुपये मूल्य के कोडिन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की 93 हजार शीशियां बरामद की हैं। पुलिस उपायुक्त (वरुणा जोन) प्रमोद कुमार ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भदवर इलाके में छापेमारी के दौरान यह बरामदगी की। इस सिरप का इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है। कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गोदाम के मलिक महेश सिंह को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई हैं। इसके अलावा औषधि विभाग और एएनटीएफ की टीम को भी बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद उत्पाद में दो ब्रांड के कफ सिरप की बोतले हैं और दोनों ब्रांड में कोडिन की मात्रा है। कुमार ने बताया कि बरामद किए गए कफ सिरप की खेप गाजिबाद से चंदौली ले जाई जानी थी।

## बिहार चुनाव नहीं लड़ना मेरी गलती समझी जा सकती है: प्रशांत किशोर



**पटना :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का उनका निर्णय गलती माना जा सकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि उनकी पार्टी को चार प्रतिशत से कम वोट मिलेंगे। हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में जन सुराज पार्टी एक भी सीट जीतने में नाकाम रही। एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में किशोर ने कहा, चुनाव नहीं लड़ने का मेरा फैसला गलती माना जा सकता है। संतोषजनक परिणाम पाने के लिए हमें अभी बहुत काम करना है। मुझे कभी उम्मीद नहीं थी कि हमारी पार्टी को चार प्रतिशत से कम वोट मिलेंगे। पूर्व चुनावी रणनीतिकार ने यह भी कहा कि बिहार में जीत हासिल करने की उनकी कोशिश जारी रहेगी। उन्होंने कहा, बिहार जीते बिना मैं पीछे नहीं हटूंगा। इसमें कितना समय लगेगा, मैं नहीं जानता। किशोर ने मंगलवार को यह भी दावा किया था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को सिर्फ 25 सीटों पर सीमित रहना पड़ता, यदि उनकी सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हर विधानसभा क्षेत्र में 60,000 से अधिक लाभार्थियों को 10,000 रुपये नहीं दिए होते और पूरे राज्य की 1.5 करोड़ महिलाओं को स्व-रोजगार योजना के तहत दो लाख रुपये देने का वादा नहीं किया होता। किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने जनता के पैसों से 40,000 करोड़ रुपये की घोषणाएं कीं और चुनाव से ठीक पहले बड़ी राशि बांटी गई।

## शराब तस्करों से सांठगांठ के आरोप में चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले के रेवती क्षेत्र में शराब तस्करों और पुलिस कर्मियों के बीच सांठगांठ जाहिर करती कथित 'व्हाट्सऐप चैट' का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस चौकी प्रभारी सहित चार पुलिस कर्मियों को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि मंगलवार रात सोशल मीडिया पर कुछ 'स्क्रीनशॉट' और वीडियो वायरल हुए थे और इसे लेकर आरोप लगाया गया था कि रेवती थाना क्षेत्र के गोपाल नगर चौकी के प्रभारी शराब तस्करों से मिलीभगत करके उनसे रिश्वत मांग रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी को मामले को प्रारंभिक जांच के लिए मंगलवार रात सौंपा गया और उनकी रिपोर्ट बुधवार को प्राप्त हुई है। ओमवीर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रथम दृष्टया प्रसारित चीजों में सत्यता प्रतीत हो रही है और इसको देखते हुए चौकी प्रभारी शुभेंद्र सिंह और आरक्षी अफसर अली, विकास कन्नौजिया और पवन वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण में थाना प्रभारी की भूमिका की जांच अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी क्षेत्र) कृपा शंकर करेंगे।

## नाबालिग लड़की से बलात्कार और हत्या के दोषी व्यक्ति को मौत की सजा



**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक संदीप कुमार जायसवाल ने बताया कि इरशाद को आठ साल की बच्ची के अपहरण, बलात्कार और उसकी हत्या का दोषी पाया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष पॉक्सो (यौन अपराधों से बाल संरक्षण) अदालत के न्यायाधीश विनोद कुमार ने मंगलवार को यह सजा सुनाई। जायसवाल ने बताया कि 24 दिसंबर, 2024 को रामनगर थाना क्षेत्र में कुछ सामान लेने निकली एक लड़की का अपहरण कर लिया गया था। अगले दिन बहादुरपुर के एक प्राथमिक विद्यालय परिसर में उसका शव मिला था।

### प्रवासी राजस्थानियों के लिए नया विभाग बनाएगी राजस्थान सरकार

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने वैश्विक 'ब्रांड राजस्थान' को प्रोत्साहित करने के लिए नया विभाग बनाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। इसके साथ ही बैठक में राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी का अनुमोदन करने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 'राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। उन्होंने कहा कि यह विभाग प्रवासी राजस्थानियों और राज्य सरकार के बीच संवाद और सहयोग के लिए सशक्त मंच उपलब्ध करवाएगा, जिससे प्रवासियों का अपनी मातृभूमि से जुड़ाव और मजबूत होगा। राठौड़ ने कहा कि यह विभाग विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वैश्विक स्तर पर ब्रांड राजस्थान को प्रोत्साहित करने का काम भी करेगा। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री यह विभाग बनाने की घोषणा की थी।

## रामपुर जेल में ही रहेंगे आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला



**रामपुर (उप्र) :** रामपुर की विशेष सांसद /विधायक अदालत ने बुधवार को निर्देश दिया कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को रामपुर जिला जेल में ही रखा जाए और बिना पूर्व अनुमति के उन्हें किसी अन्य जेल में स्थानांतरित न किया जाए। न्यायाधीश शोभित बंसल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रामपुर जेल अधीक्षक को आदेश दिया कि आजम के खिलाफ लंबित कई मामलों की सुनवाई रामपुर में ही हो रही है इसलिए दोनों को रामपुर जिला जेल में ही रखा जाए और बिना अदालत की अनुमति के उनको रामपुर से बाहर दूसरे जिले की जेल में स्थानांतरित नहीं किया जाए। साथ ही अदालत ने यह भी निर्देशित किया कि आजम खान को 'सुपीरियर क्लास जेल' उपलब्ध कराई जाए और उनके स्वास्थ्य को देखते हुए समुचित मेडिकल सुविधा भी मुहैया कराई जाए। अदालत का आदेश आजम खान के लिए राहत भरा माना जा रहा है। इससे पहले सबसे ज्यादा मामलों में अभियुक्त बनाए गए आजम खान सीतापुर जेल में जबकि कई अन्य मामलों में आरोपी उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम हरदोई जेल में बंद थे। आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला को अलग अलग जन्म तिथि के दो पैन कार्ड बनवाने के मामले में विगत सोमवार को सात-सात साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद आजम ने रामपुर जिला जेल में ही रखे जाने की मांग करते हुए एक आवेदन दाखिल किया था। उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य और अपने खिलाफ 100 से ज्यादा मामलों का हवाला दिया था। साथ ही अपने बेटे के खिलाफ लगभग 45 मामलों का भी हवाला दिया था, जिनमें से ज़्यादातर की सुनवाई रामपुर में हो रही है।

### एसआईआर ड्यूटी में तैनात बीएलओ की दिल का दौरा पड़ने से मौत, परिवार ने काम के दबाव का आरोप लगाया

**जयपुर :** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में लगे बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) की बुधवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि बीएलओ को तहसीलदार का फोन आया था जिसके कुछ मिनट बाद ही उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। परिवार के अनुसार, सेवती खुर्द सरकारी स्कूल में कार्यरत और वर्तमान में बीएलओ के रूप में तैनात तृतीय श्रेणी शिक्षक हरिराम उर्फ हरिओम बैरवा (34), तहसीलदार का फोन आने के बाद अचानक बेहोश हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि अधिकारी एसआईआर ड्यूटी को लेकर उन पर अत्यधिक दबाव डाल रहे थे जिसके कारण बैरवा पिछले छह दिनों से काफी तनाव में थे। उन्होंने दावा किया कि लगातार काम के बोझ के कारण वे घर पर भी कम बात कर पा रहे थे और इस वजह से उन्हें दिल का दौरा पड़ा।

### नौवीं के छात्र ने आत्महत्या की, शिक्षकों पर प्रताड़ित करने का आरोप

**जयपुर :** राजस्थान के करौली जिले में शिक्षकों की पिटाई और प्रताड़ना के कारण नौवीं कक्षा के एक छात्र ने कथित रूप से खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उसने यह कदम दो शिक्षकों और स्कूल संचालक द्वारा कथित तौर पर मारपीट और उत्पीड़न के बाद उठाया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना गुढ़ाचंद्रजी क्षेत्र के धांगड़ का पुरा गांव में हुई। छात्र अंकित गुर्जर (14) गुढ़ाचंद्रजी के कमला भारतीय शिक्षण संस्थान (केबीएसएस) में नौवीं कक्षा का छात्र था। टोडाभीम के पुलिस उपाधीक्षक मुरारीलाल मीणा के मुताबिक, अंकित के पिता मदन सिंह ने नादौती थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि मंगलवार सुबह स्कूल में दो शिक्षकों और स्कूल संचालक ने उनके बेटे के साथ मारपीट की और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। परिवार के अनुसार कथित घटना के बाद से छात्र बहुत परेशान था और उसी दिन, अंकित ने कथित तौर पर 'सुसाइड नोट' लिखा, जिसमें उसने दो शिक्षकों-बाबूलाल बैरवा और शहंशाह शेख और स्कूल संचालक पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और उन्हें सजा दिलवाने की मांग की।

## बिहार विस नतीजों पर बोलीं मायावती-सरकारें वोटरों को प्रभावित करने के लिए कर रहीं सरकारी धन का उपयोग

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों पर बुधवार को आश्चर्य व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि सरकारें अब मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल कर रही हैं। बसपा द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रदेश में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सतर्क रहने का भी आग्रह किया। मायावती ने कहा, बिहार विधानसभा चुनाव के आश्चर्यजनक परिणामों से सबक लेने की ज़रूरत है। पहले, सत्तारूढ़ दल चुनावों को प्रभावित करने के लिए धनबल का इस्तेमाल करते थे, लेकिन अब सरकारें जनता के धन के ज़रिए जनमत को प्रभावित कर रही हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3270

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | ■ | 9 | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | | | ■ | |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | 17 | 18 | | ■ | ■ | 19 | | 20 | ■ |
| ■ | 21 | | ■ | 22 | | | ■ | 23 | 24 |
| 25 | | | | | ■ | 26 | | ■ | |
| | ■ | ■ | ■ | 27 | | | ■ | ■ | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक भाषा, 2) प्रमाणित, 3) अत्याचारी, 4) इज़्ज़त से, 5) अवसरवादी, 6) धागे से कपड़ा बनाना, 7) एक जैसे स्वभाव का, 12) फाँक, 15) असह्य; नापसंद, 18) निरा; केवल 19) प्रायः, 20) एक बिहारी पुण्यक्षेत्र, 22) विनय; सम्मान, 24) पीठीवाली पूरी, 25) परवाह; गहरा दुःख. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) छः पैरोंवाला एक परदार कीड़ा, 2) क्रम, 4) सज्जा; धंधी, 6) एक धर्मसंस्थापक 7) मनोघात, 8) गुज़ारना *(जीवन)*, 9) पूँछ, 10) ठोंकना, 11) एक इंद्रिय, 13) कठिन, 14) निषिद्ध, 16) आमादा, 17) कँडा, 19) भिन्न, 21) एक प्रशंसासूचक शब्द, 22) छौना.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | स | र | ■ | नि | प | टा | रा | ■ |
| त | ■ | वा | द | वि | वा | द | ■ | ज | मा |
| त | मि | ल | ■ | भा | ला | ■ | अ | ■ | यू |
| ■ | ■ | ज | ■ | क | ■ | पू | र्वा | भा | स |
| ■ | ब | वा | सी | र | ■ | ■ | ची | ल | ■ |
| ब | क | ब | क | ■ | बे | स | न | ■ | अ |
| ज | रा | ■ | र | वि | वा | र | ■ | भू | ल |
| रं | ■ | खे | ■ | व | ■ | ल | घु | त | म |
| ग | र | मा | ग | र | मी | ■ | न्ना | ■ | स्त |

## सुडोकू-पहेली-3227

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 2 | | 7 | | 6 | 3 | |
| | | | | | | | 2 | 8 |
| | | | 9 | 5 | | | | |
| | 8 | 6 | | | | 2 | | |
| | 2 | | 6 | | | 7 | 5 | |
| | | | | | | 4 | 7 | 6 |
| | 7 | | | 4 | 5 | | | |
| | | 8 | | | 9 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3226 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 1 | 8 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 5 |

# एसआईआर की प्रक्रिया के बीच भारत-बांग्लादेश सीमा पर अवैध पार करने वालों की संख्या बढ़ी : बीएसएफ अधिकारी



**कोलकाता :** दक्षिण बंगाल में भारत–बांग्लादेश सीमा पर अवैध तरीके से पार करने की कोशिश करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या हाल के सप्ताहों में तेजी से बढ़ी है। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बढ़ोतरी को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जोड़ा है।

बीएसएफ के अनुसार, उत्तरी 24 परगना और मालदा जिलों के बिना बाड़ वाले हिस्सों से घर लौटने की कोशिश कर रहे बिना दस्तावेज वाले बांग्लादेशियों की संख्या पिछले दो वर्षों की तुलना में काफी अधिक है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले ऐसे मामले मुश्किल से दोहरे अंक तक पहुंचते थे, लेकिन अब यह संख्या प्रतिदिन तीन अंकों में है– कभी 100, 150 या इससे भी अधिक।

सीमा चौकियों पर तैनात जवानों ने बताया कि छोटे बैग लिए, कतार में खड़े लोग खुलकर स्वीकार कर रहे हैं कि वे अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक हैं। खुलना की आयशा बीबी ने कहा कि गरीबी के कारण बिना दस्तावेज भारत आई थीं और अब वापस लौटना चाहती हैं। सतखिरा के अमीर मिर्जा, जो कोलकाता के बिराती में रह रहे थे, ने भी कहा कि उनके जैसे कई लोग अब घर लौटना चाहते हैं।

अचानक बढ़ी संख्या ने बीएसएफ और राज्य पुलिस पर दबाव बढ़ा दिया है, क्योंकि हर व्यक्ति का बायोमेट्रिक सत्यापन, पूछताछ और आपराधिक इतिहास की जांच करनी पड़ती है। अधिकारी ने कहा कि किसी को भी सामान्य मजदूर मानकर छोड़ा नहीं जा सकता–वे अपराधी, कट्टरपंथी या अन्य तत्व भी हो सकते हैं।

यदि किसी पर आपराधिक संदेह मिलता है तो राज्य पुलिस को सौंपा जाता है, अन्यथा उचित प्रक्रिया के तहत बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) से संपर्क किया जाता है। अधिकांश लोगों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं है, और एसआईआर या पुलिस सत्यापन में पकड़े जाने के डर से वे लौटने की कोशिश कर रहे हैं।

बीएसएफ अधिकारी ने कहा कि एसआईआर शुरू होते ही लौटने वालों की संख्या बढ़ गई है।

विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा, मैं पहले ही कह चुका था–एसआईआर शुरू होते ही घुसपैठिए देश छोड़ने लगेंगे।

## आरजी कर मामले को दिल्ली या कलकत्ता स्थानांतरित करने पर विचार किया जाएगा : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को संकेत दिया कि वह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर से बलात्कार और उसकी हत्या के मामले को दिल्ली या कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने पर विचार करेगा। शीर्ष अदालत ने 2024 में मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि इस मामले की सुनवाई अलग–अलग नहीं की जा सकती क्योंकि कलकत्ता उच्च न्यायालय में कई मामले लंबित हैं। सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने जूनियर और वरिष्ठ चिकित्सकों के एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व कर रही वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी से कलकत्ता उच्च न्यायालय में लंबित मामलों की एक तालिका प्रस्तुत करने को कहा। नंदी ने दलील दी कि प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को पुलिस द्वारा परेशान किया जा रहा है और उन्हें बार–बार पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। उन्होंने शीर्ष अदालत से चिकित्सकों को सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश देने का भी अनुरोध किया। उनकी दलीलों पर गौर करने के बाद शीर्ष अदालत ने कहा कि वह चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए 'व्यापक आदेश' पारित नहीं कर सकती, बल्कि अगली सुनवाई में इस मामले पर विचार करेगी। पीठ ने कहा, 'हम इतनी सारी समस्याओं से जूझ रहे हैं और इसका कोई अंत नहीं है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के लिए, विरोध प्रदर्शनों की निगरानी करना आसान है। कोलकाता में हो रहे विरोध प्रदर्शनों की निगरानी करना हमारे लिए क्या दिल्ली में बैठकर संभव है?' न्यायालय ने मौखिक टिप्पणी में कहा, 'हम चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए व्यापक आदेश कैसे पारित कर सकते हैं? पुलिस को आपको बुलाने का अधिकार है।' अब मामले की सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद होगी। शीर्ष अदालत ने 19 अगस्त 2024 को मामले की निगरानी अपने हाथ में ले ली थी।

## गणना फर्म अपलोड करते समय हुई गलती को सुधारने के लिए आयोग ने ऐप में एडिट का दिया विकल्प

### बीएलओ गलत जानकारियों को अब घर बैंठे भी कर सकेंगे सही

**कोलकाता :** बूथ लेवल अधिकारी(बीएलओ) मतादता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआइआर) के दौरान अपलोड की गई गलत जानकारी को सुधार सकेंगे। अब आयोग ने उनकी मांग को मानते हुए ऐप में एडिट का विकल्प दिया है। यह बीएलओ की मांग थी। आरोप थे कि सत्तारूढ़ दल के बीएलए के दबाव में बीएलओ को गलत जानकारी देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बीएलओ ने मुख्य चुनाव अधिकारी(सीईओ) से शिकायत की थी। बीएलओ ने स्वीकार किया कि कई मामलों में दबाव में गलत जानकारी अपलोड की गई है। अब उन्होंने पूरा मामला आयोग के ध्यान में लाया है। बीएलओ का दावा है कि आयोग ने उनकी बात सुनने के बाद ही एडिट का विकल्प दिया है। बीएलओ इसमें दी गई जानकारी को सही कर पाएंगे। यानी वे घर बैठे ही सही जानकारी अपलोड कर पाएंगे।

वोटकर्मी एक्यमंच के स्वपन मंडल ने कहा कि कुछ मामलों में अनजाने में गलतियां हो जाती हैं, यहां तक कि डेटा डालते समय भी गलतियां हो जाती हैं। हर कोई आनलाइन नहीं होता। आज मैंने देखा कि बीएलओ ऐप में एडिट का विकल्प दिया गया है। इसे रीवेरिफाई विकल्प कहते हैं। अगर कोई बीएलओ दबाव में गलत जानकारी अपलोड करता है, तो वह बाद में उसे ठीक कर सकता है। क्योंकि कई मामलों में, सत्तधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं के दबाव में बीएलओ को गलत जानकारी अपलोड करने के लिए मजबूर किया जाता है। वे मतदाताओं को जीवित दिखाने की कोशिश कर रहे थे, इसलिए उन पर दबाव काफी कम हो जाएगा।

फार्म डिजिटलीकरण के बाद अगर कोई गलती होती है, तो बीएलओ के माथे पर दंड की तलवार लटक रही है। आयोग पहले ही चेतावनी दे चुका है कि चूंकि हस्ताक्षर बचे रहते हैं, अगर कहीं कोई त्रुटि हुई तो जिम्मेदारी बीएलओ की होगी। ऐसे में, राज्य के विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी भविष्यवाणी कर रहे हैं कि अगर ऐसी कोई घटना हुई तो जेल जाना तय है। उन्होंने बिहार के लिए एक मिसाल भी पेश की है।

## पश्चिम बंगाल में भारी नकदी बरामदगी के तार वित्तीय घोटालों से जोड़ने में जुटी ईडी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में हाल ही में बरामद पांच करोड़ रुपये की नकदी के संभावित संबंधों को राज्य के वित्तीय घोटाला मामलों से जोड़ने के प्रयास में ईडी जुट गई है। विशेष कार्य बल द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों की पृष्ठभूमि की विस्तृत जांच की जा रही है। केंद्रीय एजेंसी यह पता लगा रही है कि क्या दोनों का राज्य में चल रहे किसी भी वित्तीय अनियमितता प्रकरण के आरोपितों से कोई संबंध रहा है।

राज्य में ईडी फिलहाल तीन प्रमुख मामलों की जांच कर रही है जिनमें नगरपालिका भर्ती घोटाला, अवैध बालू खनन और बार कम रेस्तरां की आड़ में चल रहे मानव तस्करी से जुड़े मामले शामिल हैं। इन मामलों में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े कई प्रभावशाली लोगों पर भी ईडी की नजर है।

सोमवार को न्यूटाउन के आकांक्षा क्रॉसिंग के निकट एक कार से पांच करोड़ रुपये की नकदी बरामद होने के बाद दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें वाहन का मालिक भी शामिल है। चुनाव से पहले इतनी बड़ी रकम बरामद होना और राज्य में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के बीच यह घटना सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा रही है।

अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग पहले ही केंद्रीय और राज्य एजेंसियों को अवैध नकदी के आवागमन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दे चुका है। आयोग ने संवेदनशील परिस्थिति में सभी एजेंसियों को समन्वय बढ़ाने की सलाह भी दी है।

पिछले सप्ताह ईडी ने तारातला क्षेत्र में एक व्यापारी के आवास से भी बड़ी रकम बरामद की थी। इस महीने की शुरुआत में एजेंसी ने कोलकाता के 10 स्थानों पर छापेमारी की थी जिनमें सॉल्ट लेक और बेनियापुकुर क्षेत्रों के ठिकाने शामिल थे। तारातला स्थित व्यापारी के आवास पर हालिया तलाशी नगरपालिका भर्ती घोटाले से जुड़े पहलुओं की जांच के सिलसिले में की गई थी।

## बंगाल में कमजोर पड़ रही ठंड, तापमान बढ़ने के आसार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में पिछले कुछ दिनों से महसूस हो रही हल्की ठंड अब फिलहाल कम होने वाली है। पूर्वी हवाओं की सक्रियता और उत्तर भारत में बन रहे पश्चिमी विक्षोभ के संयुक्त प्रभाव से राज्य में तापमान बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार दिन और रात, दोनों समय के तापमान में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे ठंड का असर अगले कुछ दिनों तक कमजोर बना रहेगा। दक्षिण बंगाल के मौसम पर पूर्वी हवाओं का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण हवा में नमी की मात्रा बढ़ेगी और न्यूनतम तापमान में उछाल दर्ज किया जा सकता है। दूसरी ओर, उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते 20 नवम्बर से उत्तर–पश्चिम दिशा से आने वाली ठंडी हवा की रफ्तार धीमी पड़ेगी। इसके परिणामस्वरूप बंगाल में तापमान में गिरावट की रफ्तार भी थम जाएगी। विभाग ने बताया है कि इस प्रणाली के प्रभाव से उत्तर बंगाल और सिक्किम के पहाड़ी इलाकों में अगले दो दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इसी बीच, सप्ताहांत तक बंगाल की खाड़ी में एक नए चक्रवातीय परिसंचरण के बनने की आशंका जतायी गयी है, जो आगे चलकर निम्नचाप में तब्दील हो सकता है। इसके प्रभाव से नवम्बर के अंतिम सप्ताह में दक्षिण बंगाल के तटीय जिलों में आसमान मेघाच्छादित रहेगा और हवा में नमी और बढ़ेगी। मौसम विभाग का कहना है कि इन परिस्थितियों के कारण नवंबर में सर्दी के जोर पकड़ने की संभावना बेहद कम हो गयी है। कोलकाता में तापमान में बढ़ोतरी पहले ही शुरू हो चुकी है। मंगलवार को महानगर का अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार तक न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है, जिससे ठंड का एहसास और कम हो जायेगा।

## प्रेसिडेंसी जेल में विचाराधीन कैदी का शव पेड़ से लटका मिला

### आत्महत्या हैं या कुछ और पुलिस कर रही हैं जांच

**कोलकाता :** महानगर के अलीपुर स्थित प्रेसिडेंसी जेल में एक विचाराधीन कैदी की रहस्यमय परिस्थिति में मौत होने का मामला सामने आया है। बुधवार को जेल परिसर में एक पेड़ से उसका शव लटक रहा था। उसने खुद फांसी लगाई है उससे मौत हुई है या कुछ और इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। मौत की क्या वजह, इसकी जांच की जा रही है।

जेल सूत्रों के अनुसार, मृतक कैदी का नाम संदीप दास है। 29 वर्षीय संदीप असल में झारखंड का रहने वाला है। उसे एक साल पहले गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ डकैती और आर्म्स एक्ट के तहत मामला चल रहा था। संदीप प्रेसिडेंसी जेल में विचाराधीन कैदी था।

बुधवार सुबह से जेल के अपने सेल में भी नहीं था। तलाशी के बाद, अन्य कैदियों ने पूर्वाह्न करीब 11 बजे जेल परिसर में एक पेड़ से संदीप का शरीर फंदे से लटका रहा था। जेल सुरक्षाकर्मियों को सूचित किया गया। बाद में जेल अधिकारियों ने हेस्टिंग्स थाने को सूचित किया। पुलिस आई और शव को एसएसकेएम अस्पताल भेज दिया।

जेल सूत्रों के अनुसार, संदीप पिछले कुछ दिनों से मानसिक अवसाद से जूझ रहा था। कारण स्पष्ट नहीं है। कई लोगों का मानना है कि संदीप ने इसी अवसाद के कारण आत्महत्या की होगी। हालांकि, पुलिस उसकी मौत की असली वजह जानने की कोशिश कर रही है।

## बीजेपी विधायक ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेताओं और रेत माफिया की साठगांठ की जांच के लिए ईडी से हस्तक्षेप की मांग की



**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी ने प्रवर्तन निदेशालय से पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस नेताओं और रेत तस्करी माफियाओं के बीच कथित गठजोड़ की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है। आसनसोल दक्षिण से बीजेपी विधायक अग्निमित्रा पॉल ने ईडी को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि आसनसोल नगर निगम के वार्ड संख्या 87 के पार्षद तरुण चक्रवर्ती दमरा घाट, दामोदर नदी से अवैध रेत खनन को बढ़ावा दे रहे हैं और इससे भारी धन उगाही कर रहे हैं।

फैशन डिजाइनर से राजनीति में आई अग्निमित्रा पॉल ने अपने पत्र में कई कथित रेत तस्करी गिरोहों का विवरण भी दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से दामोदर नदी का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है, कई स्थान खतरनाक बन गए हैं और नहाने के दौरान लोगों की जान जा रही है। पॉल के अनुसार, रेत से भरे ट्रकों और ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही से गांवों की सड़कें खराब हो रही हैं और वातावरण प्रदूषित हो रहा है, इसलिए इस मामले में तुरंत ईडी के हस्तक्षेप की जरूरत है।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब ईडी ने हाल ही में राज्य में रेत तस्करी मामले में व्यवसायी अरुण साराफ को गिरफ्तार किया था, जो पश्चिम बंगाल में इस तरह की पहली गिरफ्तारी थी। इसके बाद एजेंसी ने आसनसोल सहित कई स्थानों पर छापेमारी की थी और अवैध रेत खनन नेटवर्क की जांच तेज कर दी थी।

इस बार अग्निमित्रा पॉल ने सीधे तौर पर टीएमसी पार्षद तरुण चक्रवर्ती पर रेत तस्करी में संलिप्तता का आरोप लगाया है। हालांकि, चक्रवर्ती ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि दमरा घाट से रेत निकाले जाने की गतिविधि वर्षों से चली आ रही है और स्थानीय गरीब व बेरोजगार लोग साइकिल, रिक्शा या ट्रैक्टर के जरिए रेत ढोते हैं। उन्होंने दावा किया कि इस अवैध खनन के खिलाफ वे पहले ही कई संबंधित अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यपाल के खिलाफ थाने में दर्ज कराई शिकायत

- **अपमानजनक आरोपों को लेकर मंगलवार को राज्यपाल ने सांसद के खिलाफ दर्ज कराई थी प्राथमिकी**
- **कल्याण ने राज्यपाल पर राज्य सरकार के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणियों का लगाया आरोप**



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी और बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस के बीच टकराव बढ़ता ही जा रहा है। राजभवन परिसर में हथियार व गोला–बारूद इकट्ठा करने और गुंडों में बांटे जाने के आरोपों के बाद राजभवन द्वारा मंगलवार को बनर्जी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के अगले दिन तृणमूल सांसद ने बुधवार को राज्य के संवैधानिक प्रमुख यानी राज्यपाल बोस के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वरिष्ठ वकील बनर्जी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में बोस के खिलाफ पांच पन्ने का शिकायत पत्र जमा दिया है। इसमें उन्होंने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं– 61, 152, 192, 196 और 353 के तहत शिकायत दर्ज कराते हुए राज्यपाल बोस पर भाजपा के इशारे पर काम करने, राज्य सरकार के खिलाफ लगातार भड़काऊ टिप्पणियां करने व लोगों को उकसाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। तृणमूल सांसद ने पुलिस से शिकायत दर्ज कर आरोपों की जांच शुरू करने और बोस के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है।

हालांकि शिकायत पत्र में सीवी आनंद बोस का नाम, पता और पिता का नाम तो लिखा गया है, लेकिन राज्यपाल पद का उल्लेख नहीं किया गया है। शिकायत सीवी आनंद बोस नाम के व्यक्ति के नाम पर दर्ज कराई गई है। दरअसल, राष्ट्रपति व राज्यपाल को संवैधानिक सुरक्षा कवच प्राप्त है और पद पर रहते उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं हो सकता, इसलिए माना जा रहा है कि तृणमूल सांसद ने शिकायत पत्र में उनके पद का उल्लेख नहीं किया है। शिकायत पत्र में कई वीडियो के लिंक और बोस ने अलग–अलग समय पर राज्य सरकार के खिलाफ मीडिया में जो कुछ कहा, उसका उल्लेख किया गया है।

मालूम हो कि इससे पहले राज्यपाल के निर्देश पर राजभवन के अधिकारियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर बनर्जी के खिलाफ हेयर स्ट्रीट थाने में विभिन्न गैर जमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके 24 घंटे के भीतर बनर्जी ने बोस के खिलाफ जवाबी शिकायत दर्ज कराई है।

शुभेंदु ने तृणमूल सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

दूसरी ओर, इस मुद्दे पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्यपाल ने राजभवन की गरिमा की रक्षा के लिए विशिष्ट धाराओं के तहत कल्याण बनर्जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बनर्जी के खिलाफ जांच के लिए एसआइटी के गठन की मांग करते हुए कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है, तो मैं केंद्रीय एजेंसी से शिकायत करूंगा।

## राज्यपाल ने रवींद्रनाथ टैगोर के जन्मदिन को राष्ट्रीय कला दिवस घोषित करने की मांग की

**कोलकाता :** बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर के जन्म दिवस के दिन सात मई को राष्ट्रीय कला दिवस घोषित करने की केंद्र सरकार से मांग की है। बंगाल में टैगोर का जन्म दिवस हर साल गरिमा के साथ मनाया जाता है। न केवल शांतिनिकेतन, बल्कि राज्य सरकार भी इस दिन को उत्सव के माहौल में मनाती है। इस बार, राज्यपाल ने विश्व कवि के जन्मदिन को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक गरिमा के साथ मनाने की सिफारिश की है। राज्यपाल ने कहा कि यह दिन राष्ट्रीय स्तर पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए समर्पित होना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, राजभवन द्वारा केंद्र सरकार को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि यदि सात मई को राष्ट्रीय कला दिवस घोषित किया जाता है, तो कवि रवींद्रनाथ टैगोर के जन्मदिन को उचित सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

## न्यूटाउन में पॉश होटल के पास भीषण आग से हड़कंप

**कोलकाता :** उत्तर चौबीस परगना के न्यूटाउन क्षेत्र में बुधवार को कामकाजी दिन के बीच एक पॉश होटल के पास भीषण आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। अचानक उठी लपटों ने आसपास के लोगों को भयभीत कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, होटल के निकट स्थित एक खाली जमीन पर आग भड़की। यह जमीन एक निजी संस्था के अधिकार क्षेत्र में आती है। बुधवार दोपहर के समय वहां लोहे काटने का काम चल रहा था। प्राथमिक अनुमान है कि इसी दौरान किसी तरह निकली चिंगारी नजदीकी सूखी झाड़ियों और घास–फूस में फैल गई, जिससे आग तेजी से भड़क उठी। आसपास मौजूद घना झाड़–झंखाड़ और सूखे पेड़–पौधे आग फैलने की वजह बने। साथ ही, स्थल पर बड़ी मात्रा में थर्मोकोल सामग्री और अन्य दाहक वस्तुएं रखी हुई थीं, जिनके कारण आग की तीव्रता कई गुना बढ़ गई। सूचना पाकर दमकल की अनेक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल इस हादसे में कोई हताहत होने की खबर नहीं मिली है। प्रशासन आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच कर रहा है।

**TENDER NOTICE**

City College of Commerce and Business Administration invites e-Tender for Renovation and Refurbishing of Principal's Room (Tender ID : 2005_DHE_94996_1). Bid submission End Date - 30/11/2025 upto 04:00PM. Bid Opening Date - 01/12/2025 after 5:00PM. For details refer to https://wbtenders.gov.in

Principal

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/713, दिनांक 18.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3504, कार्य का नाम :** "एईएन/बोलपुर के अधिकार क्षेत्र में बोलपुर में सैंड हम्प सह रिटेनिंग वॉल का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 10,41,717/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 20,800/–**पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 10.12.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-405/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/712, दिनांक 18.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3508, कार्य का नाम :** हावड़ा ऑर्थोपेडिक अस्पताल के इनडोर ब्लॉक और इमरजेंसी ब्लॉक में दो पैसेंजर-सह–बेड लिफ्ट (प्रस्तुतकारक –"थाइस्सेनक्रुप एलिवेटर) का 60 महीने के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य :** रु. 21,66,055/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 43,300/– **पूर्णता अवधि:** 60 माह। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 10.12.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-404/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**जालालखाली हाल्ट स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थायी अतिरिक्त ठहराव जारी रहेगा**

जालालखाली हाल्ट स्टेशन के आसपास के अंचलों के यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित ट्रेनें दिनांक 21.11.2025 से अगले आदेश तक प्रायोगिक आधार पर सियालदह–कृष्णनगर सिटी जंक्शन शाखा में जालालखाली हाल्ट स्टेशन पर अस्थायी अतिरिक्त ठहराव प्रदान करना जारी रखेंगी: • 31837 और 31843 सियालदह–कृष्णनगर सिटी जंक्शन लोकल • 31816 और 31820 कृष्णनगर सिटी जंक्शन–सियालदह लोकल।

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**डिब्रूगढ़ – कोलकाता – डिब्रूगढ़ स्पेशल ट्रेन दो और ट्रिप के लिए चलाई जाएगी**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 05932/05931 **डिब्रूगढ़ – कोलकाता – डिब्रूगढ़ स्पेशल** ट्रेन का आवागमन उनके मौजूदा चलने के दिनों, ठहरावों, समयसूची और संशोधित गठन के अनुसार नीचे उल्लिखित तिथियों को 02 और ट्रिप के लिए जारी रहेगा:

- **आवागमन की बढ़ाई गई तिथियाँ:** 05932 **डिब्रूगढ़ – कोलकाता स्पेशल:** दिनांक 22.11 और 29.11.2025 (शनिवार) को और 05931 **कोलकाता – डिब्रूगढ़ स्पेशल:** दिनांक 24.11 और 01.12.2025 (सोमवार) को।
- **संशोधित गठन:** एसी 2–टियर – 02, एसी 3–टियर – 06, शयनयान श्रेणी – 08, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस) – 04, एलएसएलआरडी– 01 और पावर कार – 01 = 22 कोच। अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**खड़गपुर मंडल में माइनर यूनिट अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या : केजीपी/सीएटीजी/2025 दिनांक: 18.11.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे केटरिंग यूनिट अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: • खड़गपुर मंडल के झाड़ग्राम (1 अदद), कांथी (1 अदद), चाकुलिया (1 अदद), मार्कोना (2 अदद), रूपसा (1 अदद), हल्दीपदा (1 अदद), खंतापड़ा (2 अदद), बेतनटी (1 अदद), देशप्राण (2 अदद), धलभूमगढ़ (1 अदद), बहानगा बाजार (2 अदद), कोकपाड़ा (1 अदद), गिधनी (1 अदद), रामनगर बंगाल (2 अदद), गालूडीह (1 अदद), नंदकुमार (2 अदद), घाटशिला (2 अदद), नारायणगढ़ (1 अदद), बखराबाद (1 अदद), राखा माइंस (1 अदद), बस्ता (1 अदद), अमरदा रोड (1 अदद), बारीपदा (1 अदद), जलेश्वर (2 अदद) और सोरो (1 अदद) रेलवे स्टेशन पर 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए केटरिंग यूनिट के प्रावधान के लिए ई-निविदा कैटेलॉग। **कैटेलॉग संख्या: सीएटीजी-केजीपी-25-19। नीलामी की तारीख:** 04.12.2025। **नीलामी शुरू/बंद होने का समय:** क्रमशः सुबह 11.00 बजे एवं अपराह्न 4.50 बजे। • खड़गपुर मंडल के ठाकुरटोटा (1 अदद), राजालुका (1 अदद), कुचाई (1 अदद), जुगपुरा (1 अदद), बुरामारा (1 अदद), रूपसा (1 अदद), जामसोल (1 अदद), बादलपुर (1 अदद), कृष्णचंद्रपुर (1 अदद), टिकरा (1 अदद), कनीमहुली (1 अदद), शहीद मातंगिनी (1 अदद), दांतन (1 अदद), नेकुरसेनी (1 अदद), आशापूर्णा देवी (1 अदद), जलेश्वर (1 अदद), खटकुरा (1 अदद), रानीताल (2 अदद), हेनरिया (1 अदद), भंजपुर (1 अदद), सीतलपुर बंगाल (1 अदद), जोगल (1 अदद), लक्षणनाथ रोड (1 अदद), बंदर (1 अदद), बंगरीपोसी (1 अदद), लवण सत्याग्रह स्मारक (1 अदद), नाचिंदा (1 अदद), बेनापुर (1 अदद), सतीष सामंता (1 अदद), सुजालपुर (1 अदद), डूंया (1 अदद) और नुआगां मयूरभंज रोड (1 अदद) रेलवे स्टेशन पर 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए केटरिंग यूनिट के प्रावधान के लिए ई-निविदा कैटेलॉग। **कैटेलॉग संख्या: सीएटीजी-केजीपी-25-20। नीलामी की तारीख:** 05.12.2025। **नीलामी शुरू/बंद होने का समय:** क्रमशः सुबह 11.00 बजे एवं अपराह्न 4.50 बजे। जिन्हें वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर अधिसूचित किया गया है। एजेंसी/खानपान ठेकेदार इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के बारे में विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-853) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**हावड़ा मंडल के तहत क्षेतिया हॉल्ट स्टेशन के लिए हॉल्ट ठेकेदार का चयन**

सं.: सीओएम/डीईवी/हॉल्ट/केएसएचटी/2025 दिनांक: 18.11.2025

हावड़ा मंडल के तहत **क्षेतिया हॉल्ट** स्टेशन में निर्धारित कमिशन के आधार पर मोबाइल यूटीएस के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की बिक्री के लिए पांच वर्षों की अवधि हेतु सम्पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर हॉल्ट ठेकेदार के चयन के लिए पात्र व्यक्तियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: **स्थान:** पश्चिम बंगाल राज्य के पूर्व बर्द्धमान जिले के अंतर्गत बर्द्धमान-कटवा लाइन में कामनारा तथा चामारदिघी स्टेशनों के बीच। **पात्रता के मानदंड:** (1) आवेदक को उस जिले का स्थानीय निवासी होना चाहिए, जहां क्षेतिया स्टेशन अवस्थित हैं यानी पश्चिम बंगाल राज्य में पूर्व बर्द्धमान। इसके लिए, आवेदक को जिस जिले में हॉल्ट स्टेशन अवस्थित है उस जिले के डीएम/एडीएम/एसडीओ/बीडीओ से स्थानीय आवासिक प्रमाणपत्र अथवा राजपत्रित अधिकारी द्वारा भलीभांति सत्यापित चुनाव पहचान पत्र की प्रतिलिपि जमा करनी होगी। आवेदन के साथ स्थानीय निवासी होने के दस्तावेज जमा किए जाने चाहिए। (2) आवेदक की उम्र दिनांक 01.11.2025 को 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदक को कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण किया होना चाहिए तथा स्टेशनों के नाम तथा टिकटों के मूल्य पढ़ने लायक अंग्रेजी का साधारण कार्यकारी ज्ञान होना चाहिए। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र तथा उम्र के साक्ष्य के दस्तावेज की राजपत्रित अधिकारी द्वारा भलीभांति सत्यापित प्रतिलिपि जमा करनी होगी। (3) आवेदक को पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाणपत्र जमा करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होना चाहिए कि वह सक्रिय रूप से सेवा प्रदान करने के लिए शारीरिक रूप से तंदुरुस्त हैं तथा किसी भी तरह की संक्रामक बीमारी से मुक्त हैं। (4) चयन के उपरांत, उम्मीदवार को पुलिस जांच रिपोर्ट तथा जमानत जमा के रूप में रु. 2,000/- की रकम जमा करनी होगी। (5) हॉल्ट ठेकेदार को रेलवे द्वारा समय-समय पर किए गए निर्णय के अनुसार बैंक गारंटी/फिक्स्ड डिपॉजिट/मनी रिसिप्ट/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ब्लूटूथ सक्षम थर्मल प्रिंटर (मोबाइल/डेस्कटॉप) के लिए और एक जमानत जमा की रकम का भुगतान करना होगा। (6) इसके अलावा, हॉल्ट ठेकेदार को उनको जारी किए गए टिकट रोल के लिए एमआर/डीडी/एफडी/बीजी के रूप में रु. 25,000/- की अप्रतिदेय जमानत जमा करना होगा। **भुगतेय कमिशन :** भुगतेय कमिशन का निम्नानुसार होंगे : **बिक्री कारोबार (रु.) : भुगतेय कमिशन:** रु. 1-15,000: 15%, रु. 15,001-50,000 : 12%, रु. 50,001-1,00,000: 9%, रु. 1,00,001-2,00,000: 6%, तथा रु. 2,00,001 तथा अधिक: 3%। **आवेदन के लिए प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तों की उपलब्धता :** आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, वाणिज्य शाखा, पहली मंजिल, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, पिन-711101 के कार्यालय से दिनांक 19.11.2025 तथा 10.12.2025 के बीच किसी भी कार्यकारी दिवस को (सभी दिवसों को 11.00 बजे से 17.00 बजे तक, दिनांक 19.11.2025 एवं 10.12.2025 को छोड़कर। दिनांक 19.11.2025 को 12.00 बजे से 17.00 बजे तक तथा दिनांक 10.12.2025 को 11.00 बजे से 12.00 बजे तक) उपलब्ध रहेगी। आवेदन का प्रारूप तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। **आवेदन जमा :** दिनांक 19.11.2025 से 10.12.2025 तक (सभी दिवसों को 11.00 बजे से 17.00 बजे तक। दिनांक 19.11.2025 एवं 10.12.2025 को छोड़कर। दिनांक 19.11.2025 को 13.00 बजे से 17.00 बजे तक तथा दिनांक 10.12.2025 को 11.00 बजे से 13.00 बजे तक)। प्रारूप के अनुसार भलीभांति भरे हुए आवेदन के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित दस्तावेज की छाया प्रतिलिपियां मुहरबंद लिफाफे में संलग्न कर लिफाफे के आवरण पर "क्षेतिया हॉल्ट स्टेशन में हॉल्ट ठेकेदार हेतु आवेदन" लिख कर मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, वाणिज्य शाखा, पहली मंजिल, न्यू डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, पिन-711101 को संबोधित कर भेजना होगा। आवेदन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय में इस उद्देश्य के लिए रखी पेटी में डाले जाने चाहिए। **आवेदन खोले जाएंगे:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय में दिनांक 10.12.2025 को 14.00 बजे। अवकाश अथवा अन्य किसी भी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय के बंद रहने पर आवेदन अगले कार्यकारी दिवस को उसी समय एवं स्थान पर खोले जाएंगे। **आवेदन का सम्पूर्ण विवरण तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें** आधिकारिक वेबसाइट : **www.er.indianrailways. gov.in** पर तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें जा सकते हैं।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), हावड़ा

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आठ वर्षों बाद पश्चिम बंगाल में प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू

❑ **हाईकोर्ट की निगरानी में ऑनलाइन पोर्टल खोला गया**

**कोलकाता :** राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में प्राथमिक शिक्षकों की नई भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार को शुरू हो गई, जिससे आठ साल बाद पहली बार ऐसी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई है। यह पहल ऐसे समय में हुई है जब लगभग 32 हजार प्राथमिक शिक्षकों की पूर्व नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं को लेकर दायर याचिकाओं पर कलकत्ता



हाईकोर्ट की डिविजन बेंच अंतिम सुनवाई पूरी कर चुकी है और निर्णय कभी भी आ सकता है।

इस वर्ष सितम्बर में प्राथमिक शिक्षक भर्ती का अधिसूचना जारी की गई थी। पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने 13 हजार 421 रिक्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की है। बुधवार से टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी सरकारी अनुमोदित और सरकारी प्रायोजित प्राथमिक व जूनियर (बेसिक) स्कूलों में सहायक शिक्षक पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व, राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने मंगलवार रात सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि टीईटी योग्य अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल बुधवार से खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भर्ती अभियान मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्राथमिक शिक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शिक्षा मंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि योग्य अभ्यर्थी अब सहायक शिक्षक पद के लिए आवेदन कर सकेंगे और यह प्रक्रिया राज्य में प्राथमिक शिक्षा की नींव को और मजबूती प्रदान करेगी।

गौरतलब है कि पिछली बार प्राथमिक शिक्षक भर्ती वर्ष 2017 में हुई थी। लगभग आठ वर्षों बाद बोर्ड की ओर से नई अधिसूचना जारी की गई है। लंबे समय से नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थी भर्ती की मांग को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करते रहे हैं और पिछले गुरुवार को उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्थित प्राथमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय के सामने भी प्रदर्शन किया था।

## हाईकोर्ट का कड़ा रुख, एसएससी को सभी 'दागी' उम्मीदवारों को सूची से हटाने का निर्देश

**कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को स्कूल सेवा आयोग को सख्त निर्देश दिया कि कक्षा 11-12 शिक्षकों की चल रही भर्ती प्रक्रिया में कोई भी दागी या अयोग्य घोषित उम्मीदवार शामिल न होने पाए। अदालत ने कहा कि शीर्ष कोर्ट के आदेश के अनुसार एसएससी को ऐसे सभी उम्मीदवारों की विस्तृत सूची प्रकाशित करनी होगी और यदि इंटरव्यू सूची में किसी दागी का नाम है तो उसे तुरंत हटाया जाए।

न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने सुनवाई के दौरान कहा कि मौजूदा सूची में केवल नाम और रोल नंबर दिए गए हैं, जबकि पहचान स्पष्ट करने के लिए पिता का नाम, पता और अन्य विवरण अनिवार्य हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई मामलों में एक ही अभ्यर्थी के 2016 और 2025 में अलग-अलग रोल नंबर पाए गए हैं,



ऐसे में विस्तृत सूची का प्रकाशन और भी आवश्यक हो जाता है। मामले की अगली सुनवाई तीन दिसम्बर को होगी।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के कई निर्देशों के बावजूद एसएससी ने दागी उम्मीदवारों को इंटरव्यू सूची में शामिल किया है। चार ऐसे अभ्यर्थियों के नाम अदालत में रखे गए, जिनमें दो दिव्यांग भी हैं। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने स्पष्ट किया कि दिव्यांग अभ्यर्थियों को मिली रियायत केवल आयु सीमा से संबंधित है, न कि अयोग्यता से। उन्होंने कहा कि दागी उम्मीदवार किसी भी विशेष राहत के आधार पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते और आयोग को इस पर तत्काल निर्णय लेना होगा।

यह विवाद ऐसे समय सामने आया है जब एसएससी की नवीनतम इंटरव्यू सूची में लगभग 20 हजार नाम शामिल किए गए हैं, जबकि रिक्तियां 12 हजार 445 हैं। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि कई नए अभ्यर्थी, जिन्होंने लिखित परीक्षा में पूर्णांक प्राप्त किए, उन्हें इंटरव्यू के लिए नहीं बुलाया गया, जबकि कुछ उम्मीदवारों ने प्राथमिक स्कूलों में अनुभव का दावा कर अनुचित रूप से अतिरिक्त 10 अंक हासिल कर लिए।

## स्कूल भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली को हाईकोर्ट से जमानत

**कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के मामले में पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली को जमानत दे दी। अदालत में उनके वकीलों ने दलील दी कि गांगुली पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस प्रकरण में अन्य सभी आरोपितों को विभिन्न अदालतों से पहले ही जमानत मिल चुकी है।

न्यायमूर्ति तिर्थंकर घोष ने गांगुली की जमानत याचिका पर अभियुक्त पक्ष और सीबीआई दोनों की दलीलें सुनने के बाद जमानत मंजूर की। सीबीआई ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि मामले में गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है



और ऐसे समय में गांगुली की रिहाई उचित नहीं होगी। हालांकि कोर्ट ने सीबीआई के तर्कों को अधिक तरजीह नहीं दी।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी सहित सभी अन्य आरोपितों को राज्य सरकार द्वारा संचालित और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कथित अवैध भर्ती से जुड़े सीबीआई मामले में पहले ही जमानत मिल चुकी है। गांगुली को इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज एक अन्य मामले में भी हाईकोर्ट जमानत दे चुका है।

## इंदिरा विकास केंद्र का 34वां वार्षिक कार्यक्रम सेवा आयोजनों के साथ संपन्न

### रक्तदान, स्वास्थ्य जांच, शैक्षिक सहायता, कंबल, ट्राइसाइकिलों का किया वितरण

**कोलकाता :** इंदिरा विकास केंद्र का 34वां वार्षिक समारोह भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 108 जन्म दिवस समारोह के साथ बड़े ही भव्य रुप से मनाया गया। बड़ाबाजार के चीनी पट्टी और सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट के मोड़ पर इंदिरा जी की मूर्ति के सामने आयोजित हुए इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आलमबाजार मठ के श्री सुदर्शनजी महाराज व डब्ल्यू.बी.पी.सी.सी. के अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने मिलकर किया। रक्तदान शिविर, कंबल वितरण, स्वास्थ्य जांच के साथ मेद्यावी विद्यार्थियों को शैक्षिक सहायता, जरुरतमंदों को ट्राइसाइकिल वितरण किए जाने के साथ- साथ भजन संध्या, वृहद नारायण सेवा का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। विशिष्ट अतिथि के रुप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए पूर्व



सांसद अभिजीत मुखर्जी, वरिष्ठ पत्रकार विश्वम्भर नेवर, पूर्व विधायक संजय बख्शी, पार्षद मीना देवी पुरोहित, समाजसेवी रोहन मित्रा, तारक पॉल, ख्वाजा भाई, सौरव घोष, तंता भट्टाचार्य, बिप्रदास चक्रवर्ती, तपन दास, तपन अग्रवाल अभिजीत राहा, डोलन दास, अर्घ्य गॉन, तुषार अधिकारी, रघु नाथ अग्रवाल सहित सभी अन्य गणमान्य लोगों ने आयोजन की सरहाना करते हुए कहा कि समाज सेवा मूलक कार्यों के साथ प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी को याद किया जाना, उनके कृतित्व और व्यक्तित्व के प्रति आयोजकों की सच्ची श्रद्धा को प्रकट करता है। अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत जहां 5000 के करीब लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तो वहीं 1051 जरुरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किए गये। 50 लोगों ने रक्तदान किया तो 3 दिव्यांग जनों को ट्राइसाइकिलें उपहार के रुप में प्रदान की गई। संयोजक प्रभात तिवारी ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया। महासचिव राजू सक्सेना, उपाध्यक्ष निपुण कोठारी, संजय लुहारीवाल, सचिव सुनील माहेश्वरी, पुखराज जैन, सुदीप दत्ता ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यकारिणी सदस्य संजय जैन, उमेश दुबे, हितेन कश्यप, कमल सोनकर, डॉ.मुस्सरत, सुतापा मोल्ला, अजीत शाह, आलोक वर्मा सहित अन्य आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहे।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाबालिग से बलात्कार के आरोपी 80 वर्षीय बुजुर्ग को जमानत दी

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाबालिग से बलात्कार के 80 वर्षीय आरोपी की अधिक उम्र पर गौर करते हुए बुधवार को उन्हें सशर्त जमानत दे दी। अदालत ने आरोपी व्यक्ति की पांच महीने से ज्यादा की हिरासत का भी संज्ञान लिया, जिन्हें इस साल जून में पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के मुरुतिया पुलिस थाने में दर्ज मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने आरोपी की उम्र को देखते हुए उन्हें जमानत दे दी। आरोपी के लगभग 80 वर्षीय होने का हवाला देते हुए बचाव पक्ष के वकील ने दावा किया कि उनके मुवक्किल को मामले में झूठा फंसाया गया है। अदालत ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को 20,000 रुपये के मुचलके और 10,000 रुपये के दो जमानतदार (जिनमें से एक स्थानीय होना चाहिए) पेश करने पर जमानत पर रिहा किया जाएगा। न्यायमूर्ति घोष ने याचिकाकर्ता को निचली अदालत द्वारा तय की गई हर तारीख पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने और अदालत की पूर्व अनुमति के बिना नदिया जिले के अधिकार क्षेत्र से बाहर न जाने का भी निर्देश दिया। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत के समक्ष कहा कि अभियोजन पक्ष अपने मामले के समर्थन में 16 गवाहों से जिरह करना चाहता है और इसलिए निकट भविष्य में मुकदमे के पूरा होने की कोई गुंजाइश नहीं है।





कोलकाता पुलिस और पश्चिम बंगाल परिवहन विभाग की साझेदारी में 'सेफ ड्राइव सेव लाइफ हाफ मैराथन 2026' के लोगो का अनावरण, बॉडीगार्ड लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा, एडिशनल सीपी 3 कोलकाता संतोष पाण्डेय, जॉइन्ट सीपी क्राइम रुपेश कुमार व अन्य।

## अमेजन पे का 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स', होटलों पर 60% तक और फ्लाइट्स पर 20% तक की बचत

**कोलकाता, समाज्ञा**

अमेजन पे ने 'इम्पॉसिबल ट्रैवल डील्स' फेस्टिवल की घोषणा की है, जो 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक ग्राहकों को फ्लाइट और होटल बुकिंग पर बड़ी बचत प्रदान करेगा। इस तीन सप्ताह के फेस्टिवल में फ्लाइट्स पर 20% तक और होटलों पर 60% तक की छूट उपलब्ध है। दिल्ली-लंदन, चेन्नई-सिंगापुर और मुंबई-दुबई जैसे लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर आकर्षक लिमिटेड-टाइम ऑफर्स दिए जा रहे हैं, जबकि घरेलू रूट्स में दिल्ली, गोवा और बेंगलुरू के लिए किफायती किराये पेश किए गए हैं। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने वाले प्राइम मेंबर्स को फ्लाइट बुकिंग पर अतिरिक्त 5% और होटल बुकिंग पर 10% कैशबैक मिलेगा। फेस्टिवल की विशेष 8पीएम फ्लाइट डील्स 18 से 22 नवंबर तक रोज रात 8 बजे उपलब्ध होंगी, जिनमें वियतनाम, थाईलैंड, दुबई, सिंगापुर और इंडोनेशिया के लिए विशेष छूट शामिल है। अमेजन पे के सीईओ विकास बंसल ने कहा कि यह पहल ग्राहकों को किफायती यात्रा विकल्प और बेहतर डिजिटल पेमेंट अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## भारत में पहली बार सेल और जीन थेरेपी मैन्युफैक्चरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आधिकारिक रूप से शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिल्टेनी बायोटेक, बीआरआईसी-टीएचएसटीआई और बीआईआरएसी ने भारत में पहली बार सेल एवं जीन थेरेपी मैन्युफैक्चरिंग पर आधारित हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की है, जिसमें सीएआर-टी सेल थेरेपी पर खास जोर दिया गया है। यह पहल शुरुआती करियर के वैज्ञानिकों और चिकित्सकों को प्री-क्लीनिकल डेवलपमेंट से लेकर जीएमपी -अनुरूप मैन्युफैक्चरिंग और क्लीनिकल एप्लिकेशन तक व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से की गई है। सीएआर-टी सेल थेरेपी मैन्युफैक्चरिंग हैंड्स-ऑन वर्कशॉप एंड सिम्पोसिया शीर्षक यह कार्यक्रम 12-14 नवंबर 2025 तक टीएचएसटीआई, एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर में आयोजित होगा, जिसमें देशभर के शोधकर्ता और विशेषज्ञ भाग लेंगे। प्रतिभागियों को मिल्टेनी यूनिवर्सिटी के ऑनलाइन मॉड्यूल और टीएचएसटीआई की उन्नत सीजीटी सुविधा में व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। संस्था प्रमुखों के अनुसार यह सहयोग भारत में एडवांस्ड थेरेपी के स्थानीय विकास, क्षमता निर्माण और ट्रांसलेशनल रिसर्च को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ट्रैक मेंटेनेंस कार्य के कारण सियालदह-लालगोला पैसेंजर ट्रेन के समय में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में पलाशी-रेहिनगर खंड पर ट्रैक मेंटेनेंस कार्य के चलते ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार 20/21 नवंबर और 22/23 नवंबर 2025 की रातों में 23:45 बजे से 03:45 बजे तक कुल 240 मिनट का ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा, जिसके दौरान कई सेवाएं प्रभावित होंगी। इन परिस्थितियों में 53181 सियालदह-लालगोला पैसेंजर ट्रेन को पुनर्निर्धारित किया गया है। यह ट्रेन 21 और 23 नवंबर को अपने निर्धारित समय से 60 मिनट देरी से, यानी 00:30 बजे, सियालदह स्टेशन से रवाना होगी। साथ ही, उन तिथियों पर ट्रेन को कृष्णापुर स्टेशन पर शॉर्ट-टर्मिनेट किया जाएगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व अद्यतन समय-सारणी की जांच करें और आवश्यकतानुसार अपनी यात्रा योजनाओं में परिवर्तन करें ताकि असुविधा से बचा जा सके।

## नए वनप्लस 15 में मजबूत कैमरा सिस्टम और तेज प्रदर्शन के साथ आकर्षक डिजाइन शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्लोबल टेक ब्रांड वनप्लस ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन वनप्लस 15 भारतीय बाजार में लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि यह मॉडल बेजोड़ परफॉर्मेंस, प्रो-ग्रेड कैमरा और उन्नत एआई फीचर्स के साथ उपयोगकर्ताओं को नई गति और शक्ति प्रदान करेगा। वनप्लस इंडिया के सीईओ रॉबिन लियू ने कहा कि नया डिवाइस मोबाइल टेक्नोलॉजी की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए तेज़ और स्मूद अनुभव का नया मानक तय करता है। वनप्लस 15 में स्नैपड्रैगन 8 ईलाइट जेन 5 चिपसेट, ट्रिपल 50एमपी कैमरा सिस्टम और 7300एमएएच सिलिकॉन नैनोस्टैक बैटरी दी गई है। फोन ऑक्सीजन ओएस 16 पर आधारित है, जिसमें गूगल जेमिनी और वनप्लस एआई के कई स्मार्ट फीचर्स शामिल हैं। यह मॉडल तीन रंगों में उपलब्ध होगा। कीमतें 12+256जीबी वेरिएंट के लिए 72,999 रुपये और में 16+512जीबी के लिए 79,999 रुपये तय की गई हैं।

# बंगाल विधानसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल सीटों पर चुनाव लड़ेगी एआइएमआइएम

❑ **बिहार चुनाव में मुस्लिम बहुल पांच सीटों पर मिली जीत के बाद अब ओवैसी की बंगाल पर नजर**

❑ **मालदा और मुर्शिदाबाद में अपने संगठनात्मक आधार को मजबूत करना शुरू किया**

**कोलकाता :** हालिया बिहार विधानसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल पांच सीटों पर मिली जीत के बाद हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) की नजर अब बंगाल पर है। एआइएमआइएम ने अगले कुछ महीनों बाद 2026 में बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है।

एआइएमआइएम ने बांग्लादेश की सीमा से लगे बंगाल के दो प्रमुख अल्पसंख्यक बहुल जिलों मालदा और मुर्शिदाबाद में अपने संगठनात्मक आधार को मजबूत करना शुरू कर दिया है। पार्टी का इन दोनों जिलों पर विशेष ध्यान है। एआइएमआइएम की बंगाल इकाई ने प्रचार शुरू करने के लिए मालदा में पार्टी के ब्लाक अध्यक्षों और ब्लाक उपाध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। इसे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य के चुनिंदा अल्पसंख्यक बहुल निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एआइएमआइएम के मालदा जिला अध्यक्ष रेजायुल करीम के अनुसार, पार्टी का राज्य नेतृत्व जिले के सभी 12 विधानसभा क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारने को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि 2026 के चुनाव के प्रचार के दौरान पार्टी की ओर से उठाए जाने वाले मुद्दे राज्य और जिला स्तर से जुड़े होंगे। करीम ने कहा कि राज्य स्तर पर जहां बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के शासन में व्याप्त भ्रष्टाचार को प्रमुखता दी जाएगी, वहीं जिला स्तर पर मालदा जिले में सामाजिक बुनियादी ढांचे की खराब स्थिति को प्रमुखता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य पार्टी नेतृत्व को विश्वास है कि मालदा में अन्य दलों के मतदाता एआइएमआइएम की ओर रुख करेंगे। इस बीच, पार्टी के एक राज्य नेता ने कहा कि मालदा के अलावा, पार्टी की योजना उससे सटे और अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों से भी उम्मीदवार उतारने की है। हालांकि, मुर्शिदाबाद में 2026 में एआइएमआइएम कितने विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेगी, यह अभी तय नहीं हुआ है।

इससे पहले, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने एआइएमआइएम पर हमला बोला था और उस पर अल्पसंख्यक वोटों को विभाजित करके चुनावों में भाजपा की कठपुतली की तरह काम करने का आरोप लगाया। हालांकि, बंगाल में एआइएमआइएम के नेता नबीउल अंसारी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में पार्टी उन निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारती है जहां जीत की संभावना होती है और 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में भी यही सिद्धांत लागू होगा।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने सैमसंग वॉलेट पर 'मोबाइल टैप एंड पे' सुविधा शुरू की

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अब सैमसंग वॉलेट पर एयू वीजा क्रेडिट कार्ड्स के लिए मोबाइल टैप एंड पे सुविधा की शुरुआत की है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) के दौरान लॉन्च की गई यह सुविधा एयू क्रेडिट कार्डधारकों को एनएफसी-इनेबल्ड सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टफोन के माध्यम से सुरक्षित और सुविधाजनक कॉन्टैक्टलेस पेमेंट की अनुमति देती है, जिससे रोजमर्रा के लेनदेन और तेज व आसान हो जाएंगे। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा: एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक हमेशा डिजिटल इनोवेशंस में अग्रणी रहा है। एयू वीजा क्रेडिट कार्ड्स का सैमसंग वॉलेट के साथ इंटीग्रेशन हमारे ग्राहकों की बदलती जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक बिना रुकावट वाला डिजिटल पेमेंट अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक और कदम है।

## एसएससी भर्ती में पार्ट टाइम शिक्षकों के अनुभव अंक पर उठा विवाद

### हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आयोग ने दी सफाई

**कोलकाता :** एसएससी के परिणाम प्रकाशित होने के बाद एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। कई तरह की अनियमितताओं के आरोप में हाईकोर्ट में मामले दर्ज हैं। इन्हीं में से एक है पार्ट टाइम शिक्षकों को अनुभव के आधार पर अंक देने का मुद्दा।

बुधवार को हुई सुनवाई में एसएससी ने अदालत को बताया कि यदि कोई आंशिक समय का शिक्षक जानकारी छिपाकर अनुभव के आधार पर अंक प्राप्त करता पाया गया, तो उसका प्रार्थीपद रद्द कर दिया जाएगा।

देश की सर्वोच्च अदालत ने इस वर्ष अप्रैल में 2016 के एसएससी के पूरे पैनल को नियुक्ति प्रक्रिया को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। इसके चलते 25 हजार 752 शिक्षक और शिक्षाकर्मी अपनी नौकरी से वंचित हो गए थे। योग्य शिक्षकों के लिए नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने तथा उनमें से नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। उसके अनुरूप परीक्षा हुई और परिणाम भी घोषित कर दिए गए।

नए परिणामों में पूर्व सेवा अनुभव के आधार पर 10 अंक जोड़े जाने की बात सामने आई है। आरोप है कि आंशिक समय के दो शिक्षक भी अनुभव अंक प्राप्त कर चुके हैं।

इसी आधार पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई और सवाल उठाया गया कि यदि दो अभ्यर्थियों को अनुभव अंक मिल सकते हैं, तो दूसरों को क्यों नहीं दिए जाएंगे।

## भवानीपुर टैक्सी चोरी कांड: लगातार वारदातों के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी दबोचा

**कोलकाता :** गत 10 नवंबर से 16 नवंबर के बीच भवानीपुर थाने के तहत टैक्सी चोरी की तीन घटनाएँ दर्ज हुईं। मामले क्रमशः भवानीपुर थाना केस संख्या 361 (10.11.2025), केस संख्या 367 (15.11.2025) और केस संख्या 369 (16.11.2025) के रूप में 305(बी) बीएनएस के तहत दर्ज किए गए। इनमें से पहले दो मामलों की टैक्सियाँ अगले ही दिन मनोहरपुकुर रोड और महिम हलदर रोड से लावारिस अवस्था में बरामद हो गई थीं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश के लिए कई सूत्रों को सक्रिय किया।

लगातार निगरानी और प्रयास के बाद पुलिस को बड़ी सफलता बुधवार को मिली, जब काली टेंपल रोड से संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान राजकुमार



सरदार उर्फ राजू उर्फ हसा (23), निवासी गांव गदाबर, पीओ-चराघाटा, थाना जयनगर, दक्षिण 24 परगना तथा वर्तमान पता 31/1 काली टेंपल रोड, कोलकाता-700026 बताई।

पूछताछ के दौरान उसने भवानीपुर केस संख्या 369 से जुड़ी चोरी की टैक्सी को छिपाने के संबंध में महत्वपूर्ण और अपराधस्वीकारी बयान दिया। उसके बयान के आधार पर पुलिस ने रात 01:50 बजे उसे गिरफ्तार किया और उसके निशानदेही पर टैक्सी डब्ल्यूबी04एफ4031 को गुरुईपाड़ा हलदर स्ट्रीट के सामने से बरामद कर जब्त कर लिया। आरोपी को सीजेएम अलीपुर की अदालत में पेश किया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि भवानीपुर की तीन टैक्सी चोरी की घटनाओं के अलावा वही आरोपी टॉलीगंज थाना क्षेत्र के एक और टैक्सी चोरी के मामले (टॉलीगंज थाना केस संख्या 278, दिनांक 11.11.2025, धारा 303(2) बीएनएस) में भी शामिल है। पुलिस अब उससे अन्य संभावित चोरी के मामलों और नेटवर्क को लेकर आगे की पूछताछ कर रही है।

### अनधिकृत ट्रैक पार करने से बढ़ रहा खतरा

## सियालदह मंडल ने यात्रियों से सुरक्षा की अपील की

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह रेलवे मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए ट्रैक पर अनधिकृत रूप से आवाजाही या लेवल क्रॉसिंग का उपयोग करने से सख्त परहेज़ करने की अपील की है। मंडल ने कहा है कि कुछ लोग अब भी बिना अनुमति वाले क्रॉसिंग मार्गों का उपयोग कर रहे हैं, जो जीवन और संपत्ति दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। मंडल के अनुसार तेज रफ्तार ट्रेनों की सीधी चपेट में आने का जोखिम सबसे अधिक अनधिकृत ट्रैक पार करने के दौरान होता है। यह प्रथा रोकी जा सकने वाली मौतों और गंभीर चोटों का प्रमुख कारण है। इसके अलावा, ऐसे हादसे रेलवे के



बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाते हैं और सेवाओं में बाधा डालकर हजारों यात्रियों को प्रभावित करते हैं।

इस संदर्भ में सियालदह मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना ने यात्रियों से अपील की कि वे केवल अधिकृत और सुरक्षित मार्गों का ही उपयोग करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही रास्ते से जाने में लगने वाला कुछ अतिरिक्त समय किसी की जान बचा सकता है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पूर्व एवं दक्षिण-पूर्व रेलवे के साथ समीक्षा बैठक की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने बुधवार को फेयरली प्लेस स्थित पूर्व रेलवे मुख्यालय में पूर्व रेलवे और दक्षिण-पूर्व रेलवे के प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य अनुसूचित जाति कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, आरक्षण से जुड़ी नीतियों के पालन, बैकलॉग रिक्तियों, कल्याणकारी उपायों तथा शिकायत निवारण व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा करना था। बैठक में आयोग के सदस्य लव कुश कुमार के नेतृत्व में आए एनसीएससी प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर, प्रिंसिपल चीफ पर्सनल ऑफिसर जरीना फिरदौसी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। पश्चिम बंगाल एससी/एसटी आयोग की निदेशक





सोनाली दत्ता भी उपस्थित रहीं। लव कुश कुमार ने पूर्व रेलवे प्रशासन को 'ऑल इंडिया शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन' द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लिखित मुद्दों की गंभीर समीक्षा करने की सलाह दी। पूर्व रेलवे ने स्टाफ स्ट्रेंथ, पदोन्नति और ग्रुप 'सी' एवं 'डी' में भर्ती की वर्तमान स्थिति पर एक प्रस्तुति भी दी। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा कि पूर्व रेलवे प्रशासन रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन कर रहा है और एससी कर्मचारियों को उनके सभी अधिकार और सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक से पहले आयोग ने एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनकी मांगों एवं चुनौतियों को विस्तार से समझा।

# शिवपुर में आवासीय परिसर में गोली लगने से महिला घायल, पति हिरासत में

**हावड़ा :** हावड़ा के शिवपुर इलाके में एक आलीशान आवासीय परिसर (आइडियल ग्रैंड) में बुधवार को एक महिला गोली लगने से घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायल महिला की पहचान पूनम यादव के रूप में हुई और उसे कोलकाता के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, महिला के पति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला के पति गोपाल यादव ने



दावा किया कि वह अपनी लाइसेंसी बंदूक साफ कर रहा था कि तभी गलती से गोली चल गई और गोली उसकी पत्नी की गर्दन को छूती हुई निकल गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि गोलीबारी शिवपुर थाने के पास स्थित एक आवासीय परिसर में हुई थी।अधिकारी ने बताया, फ्लैट के अंदर गोली चली, जिससे पूनम खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ी। शिवपुर थाने से हमारे अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि गोली महिला की गर्दन को छूती हुई निकल गई। अधिकारी ने बताया, हमारे अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या उसके पति का दावा सही है और क्या घटना के समय दंपति के बीच कोई विवाद हुआ था?उन्होंने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह दुर्घटना थी, जैसा कि पति ने दावा किया या कोई अन्य व्यक्ति फ्लैट में घुसा था। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान पति ने जांचकर्ताओं को बताया कि वह अपनी बंदूक साफ कर रहा था, तभी गोली चल गई।आवासीय परिसर के सचिव (पंकज शर्मा) ने बताया, गोपाल बाबू ने हमें बताया कि जब वह बंदूक साफ कर रहे थे, तब गलती से गोली चल गई। उन्होंने कहा कि जानबूझकर गोली नहीं चलाई।

# हुगली के बालागढ़ में वोटर लिस्ट से 900 नाम गायब

## एसआइआर में नाम हटने की आशंका, ग्रामीणों में दहशत

**हुगली :** जिले के बालागढ़ ब्लॉक के एकतारपुर पंचायत के पोतागाछी गांव में वोटर सूची को लेकर भारी विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के एक बूथ के लगभग 900 मतदाताओं का नाम चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित 2002 की अंतिम वोटर लिस्ट से गायब है। हालांकि जब लोग आयोग की वेबसाइट में जानकारी खोजते हैं, तो 2003 की वोटर लिस्ट में उनके नाम मौजूद दिख रहा है। लिस्ट के इस विरोधाभास ने पूरे गांव में दहशत फैला दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से इस इलाके में रह रहे हैं और सभी के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, जमीन के कागज और वोटर आईडी मौजूद हैं। बावजूद इसके 2002 की सूची में नाम न होने पर उन्हें डर है कि एसआइआर प्रक्रिया में उनके नाम हटाए जा सकते हैं। एक ग्रामीण ने कहा हम यहां पैदा हुए और यहीं वोट दिया। आज अचानक कहा जा रहा है कि हमारा नाम सूची में नहीं है। यह कैसे संभव है। इससे पहले बकुलिया ग्राम पंचायत के करीया गांव में 1,500 लोगों का नाम 2002 की सूची में न मिलने से भी तनाव फैला था। प्रशासन ने बताया कि जिले के कई क्षेत्रों में ऐसी तकनीकी गड़बड़ियां सामने आई हैं जिन्हें चुनाव दफ्तर जांच कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि वोटर सूची का सूक्ष्म पुनरक्षण जारी है जिन लोगों के नाम गलती से हट गए, वे



आवेदन करें सभी वैध मतदाताओं के नाम फिर से शामिल किए जाएंगे। 2002 की एसआइआर लिस्ट में नाम न होने से घबराने की जरूरत नहीं। घटना के बाद ग्रामीण हर दिन ब्लॉक ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं और कई लोग स्थानीय नेताओं के पास भी पहुंच रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने भी गांव में बैठक कर लोगों की शिकायतें सुनीं और पूरे मामले पर सवाल उठाए।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हल्दिया स्टेशन का तेजी से हो रहा है पुनर्विकास

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मेदिनीपुर जिले में स्थित हल्दिया स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत व्यापक पुनर्विकास कार्य जारी है। योजना का लक्ष्य स्टेशनों को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल बनाना है। दक्षिण पूर्व रेलवे के 72 स्टेशनों में शामिल हल्दिया स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। पांसकुड़ा-हल्दिया शाखा रेलखंड का टर्मिनल स्टेशन होने के साथ-साथ हल्दिया एक प्रमुख औद्योगिक और बंदरगाह नगरी भी है। यहां यात्रियों के साथ भारी मात्रा में माल परिवहन होता है, जिसके कारण स्टेशन का आधुनिकीकरण क्षेत्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पुनर्विकास से यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी और स्टेशन परिसर को नई पहचान मिलेगी। चल रहे कार्यों में स्टेशन भवन



का नवीनीकरण, नया पार्किंग क्षेत्र, विस्तृत परिसंचरण क्षेत्र, उन्नत प्लेटफॉर्म शेड और प्लेटफॉर्म सतह शामिल हैं। साथ ही नया प्रवेश-निकास द्वार, आकर्षक फसाड, आधुनिक पोर्च और बेहतर बुकिंग काउंटर भी तैयार किए जा रहे हैं। स्टेशन को दिव्यांग-अनुकूल बनाने के लिए रैंप, टैक्टाइल संकेत, ब्रेल मार्किंग, जल कियोस्क और विशेष पार्किंग जैसी सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। स्थानीय कला और संस्कृति को दर्शाने वाली पेंटिंग्स से स्टेशन परिसर को सजाया जा रहा है, जबकि यात्रियों की सुविधा के लिए बेबी फीडिंग रूम और आरक्षित लाउंज भी स्थापित किए जा रहे हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि हल्दिया स्टेशन का पुनर्विकास न केवल यात्री सुविधाओं में सुधार करेगा बल्कि औद्योगिक गतिविधियों और माल परिवहन के लिए भी महत्वपूर्ण बढ़त प्रदान करेगा।

# विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल में यात्रा निकालेगी भाजपा

**कोलकाता :** बिहार विधानसभा चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि गंगा नदी बिहार से होकर बंगाल पहुंचती है। बिहार ने बंगाल में भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त किया है। पीएम मोदी ने अब प्रदेश के लोगों के साथ मिल कर भाजपा बंगाल से जंगलराज को उखाड़ फेंकेगी। पीएम मोदी बंगाल में आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कितनी गंभीर है ये बात उनके संबोधन से साफ हो गई है।

संगठन को मजबूत करने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने सर्वोच्च प्राथमिकताहै। जोर इस बात पर नहीं होगा कि चेहरा किसका होगा लेकिन शीर्ष नेतृत्व काम इस बात पर कर रहा है कि सामुहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाए। भाजपा नेतृत्व राज्य में अलग-अलग धड़ों में बंटी पार्टी को एकजुट करने पर जोर दे रही है। राज्य के सभी नेताओं को आपस में मिलकर काम करने को कहा गया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक राज्य में इस समय करीब 81 हजार बूथ हैं और 1200 मतदाता वाला नियम लागू होगा है तो बूथों की संख्या 94 हजार के करीब हो सकता है। भाजपा नेताओं का दावा है कि करीब सत्तर हजार बूथों पर समितियों का गठन कर लिया हैष अब मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआइआर) के पूरा होने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद बनने वाली मतदाता सूची के आधार पर बूथ कमेटियों का काम आगे बढ़ाया जाएगा। बंगाल भाजपा की ओर से पूरे राज्य में यात्रा निकालने का खाका तैयार किया जा रहा है। ये यात्रा बंगाल के अलग-अलग कोने से निकलेगी जिसका समापन कोलकाता में होगा। इस यात्रा के जरिए भाजपा एक तरफ बूथ से लेकर जिला स्तर तक के संगठन को मजबूत कर के संगठन को चुनावे के लिए तैयार रखना चाहती है तो दो दूसरा मकसद भाजपा के कार्यकर्ताओं के मन से तृणमूल की हिंसा का डर भी निकालना है। भाजपा कार्यकर्ताओं और जिला स्तर के नेताओं को शिकायत रहती है कि तृणमूल के कार्यकर्ता उनको जनता के बीच जाकर काम करने नहीं देते, मारपीट और हिंसा भी करते हैं और साथ ही भाजपा के समर्थकों को डराते धमकाते भी हैं।

शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि इस यात्रा की तैयारियों से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से न सिर्फ संवाद बढ़ेगा, बल्कि बड़े नेताओं की उपस्थिति से कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच तृणमूल का डर भी कम होगा।

# मनीषियों के अनादर पर केएमसी बैठक में निंदा प्रस्ताव पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) की मासिक बैठक में बुधवार को मनीषियों के प्रति भाजपा नेताओं और मंत्रियों के कथित अपमान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया गया। तृणमूल पार्षद अरूप चक्रवर्ती ने बैठक में इस प्रस्ताव को रखते हुए भाजपा नेताओं के बयानों की निंदा की और कहा कि मनीषियों की भूमिका और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी अहमियत को उजागर करने के लिए पुरश्री के अगले अंक में विशेष प्रकाशन किया जाना चाहिए।

भाजपा पार्षद सजल घोष ने प्रस्ताव का आंशिक समर्थन करते हुए 2019 में विद्यासागर की मूर्ति तोड़ने के मामले और उसके बाद की कानूनी कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मामले में अब तक आरोप पत्र क्यों नहीं दायर किया गया और दोषियों को





न्याय मिलना चाहिए। देवाशीष कुमार ने स्वतंत्रता संग्राम में बेईमानी और दलाली करने वालों को दिए गए पुरस्कारों की जानकारी प्रकाशित करने की आवश्यकता बताई। मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि कोलकाता नगर निगम में 'द ग्रेट कलकत्ता गजट' को पुनः शुरू किया गया है। उन्होंने भाजपा पर बंगाली विरोधी और विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाया। बैठक में प्रस्ताव पर जोरदार बहस हुई और नगर निगम का माहौल गरमाया।

# असम व मिजोरम में बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई, हेरोइन और मेथाम्फेटामाइन की दो भारी खेपें बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** असम और मिजोरम में सीमा सुरक्षा बल ने नशीले पदार्थों के खिलाफ एक बड़ी सफलता दर्ज की है। बीएसएफ, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और एक्साइज एवं नारकोटिक्स विभाग के संयुक्त अभियानों में दो अलग-अलग जगहों से हेरोइन और मेथाम्फेटामाइन की भारी खेपें जब्त की गईं।

यह कार्रवाई ड्रग तस्करों के नेटवर्क पर एक बड़ा प्रहार मानी जा रही है और दर्शाती है कि बीएसएफ नशा-मुक्त भारत के अभियान को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बीएसएफ के जवानों ने कई दिनों तक सघन निगरानी और कठिन परिस्थितियों में लगातार प्रयास करते हुए इन अभियानों को अंजाम दिया, जिसने उनके पेशेवर कौशल और 'जीरो टॉलरेंस टू ड्रग्स' नीति को और



मजबूत किया है। पहले अभियान में, एनसीबी और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने गुवाहाटी के जलुकबाड़ी क्षेत्र में एक संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी में वाहन से 12 पैकेटों में छिपाई गई लगभग 9 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गणेश लाल के रूप में हुई, जिसे मौके पर वाहन (ह्युंडई क्रेटा) और एक स्मार्टफोन सहित गिरफ्तार किया गया। बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत 18 करोड़ बताई गई है।

दूसरे अभियान में, मिजोरम के आइजॉल सेक्टर में एफजीटी आइजॉल, 191 बटालियन बीएसएफ और एक्साइज एवं नारकोटिक्स विभाग की संयुक्त टीम ने सेलोंग-तुइरियल मार्ग पर दो संदिग्धों को रोका। उनकी निशानदेही पर झाड़ियों से दो प्लास्टिक बैग बरामद हुए-एक में 15 पैकेट मेथाम्फेटामाइन (14.905 किलोग्राम) और दूसरे में 49 साबुनदानी में भरी 707 ग्राम हेरोइन मिली। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर समस्त बरामदगी को एक्साइज एवं कस्टम्स विभाग, आइजॉल ने जब्त कर लिया।

### मुर्शिदाबाद में मुख्य चुनाव अधिकारी की बैठक, प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा

**मुर्शिदाबाद :** मतदाता सूची के गहन पुनरिक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिये राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल बुधवार को दिन के अंत में मुर्शिदाबाद पहुंचे। अपराह्न चार बजे के आसपास उनके जिले में पहुंचते ही वे सीधे सर्किट हाउस गये। बैठक मूल रूप से जिलाशासक कार्यालय में होने वाली थी, लेकिन अंत में सर्किट हाउस के सभाकक्ष में ही सभी तैयारियां की गईं। साढे चार बजे बैठक शुरू होनी थी, हालांकि शुरुआत में कुछ देर हुई। जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न महकमा शासक और बीडीओ पहले से ही बैठक स्थल पर मौजूद थे। इससे पहले मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल नदिया जिले में एसआईआर प्रक्रिया की समीक्षा के लिये पहुंचे थे। वे पूर्वाह्न 11 बजे कृष्णनगर के जिला प्रशासनिक भवन में पहुंचे और नदिया के जिलाशासक सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की।

# कोएल मल्लिक ने द हेरिटेज अकादमी में फिल्म निर्माण और मार्केटिंग पर विशेष सत्र लिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज अकादमी के मीडिया साइंस विभाग में बंगाली फिल्म अभिनेत्री कोएल मल्लिक ने 17 नवंबर को एक विशेष संवाद सत्र में हिस्सा लिया। जहां फिल्म प्रोडक्शन, किरदार निर्माण और फिल्म मार्केटिंग की बदलती तकनीकों पर विस्तृत चर्चा हुई। यह सत्र प्रसिद्ध फिल्मकार अशोक विश्वनाथन के साथ बातचीत के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोएल मल्लिक ने अपनी नई फिल्म शार्थोपोर के प्रमोशन के क्रम में छात्रों के साथ अपने अभिनय सफर और उद्योग के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि अपर्णा घोषाल जैसे जटिल किरदार को निभाने के लिए उन्होंने किस प्रकार भावनात्मक और रचनात्मक प्रक्रिया अपनाई और सही रोल्स चुनने में कलाकारों को किन बातों का ध्यान



रखना चाहिए।

अशोक विश्वनाथन द्वारा संचालित चर्चा में फिल्म प्रमोशन की आधुनिक रणनीतियों, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्टोरीटेलिंग, दर्शकों के साथ जुड़ाव और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से बात हुई। यह सत्र छात्रों के लिए उद्योग की वास्तविकताओं और रचनात्मक संचार कौशल से सीखने का अवसर साबित हुआ। द हेरिटेज अकादमी ने कोएल मल्लिक और अशोक विश्वनाथन को उनके प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक विचारों के लिए धन्यवाद दिया, जिसने मीडिया विद्यार्थियों को फिल्म उद्योग की गहरी समझ प्रदान की।

### मलाबार ग्रुप के 1531 माइक्रो लर्निंग सेंटर्स में मनाए गए बाल दिवस कार्यक्रम

**कोलकाता :** मलाबार ग्रुप ने भारतभर में अपने 1531 माइक्रो लर्निंग सेंटर्स (एमएलसी) में बाल दिवस गतिविधियों का आयोजन किया। ये समारोह केन्द्रों द्वारा समर्थित साठ हज़ार बच्चों के लिए आयोजित किए गए और एमएलसी नेटवर्क के वरिष्ठ प्रतिनिधियों तथा समुदाय के विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा संचालित किए गए। अवसर पर बोलते हुए, मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा कि यह पहल बच्चों की दो मूलभूत ज़रूरतों-पोषण और शिक्षा-को जोड़ती है। उन्होंने कहा, एक बच्चा तब बेहतर सीखता है जब वह सुरक्षित और कायरड महसूस करता है। पोषण उसकी पढ़ाई की क्षमता को मजबूत करता है, शिक्षा उसे दिशा देती है, और साथ मिलकर ये बच्चे के लिए ऐसा भविष्य तैयार करते हैं जिसमें वह सम्मानपूर्वक आत्मनिर्भर बन सके।

### बीएआई ने पश्चिम बंगाल में शराब पर कर के पुनर्गठन का स्वागत किया

**कोलकाता :** ब्रुअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा मादक पेयों पर करों के पुनर्गठन के माध्यम से अधिक कर राजस्व उत्पन्न करने की पहल का स्वागत किया है। बीएआई ने एक बयान में कहा कि इससे स्पिरिट्स की उपभोक्ता कीमतों पर प्रभाव नगण्य होगा, बाज़ार में कोई विकृति नहीं आएगी, और सरकार को अधिक राजस्व भी प्राप्त होगा। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए निर्णय के अनुसार 1 दिसंबर से स्पिरिट्स पर उत्पाद शुल्क में 2-4% की वृद्धि की जाएगी, जबकि बीयर पर कर को यथावत रखा गया है। बीएआई के महानिदेशक श्री विनोद गिरी ने कहा, बीयर पर कर नहीं बढ़ाने का निर्णय स्वागतयोग्य है क्योंकि वास्तविक रूप से बीयर पर पहले से ही शराब (स्पिरिट्स) की तुलना में 35% अधिक कर लगता है।

# उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष को जमानत दी

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली को 'स्कूल नौकरी घोटाले' से संबंधित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामले में बुधवार को जमानत दे दी। गांगुली के वकीलों ने अदालत में ज़मानत का अनुरोध किया, क्योंकि वह इस मामले में तीन साल से ज़्यादा समय से हिरासत में हैं और मामले के सभी अन्य आरोपियों को पहले ही विभिन्न अदालतों से जमानत मिल चुकी है। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने याचिकाकर्ता और सीबीआई के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद गांगुली को जमानत दे दी। सीबीआई ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि मामले में गवाहों के बयान की



प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और इस समय गांगुली को रिहा नहीं किया जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में भर्ती में कथित धांधली से संबंधित सीबीआई के मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी सहित अन्य आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। गांगुली को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से संबंधित एक मामले में उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही जमानत मिल चुकी है।

# हेल्थ सॉल्यूशन के नाम पर करोड़ों की ठगी

## पैंसा वापस लेने पहुंचे पीड़ित... ऑफिस बंद, आरोपी की तस्वीरों वाले बैंनर टांगकर विरोध

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चुंचुड़ा के खादिनामोर क्षेत्र में हेल्थ सॉल्यूशन नाम की आड़ में एक बड़े ठगी रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। हुगली, पूर्व बर्दवान, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, नदिया और मुर्शिदाबाद सहित कई जिलों से ठगे गए लोग खादिनामोर स्थित उस चिटफंड ऑफिस के सामने जुटे। हेल्थ सॉल्यूशन नाम से एक ऑफिस खोलकर उसके पीछे शेयर ट्रेडिंग में कम समय में ज्यादा मुनाफा दिलाने का लालच दिया जाता था।

बीते दो वर्षों में कई लोगों ने इस कंपनी में लाखों रुपये निवेश किए। लोगों को महीने में अधिकतम ब्याज देने का लालच दिया गया। ऐसे प्रलोभन में फँसकर कई लोग





अपनी जमा पूँजी खो बैठे।

आज जब पीड़ित अपने पैसे लेने पहुंचे, तो देखा ऑफिस का शटर बंद है। इसके बाद गुस्से में पीड़ितों ने आरोपियों की तस्वीर वाले बैनर ऑफिस के सामने टाँग दिया। पीड़ितों का आरोप है कि उन्हें ऊंचे ब्याज का लालच दिया गया था और कोर्ट पेपर पर एग्रीमेंट करके उनसे पैसे लिए गए। पहले कुछ महीनों तक ब्याज दिया गया, लेकिन उसके बाद भुगतान बंद कर दिया गया। पीड़ितों ने बताया कि वे इस कंपनी के संचालक तुषार कांति मंडल के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराएंगे। पीड़ित रेजाउल मलिक ने कहा हमारे साथ धोखा हुआ है। हमारा मूल धन वापस किया जाए। हमने खुद पैसा जमा किया, साथ ही दूसरों को भी जमा कराने को कहा। अब वे लोग हमें छोड़ नहीं रहे। पहले जब ऑफिस आए थे, हमें धमकी भी दी गई थी। बारासात के निवासी अमित कुंड ने बताया मैंने अकेले 25 लाख रुपये जमा किए। बारासात से कुल ढाई करोड़ रुपये निवेश कराए गए थे। यह पूरा पैसा इस ठगी गिरोह ने हड़प लिया है।



पानित्रास हाई स्कूल में विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं। नवमी कक्षा के छात्रों को 'सबूज साथी' योजना के तहत साइकिलें सौंपते हुए आमता के विधायक सुकांत पाल।

# फरक्का से कोलकाता तक एनसीसी के नौकायन अभियान का सफलतापूर्वक समापन

- **नौसेना एनसीसी के कैडेटों ने 20 दिनों में गंगा नदी में 410 किमी की कठिन यात्रा पूरी की**
- **कैडेटों ने स्वच्छता जागरूकता से लेकर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में लिया भाग**

**कोलकाता :** एनसीसी के बंगाल और सिक्किम निदेशालय के तत्व-ावधान में फरक्का से कोलकाता तक आयोजित 20 दिवसीय वार्षिक नौकायन अभियान का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। अभियान में शामिल एनसीसी के कोलकाता ग्रुप सी मुख्यालय से जुड़े एक और दो नौसेना इकाई के 60 कैडेटों के दल ने गंगा नदी में कठिन नौकायन करते हुए और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भाग लेते हुए मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का से कोलकाता तक कुल 410 किलोमीटर लंबी दूरी तय की। 20 दिनों की कठिन व प्रेरणादायक



कोलकाता पहुंचे नौकायन अभियान में शामिल कैडेटों के साथ एन-सीसी के एडीजी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

समुद्री यात्रा पूरी करने के बाद वापस लौटे कैडेटों के दल का सुबह कोलकाता में हुगली नदी के किनारे मैन आफ वार जेट्टी पर एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल अमर पाल सिंह चहल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान बंगाल में नौसेना के प्रभारी अधिकारी कमोडोर अजय यादव भी मौजूद रहे। अभियान में 35 पुरुष और 25 महिला कैडेट्स शामिल थीं। कैडेटों का दल पांच नवंबर को फरक्का से इस अभियान पर निकले थे।

कैडेटों के स्वागत में दिन में यहां एनसीसी के ट्रेनिंग सेंटर में भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बंगाल के शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव बिनोद कुमार उपस्थित रहे। समारोह में एनसीसी के एडीजी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में प्रधान सचिव ने अभियान में शामिल कैडेटों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्वागत में कैडेटों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में एडीजी मेजर जनरल चहल ने इस चुनौतीपूर्ण नौकायन अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए कैडेटों की सराहना की। एडीजी ने बताया कि पूरे अभियान के दौरान युवा कैडेटों ने रास्ते में जागरूकता रैलियों और स्वच्छता अभियानों से लेकर वृक्षारोपण कार्यक्रमों, स्थानीय समुदायों के साथ संवाद सत्र, समाज सेवा और सामुदायिक विकास गतिविधियों में भाग लिया। कैडेटों ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कर अटूट राष्ट्रीय गौरव को भी प्रदर्शित किया।

एडीजी ने बताया कि प्रत्येक दिन कैडेटों ने नदी में लगभग 35-40 किलोमीटर की यात्रा की और रास्ते में पांच-छह स्थानों-जंगीपुर, बहरमपुर, कटवा, नबद्वीप, कालना और चुंचुड़ा में रात्रि विश्राम के लिए रूके। इस दौरान कैडेटों ने तटीय सफाई, प्रदूषण विरोधी प्रयासों, अनाथालयों के दौरे और युवाओं के साथ बातचीत में भाग लिया, जिससे वास्तविक दुनिया से सीखने और सामुदायिक जुड़ाव के अनुभव समृद्ध हुआ।

# कोलकाता की महिला से 78 लाख रुपये की ठगी, गुजरात के तीन लोग गिरफ्तार

**कोलकाता :** कोलकाता की एक बुजुर्ग महिला से कथित तौर पर 78 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में गुजरात से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने महिला को फोन पर बताया कि उनके नाम पर भेजे गए पार्सल में अवैध मादक पदार्थ पाए गए है जिसके बाद महिला को ठगी का शिकार बनाया गया।

पुलिस के अनुसार, संदिग्धों को कोलकाता पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने गुजरात के विभिन्न हिस्सों से पकड़ा था।

पुलिस ने बताया कि कोलकाता के मानिकतला की रहने वाली दीपान्विता धर को 9 मार्च, 2024 को एक कॉल मिली, जिसमें उन्हें बताया गया कि उनके नाम का एक पार्सल रद्द कर दिया गया है।

उन्होंने कहा, यह मानते हुए कि यह एक ऑनलाइन ऑर्डर से जुड़ा हुआ है, उसने संदेश में दिए गए कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, कॉल करने वालों ने, खुद को मुंबई पुलिस अधिकारी बताते हुए, महिला को बताया कि उनके द्वारा मुंबई में एक व्यक्ति को भेजे गए पैकेट में 200 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। जब उन्होंने (महिला) इस मामले में किसी भी प्रकार की संलिप्तता से इनकार किया, तो जालसाजों ने दावा किया कि उनके आधार विवरण का दुरुपयोग किया गया है और उनका बैंक खाता संदेह के घेरे में है।

अधिकारी ने कहा, आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को भारतीय रिजर्व बैंक के पास एक सुरक्षा राशि जमा करने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि वह इस बारे में किसी से बात न करे।

उन्होंने बताया कि महिला ने संदिग्धों द्वारा दिए गए खाते के विवरण में 78.3 लाख रुपये भेज दिए।

जब महिला को पता चला कि वह धोखाधड़ी की शिकार हुई है तो उसने बाद में पुलिस से संपर्क किया, जिसके बाद पैसे के लेन-देन और गुजरात में संदिग्धों का पता लगाया गया।

अधिकारी ने कहा, नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए मामले में आगे की जांच जारी है।

# यूं कीजिए शीतऋतु में स्वास्थ्य रक्षा



आनन्द कुमार अनन्त

हमारे शरीर एवं स्वास्थ्य पर आहार-विहार के साथ ही ऋतु तथा जलवायु का भी सीधा प्रभाव पड़ता है। स्वास्थ्य के लिए शीतऋतु को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इस ऋतु को 'हेल्दी सीजन' भी कहा जाता है। आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार इस ऋतु में संतुलित भोजन, संयमित आहार-विहार, ब्रह्मचर्य, पोषक एवं बलवीर्यवर्द्धक पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य रक्षक होता है।

आयुर्वेद के सिद्धान्तों के अनुसार शीतऋतु में हमारा खान-पान, रहन-सहन, परहेज एवं दिनचर्या कैसी हो? शीतऋतु में मनुष्य के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उसे निरोग रखने में प्रकृति बहुत ही अधिक सहायक होती है।

शीतऋतु में सूर्य दक्षिणायन हो जाता है, वहीं चन्द्रमा का बल प्रबल हो जाता है, इसी कारण दिन छोटे और रातें लंबी होती हैं जिससे शरीर को पर्याप्त विश्राम और पाचन संस्थान को पाचन के लिए काफी समय मिल जाता है। इस समय शारीरिक ऊष्मा के प्रबल होने से गरिष्ठ भोजन भी आसानी से पच जाता है।

प्राकृतिक तत्वों में मधुर अम्ल, एवं लवण रसों की वृद्धि हो जाती है। फलस्वरूप प्राणियों में सौम्यता उत्पन्न होती है। इसी शक्ति से स्वास्थ्य, धैर्य, लावण्य आदि गुण स्थिर रहते हैं। इस समय शरीर में मेधाशक्ति, बल एवं ओज शक्ति की भी वृद्धि होती है।

शीतकाल की शुरूआत शरद ऋतु (आश्विन-कार्तिक) से होती है। इस समय वातावरण में शीतगुण की वृद्धि होती है, इसलिए ठण्ड से शरीर की रक्षा के लिए उष्म (गर्म) वस्त्रों और खाद्य पदार्थों का सेवन अनिवार्य होता है। शरीर में वर्तमान ऋतु से पूर्व कुछ दोषों की वृद्धि हो जाती है। मौसमी चीजों के सेवन से बढ़े हुए दोषों का शमन स्वतः ही हो जाता है।

शीतकाल में ठंड बढ़ने के साथ ही जठराग्नि भी तेज हो जाती है, फलस्वरूप भूख ज्यादा लगती है। इस समय भूख दबाना हानिकारक हो सकता है क्योंकि शरीर की बढ़ी हुई अग्नि इसके साथ धातु, रस, रक्त, मांस आदि को भी जला डालती है। इससे शरीर क्षीण और वायु कुपित हो जाती है।

यूं भी इस समय पित्त का शमन और वायु तथा कफ का संचय होता है इसलिए इस ऋतु में ऐसे आहार-विहार से परहेज रखना चाहिए जिससे वात तथा कफ का प्रकोप बढ़े। इस समय तिक्त, मधुर, लवण और अम्ल रस वाले पौष्टिक तथा बलवर्द्धक पदार्थों का नियमित सेवन करना चाहिए। छुहारा, काजू, घी, दूध, मक्खन-मलाई, गुड़, मिश्री, मुरब्बा, गाजर का हलवा, सभी मौसमी फल, सरसों चना, बथुआ, मेथी आदि मौसमी साग, सब्जियों के सेवन से शरीर तन्दुरूस्त व निरोग रहता है। पथरी के रोगी को साग का सेवन नहीं करना चाहिए।

शीतऋतु में कटु, तिक्त एवं कसैले भोजन से परहेज रखना चाहिए। फूलगोभी का इस्तेमाल अत्यंत कम ही करना चाहिए क्योंकि इससे वायु विकार, जोड़ों में दर्द, आमवात, सन्धिवात और गैस की शिकायतें बढ़ सकती हैं। इस ऋतु में देर रात भोजन करने, प्रातः देर तक सोये रहने, बासी भोजन करने एवं देर तक उपवास करने से शरीर में वात वायु का प्रकोप बढ़ जाता है। इन्हीं कारणों से शीतऋतु में वात विकारों से ग्रस्त लोगों के शारीरिक कष्ट बढ़ जाते हैं। कफ के रोगियों को खटाई, दही, केला, एवं खट्टे पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए।

वात के प्रकोप से बचने के लिए एवं शरीर में स्फूर्ति के लिए प्रतिदिन पूरे शरीर में सरसों के तेल की मालिश करनी चाहिए। तेल की मालिश वात तथा वात रोग (आमवात, सन्धिवात, जोड़ों के दर्द, सूजन) का शमन करती है। साथ ही त्वचा की कोमलता, बल एवं चमक तथा स्निग्धता भी बनी रहती है। कफ एवं श्वास के रोग में मालिश के लिए गाय के पुराने घी में सेंधा नमक, मेथी, कपूर मिलाकर पका लें। इसकी छाती में मालिश करें। वृद्ध एवं न्यूमोनिया पीड़ित बच्चों की भी इससे मालिश की जा सकती है। मालिश के समय धूप का सेवन हितकारी होता है।

वात से पीड़ित रोगी को शीत ऋतु में आटे में मेथी पत्ती, अजवायन, प्याज, लहसुन, अदरक मिलाकर उसकी रोटी खानी चाहिए। आंवले का सेवन प्रतिदिन किसी न किसी रूप में अवश्य करते रहना चाहिए। कफ एवं श्वास के रोगी को शीतोपलादि चूर्ण को शहद के साथ सेवन करना चाहिए। बच्चे को अपना दूध पिलाने वाली माताएं प्रतिदिन एक चम्मच अजवायन नियमित रूप से भोजन के साथ खाएं। इससे दूध परिशोधन होगा तथा बच्चे को भी बदहजमी नहीं होगी।

होंठों को फटने से रोकने के लिए रात में सोते समय नाभि में तेल (वात बढ़ने पर) या घी (पित्त बढ़ने पर) लगा लेना चाहिए। इस प्रकार सावधानी बरतकर शीतऋतु का भरपूर आनन्द उठाया जा सकता है। (स्वा.द.)

# रक्त-निर्माण में सहायक रहती है गाजर

सुदर्शन भाटिया

गाजर एक अच्छा सलाद है, अच्छी सब्जी है, अनेक भोज्य पदार्थ बनाने के काम आती है। इसका सेवन भले ही किसी तरह किया जाए, यह शरीर को निरोगता तो प्रदान करेगी ही, रक्त की कमी पूरी करती है तथा नया रक्त बनाने में सहायक बनी रहती है।

गाजर के औषधीय गुणों को ध्यान में रखकर इससे होने वाले उपचारों में से कुछ प्रस्तुत हैं:-



- शरीर की आम कमजोरी होने पर गाजर को सलाद रूप में और गाजर का रस निकाल कर खाने में प्रयोग करें।
- स्वास्थ्य सुधार के लिए, शक्ति पाने के लिए गाजर का निरंतर सेवन करें।
- रोगों से बचने तथा ताकत पाने के लिए गाजर के पत्तों का साग बना कर खाना अच्छा रहता है।
- सर्दी के मौसम में गाजर होती है। सर्दी में गाजर के अन्य उपयोगों के साथ इसका हलवा, गाजर पाक या गजरेला बना कर खाने से रोगों का पनपना नहीं हो पाता।
- गाजर की जड़ जिसे हम गाजर ही कहते हैं तथा पत्ते, बीज आदि सभी औषधीय महत्त्व रखते हैं।
- वीर्य की कमजोरी होने पर भी गाजर का सेवन ठीक माना जाता है। वीर्य पुष्ट होने लगता है।
- पाचन शक्ति कमजोर हो तो गाजर की प्रचुर मात्रा इसे पुष्ट कर देती है।
- यदि किसी की बड़ी आंत में सूजन आ जाए तो गाजर का रस पिया करें अथवा गाजर का रस एक गिलास, चुकन्दर का रस पौना गिलास, उतना ही खीरे का रस, मिला कर प्रतिदिन प्रातः पीना शुरू करें। लाभ मिलता रहेगा।
- यदि छाती के दर्द से परेशान हों तो गाजर को उबाल कर उसके रस में शहद मिला कर पिलाएं। आराम मिलेगा।
- कैंसर के लिए इलाज भले ही न हो मगर गाजर का रस नियमित पीने से लाभ अवश्य होता है। नियमित पिया करें।
- दांतों को मजबूती देने के लिए गाजर का रस धीरे-धीरे बड़े स्वाद के साथ, घूंट- घूंट पीना चाहिए।

# मोटापा और जंक फूड



चन्द्र प्रकाश अम्बष्ट

इधर कुछ वर्षों से भारत में भी बच्चों में मोटापा एवं अन्य बीमारियां तेजी से बढ़ती ही जा रही हैं। यह सारी बीमारियां मूल रूप से खान-पान की आदतों एवं मोटापे के कारण पनप रही हैं। कुछ बीमारियां बच्चे मां-बाप से गर्भ में ही उपहार स्वरूप प्राप्त कर रहे हैं।

गौर से विचार किया जाये तो इस प्रकार के रोगों के लिए जिम्मेदार है उचित खान-पान का न होना। अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को उनकी मनपसंद टॉफी, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम आदि खाने को दे रहे हैं। यह एक ऐसा उपाय है जिससे वे बच्चों पर अपना प्यार इजहार करना चाहते हैं या फिर उनसे अपना मनमाफिक काम करवाने का तरीका है। यदि बच्चा होमवर्क नहीं कर रहा हो या फिर खेलने की जिद्द कर रहा है तो इस प्रकार के जंक फूड की सहायता लेने में मां-बाप तनिक भी नहीं हिचकते लेकिन अब जब जंक फूड से होने वाली बीमारियां गंभीर रूप धारण करने लगी हैं तो इनके विज्ञापनों पर रोक लगाने की मांग बढ़ने लगी है।

अधिकांश बच्चे टी. वी. और कम्प्यूटर से जुड़े हैं। वे न तो खेल के मैदान में जाते हैं, न ही किसी प्रकार का व्यायाम करते हैं। पढ़ाई और टी. वी. यानी चारदीवारी के अंदर कैद बच्चे। तो फिर विज्ञापन इन बच्चों को केंद्रित कर ही क्यों न बनाया जाये, यह मानसिकता है विज्ञापनदाताओं की।

वास्तविकता तो यह है कि बच्चों की मुहर किसी भी सामग्री को घर के अंदर प्रवेश दिला सकती है, खासकर घरेलू व दैनिक उपयोग का सामान। बच्चे तो कोरा कागज हैं। उन्हें हानि-लाभ का क्या पता? जिद् कर बैठते हैं कि हमें अमुक ब्रांड की अमुक टॉफी, कोल्ड ड्रिंक वगैरह-वगैरह चाहिए और अभिभावक बिना कुछ सोचे-समझे उनकी मांग पूर्ति कर देते हैं।

लेकिन अब हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। विदेशों में जंक फूड को लेकर बहसबाजी छिड़ गई है। इनके विज्ञापनों पर रोक लगाने की पुरजोर मांग की जा रही है। अमेरिका में फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन ने जंक फूड बनाने वाली कंपनियों पर तीस प्रतिशत तक कर लगाने की मांग की है। जन-जागरूकता अभियान के तहत इनके अवगुण बताये-समझाए जा रहे हैं। आज पश्चिमी देशों का अंधानुकरण करने का हमारे देश में प्रचलन काफी बढ़ गया है।

जरूरत है जंक फूड त्यागने की। खेलना कूदना, सुबह स्वच्छ वायु में टहलना, व्यायाम आदि को बच्चों की दिनचर्या में शामिल करना होगा। जन-जागरूकता अभियान चलाकर हर बच्चे को जंक फूड से होने वाले नफा-नुकसान के प्रति सचेत करना चाहिए। आइये हम सब मिलकर तैयार हो जायें, जंक फूड से लड़ने के लिए। कहीं जानलेवा न बन जाये अंधानुकरण। (स्वा.द.)

# गुणकारी है टमाटर

परशुराम संबल

सेब, नाशपाती, संतरा, अंगूर, खरबूजा और चुकंदर आदि में जितना लौह तत्व होता है, उससे कहीं अधिक टमाटर में पाया जाता है। इसी तरह प्याज, गाजर, मूली, शलजम, गोभी तथा केले में जितना लोहा होता है उससे आधे से अधिक लौह टमाटर में पाया जाता है। पोटाश की दृष्टि से अधिकांश फलों और कितनी ही सब्जियों से टमाटर श्रेष्ठ की गिनती में आता है।



टमाटर में कुछ अद्भुत और विशेष गुण हैं। वह खून को साफ करता है और दांतों को सुदृढ़ और मजबूत बनाता है। यह सूखा रोग की भी दवा है। इसके इस्तेमाल से बच्चे इस घातक रोग से बचे रहते हैं और स्वस्थ रहते हैं।

स्नायुओं के लिए टमाटर रसायन का कार्य करता है। यह हृदय की दुर्बलता में भी बड़ा हितकारी है। टमाटर भूख को बढ़ाता है, पाचन शक्ति ठीक करता है तथा विजातीय द्रव्य निकाल कर शरीर को शुद्धि प्रदान करना है।

मधुमेह के रोगियों को जिन्हें डाक्टर कभी-कभी फलों के सेवन पर रोक लगा देते हैं, उनके लिये टमाटर बहुत ही गुणकारी सिद्ध हुआ है। ताजे फलों के सेवन पर पूर्ण रूप से रोक लगा देने पर मधुमेह के रोगी को प्राकृतिक रूप में प्राप्त होने वाले खनिज लवणों से वंचित रहना पड़ता है जिसकी वजह से उसे मिलने वाले पोषक तत्वों के अभाव से शारीरिक और मानसिक रूप से पीड़ित रहना पड़ता है लेकिन खनिज लवणों से भरपूर टमाटर का सेवन रोगी की इस कमी को पूरी करता है और खट्टा होने की वजह से वह शर्करा की मात्रा भी घटाता है।

बुखार की हालत में टमाटर का रस बुखार की गर्मी को तो शांत करता है साथ ही साथ रोगी की प्यास भी बुझाता है। ऐसे बहुत से अवसरों पर जब उपवास रखना पड़ता है तब टमाटर का रस पानी में मिलाकर लेने से उपवास का लाभ और भी बढ़ता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि टमाटर विटामिनों से भरपूर एक सस्ता और सुलभ फल है इसमें विटामिन ए भी होता है जो मुख्यतः चिकनाई वाले पदार्थ जैसे दूध, घी मक्खन आदि से मिलता है। (स्वा.द.)

# अद्भुत गुणों से भरपूर है काजू

अनूप मिश्रा

सूखा मेवा काजू हमारे स्वास्थ्य व त्वचा के लिए बेहद लाभकारी होता है ऐसा अक्सर हमने अपने बड़े-,बुजुर्गों से कहते सुना है। और तो और काजू का प्रयोग मिठाइयों और सब्जियों में स्वाद बढ़ाने हेतु भी खूब जमकर किया जाता है। यह विटामिन- 'बी-6', 'इ' और 'के' का अदभुत खजाना होता है और प्रोटीन युक्त होता है। इसके नियमित सेवन से कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। तो आइए जानते हैं शरीर को होने वाले कुछ फायदों के बारे में।



- ◆ काजू बालों और हड्डियों को मजबूती प्रदान में सर्वोत्तम होता है।
- ◆ यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखता है।
- ◆ सुबह के समय खाली पेट काजू खाने से स्मरण शक्ति बढ़ती है।
- ◆ काजू शरीर में आयरन की कमी को पूरा करता है इससे शरीर में बढ़ती कमजोरी भी दूर हो जाती है।
- ◆ कैंसर और इंफेक्शन से लड़ने के लिए काजू एक कारगर औषधि होते है।
- ◆ काजू हृदय को स्वस्थ बनाने में अव्वल है।
- ◆ यह वजन को काबू में रखता है तथा मधुमेह से बचाता है।
- ◆ भीगे काजू को पीस कर चेहरे पर लगाने से चेहरा चमकने लगता है।
- ◆ रोजाना दूध के साथ काजू का खाने से पेट के कीड़े निकल जाते हैं।
- ◆ अंत में , काजू मनुष्य के शरीर की हड्डियों को लचीला बनाने में भी बेहद मददगार है। (स्वा.द.)

# चक्रासन से कब्ज को दूर भगाइये

आज कब्ज एक भयंकर बीमारी के रूप में उभरी हुई है परन्तु अभी भी अधिकतर लोग इसके प्रति सजग नहीं हैं। जो लोग कब्ज के विषय में नहीं जानते, उन्हें इस विषय में जान लेना आवश्यक है और जो इसके विषय में पहले से ही जानते हैं और फिर भी इसकी अवहेलना करते हैं, वे वास्तव में अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते रहते हैं और देर-सवेर उन्हें इसका भयंकर परिणाम भुगतना ही पड़ता है।

मल जब आंतों को पकड़ लेता है अर्थात् उनकी स्वाभाविक क्रिया में अवरोध उत्पन्न कर देता है तो उस स्थिति को कब्ज के नाम से जाना जाता है। इसे कोष्ठबद्धता के नाम से भी जाना जाता है। प्रायः शरीर में होने वाले सभी रोगों के मूल में 'कब्ज' ही कारण बनता है। कब्ज के कारण बड़ी आंतों में खुराक के देर तक रूकने और सड़ते रहने पर उसमें से दुर्गन्धयुक्त गैस निकलती रहती है।

यह गैस शरीर के लिए बहुत हानिकारक होती है। इसी से रक्त में उष्णता बढ़कर उसकी गति में व्यवधान उपस्थित होता है। इसके नतीजे धीरे-धीरे सामने आते हैं। प्रायः लोग 'कब्ज' को बीमारियों की माता कहते हैं। कब्ज के कारण जीवन का आनन्द नष्ट हो जाता है। इसके कारण अजीर्ण, मन्दाग्नि, संग्रहणी, अर्श (बवासीर), भगंदर, धातु दुर्बलता, स्त्रियों के मासिक स्राव में गड़बड़ी, रक्तचाप, स्वप्नदोष, दमा, मियादी बुखार, पायरिया, गंजापन, मोटापा, बालों का सफेद होना, नेत्रा ज्योति का क्षीण होना, आदि अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं।



कब्ज के रोगी को मल त्यागने के लिए बार-बार जोर लगाना पड़ता है जिससे कभी-कभी हर्निया भी हो सकता है। कब्ज से यकृत में बहुत विकार पैदा हो जाते हैं। यहां तक कि अनीमिया (खून की कमी) और शरीर में पानी पड़ जाने का रोग भी हो जाता है।

मल का पतला आना, शुष्क आना, थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बार-बार आना कब्ज के ही रूप हैं। कब्ज होने के विभिन्न कारण हैं लेकिन खान-पान की अनियमितता इसका एक विशेष कारण है। खान-पान की अनियमितता के कारण ही पैखाना निश्चित समय पर न आना या कम आना या बिलकुल न आना प्रारंभ हो जाता है। मल का कड़ा होना, मल त्याग में कठिनाई, रूक जाना आदि भी कब्ज के ही अन्तर्गत आता है। कब्ज या कोष्ठबद्धता के कुछ विशिष्ट कारण निम्नांकित हैं-

- ❄ यकृत की कमजोरी।
- ❄ रेचक दवाओं का परिणाम।
- ❄ विटामिनों का अभाव।
- ❄ मल मूत्र के वेगों को रोकना।
- ❄ विशुद्ध वायु का अभाव।
- ❄ मानसिक स्थिति का प्रभाव।
- ❄ शारीरिक परिश्रम का अभाव तथा।
- ❄ खान-पान की अनियमितता।

इनके अतिरिक्त नींद की अनियमितता, शौचालय की गंदगी, कम जल पीना, आदि कारणों से भी कब्ज की बीमारी हो सकती है। कब्ज से ग्रस्त व्यक्तियों को सिरदर्द, अंग वेदना, शरीर का भारी रहना, पैरों में दर्द, घबराहट, गैस चढ़ना, नेत्रों में भारीपन, दांतों पर मैल की परत जमना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं। संग्रहणी, पेचिश तथा मल का बार-बार आना भी कब्ज के ही लक्षण माने जाते हैं।

कब्ज की व्याधि से छुटकारा पाने के लिए 'चक्रासन' रामबाण औषधि है क्योंकि इसका सीधा प्रभाव बड़ी आंत पर पड़ता है जिससे आंत के अंदर का सड़ा, कड़ा एवं रूका मल शीघ्र ही बाहर निकल जाता है। चक्रासन करने से कब्ज की शिकायत रह ही नहीं सकती। इससे शरीर में लचीलापन आता है और पुनर्यौवन की प्राप्ति होती है। कमर पतली तथा सीना चौड़ा होता है। यह आसन नृत्य कलाकारों की दिव्य देन है।

चक्रासन करते रहने से नाभि मंडल स्वयमेव अपने स्थान पर आ जाता है और शरीर का रक्तसंचार दुरूस्त हो जाता है। कमर, घुटना, हाथ-पांव, कंधा, वक्षस्थल, बांह और पैर, सभी पर इस आसन का अच्छा प्रभाव पड़ता है। इस आसन को स्त्री एवं पुरूष दोनों ही समान रूप से कर सकते हैं।

इस आसन के करते रहने से कब्ज की बीमारी दूर हो जाती है तथा पाचन-शक्ति में वृद्धि होती है। पुरूषों के धातुदोष, शीघ्रस्खलन, स्वप्नदोष आदि बीमारियां भी चक्रासन से दूर हो जाती हैं। स्त्रियों की मासिक अनियमितता, स्तनों की शिथिलता, ल्यूकोरिया आदि बीमारियां चक्रासन से दूर हो जाती हैं तथा बदन छरहरा व चुस्त हो जाता है।

**आसन की विधिः-** आसन के नियमों का ध्यान रखते हुए जमीन पर एक चादर बिछा दें और उस पर पीठ के बल लेट जाएं। पूरे शरीर को सीधा रखें। इसके बाद दोनों पांवों को घुटने से मोड़कर उनके बीच लगभग एक फुट की दूरी रखते हुए नितम्बों (जांघों) के पास तक लायें। इसके बाद हाथों को कोहनी वाले हिस्से से मोड़कर उल्टा करते हुए कंधों के पास रखें। इस समय हाथों की अंगुलियां पैरों की तरफ होनी चाहिए।

अब हाथों और पांवों के बल पूरे शरीर को ऊपर की ओर उठाइए। नजर सामने रखें। सांस साधारण रूप से चलने दें। कुछ देर उसी स्थिति में रहने के बाद वापस पहली स्थिति में आ जाइये। इस प्रकार पांच-सात बार तक रोज अभ्यास करके चक्रासन के लाभों को उठाया जा सकता है।

प्रारंभ में थोड़ी कठिनाई हो सकती है मगर निरन्तर अभ्यास करते रहने पर कुछ दिनों में यह सामान्य हो जाता है। आसन के अभ्यास को धीरे-धीरे आगे बढ़ाते रहना चाहिए। कुछ लोग इस आसन को खड़ा होकर भी करते हैं परन्तु सामान्य लोगों से प्रारंभ में यह संभव नहीं होता। खड़ा होकर अभ्यास तभी किया जाना चाहिए जब कोई अच्छा योग शिक्षक सम्मुख हो।

कब्ज निवारण, यकृत को शक्तिशाली बनाने, कमर को पतली बनाने, स्तनों को सुदृढ़ बनाने, पाचन की शक्ति को बढ़ाने, शीघ्रपतन, धातुदोष, ल्यूकोरिया आदि व्याधियों से मुक्ति पाने के लिए चक्रासन' का अभ्यास नियमित रूप से करना चाहिए। (स्वा.द.)

# सेहत की खबरें

अशोक गुप्त

## वृद्धों की स्मरण शक्ति बढ़ाती है कॉफी

कॉफी के शरीर पर अच्छे व बुरे परिणामों के विषय में लगातार शोध चलते रहते हैं। अमरीका के एरीजोना विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार कॉफी में उपस्थित कैफीन वृद्धजनों की स्मरण शक्ति बढ़ाने में लाभप्रद रहती है। शोधकर्ताओं के अनुसार वृद्ध लोग दोपहर की कॉफी के पश्चात् अधिक चुस्त और तरोताजा महसूस करते हैं।

शोध में शामिल बुजुर्गों को जब कैफीन रहित कॉफी दी गई तो उन्हें याददाश्त की समस्याएं शुरू हो गई किन्तु कैफीनयुक्त कॉफी देने से उनकी समस्या दूर हो गई। हां, यह याद रखें कि अधिक मात्रा में कॉफी लेना और समस्याएं पैदा कर सकता है।

## वसारहित केक भी हृदय के लिए हानिकारक है

अमेरिकन डॉयटिक एसोसियेशन के अनुसार शीतल पेय और वसा रहित केक हृदय के लिए हानिकारक हो सकते हैं। यद्यपि कम वसा वाला भोजन स्वास्थ्य के लिए अच्छा है किन्तु इससे शरीर में अच्छे कोलेस्ट्रोल का स्तर कम हो जाता है।

अध्ययन के अनुसार जो लोग कम वसा वाला भोजन लेते हैं वे प्रायः अधिक मीठे पदार्थ खाना प्रारम्भ कर देते हैं जिससे एच.डी.एल. का स्तर कम हो जाता है जो हृदय के लिए हानिकारक है। परिणाम यह निकला कि केक चाहे वसायुक्त हो या वसारहित, उसे न खाना ही स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

## फल और हरी सब्जियां दूर रखेंगी कैंसर को

अमेरिका के नेशनल कैंसर इन्स्टीट्यूट ने 'फाइव ए डे' प्रोग्राम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के अनुसार रोज़ कम से कम पांच बार फलों और हरी सब्जियों का सेवन करके कैंसर जैसी बीमारी से बचा जा सकता है। उनके अनुसार नाश्ते में आधा गिलास फल के रस के साथ एक केला, दोपहर के खाने में फलों के रस के साथ कच्ची सब्जियों का सलाद और एक पकाई हुई हरी सब्जी से शरीर को न केवल कैंसर के विरूद्ध सुरक्षा मिल सकती है बल्कि हृदय रोग, मोटापा, मधुमेह व कई अन्य बीमारियों से भी बचा जा सकता है। उनके अनुसार फॉस्ट फूड स्वास्थ्य का सबसे बड़ा शत्रु है और इससे दूर रहने में ही भलाई है।

## मांस और सलाद से सावधान

पिछले कुछ वर्षों से दिमाग में कीड़े जाने के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। पहले ऐसा समझा जाता था कि मांस के साथ खाए गए टेपवर्म नाम के कीड़े सिसटीसरकोसि सारीब्राइ नामक इस बीमारी के कारण हैं किंतु अब इसके अधिकतर मरीज शाकाहारी हो रहे हैं। मांसाहारियों में यह कीड़ा मुख्यतः सुअर के मांस के द्वारा ही पहुंच सकता है और सुअर का मांस अच्छी तरह पका कर खाने से कीड़े मर जाते हैं।

सब्जियां प्रायः सलाद के रूप में कच्ची खायी जाती हैं जिससे यह बीमारी फैलने की संभावना बढ़ती जा रही है। जगह-जगह शौच करने से और शौच के खाद में मिल जाने से इन कीड़ों के लारवा सब्जियों में पहुंच जाते हैं। प्रायः गोभी, गाजर, टमाटर खीरा और अन्य सब्जियों में यह लारवा होता है और कई अन्य सब्जियों में यह लारवा होता है और यदि सब्जी को अच्छी तरह से नहीं धोया गया या कच्चा खाया गया तो यह लारवा शरीर में प्रवेश कर सकते हैं।

डाक्टरों के अनुसार खाने से सफाई का पूरा ध्यान रखा जाना आवश्यक है। खाना बनाने से पहले अच्छी तरह से हाथ धोएं और सलाद वाली सब्जियों को बहुत अच्छी तरह से धोकर खाएं। डाक्टरों के अनुसार जिन लोगों के दिमाग में लारवा पहुंचता है उन्हें दौरे पड़ने शुरू हो जाते हैं और हाथ एवं गर्दन एकदम दूसरी तरफ पलट जाती है। यह लारवा आंखों में पहुंचकर आंखों की रोशनी भी कम कर सकता है। यदि मांसपेशियों में फैल जाए तो मांसपेशियों में सूजन आनी शुरू हो जाती है।

कई बार यह त्वचा के नीचे अपना घर बना लेता है तथा त्वचा में छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं। यदि किसी व्यक्ति को यह हो तो उसे तुरन्त डाक्टर की सहायता लेनी चाहिए क्योंकि थोड़ी सी देरी मरीज को अंधा, विकलांग या मौत का शिकार बना सकती है।

## भोजन का मूड पर प्रभाव

जो कुछ हम खाते हैं, वह हमारे स्वास्थ्य पर तो प्रभाव डालता ही है। प्रायः चाय या काफी पीने के पश्चात् हम चुस्ती अनुभव करते हैं। इन पदार्थों में कैफीन होती है जो डिप्रेशन पैदा करने वाले पदार्थों को कम करती है। भोजन में कार्बोहाइडेऋट अधिक होने से भी तनाव दूर होता है। चीनी खाने से शरीर में चुस्ती आती है किंतु बाद में शरीर में ग्लूकोज की कमी होते ही मनुष्य थकान महसूस करने लगता है। फल सब्जियां कम और वसा वाली चीजें अधिक खाने से डिप्रेशन बढ़ता है। यूं भर पेट खाने से भी शरीर में चुस्ती आती है जबकि कम खाने वाले भी शरीर में चुस्ती अनुभव करते हैं।

## स्ट्रोक के इलाज में जल्दी करना महत्त्वपूर्ण है

ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों का इलाज करना और उन्हें स्ट्रोक से पहले की स्थिति में लाना बहुत कठिन होता है। पर समय अस्पताल पहुंचने से स्वस्थ होने की संभावनाएं अधिक हो जाती हैं। यह भी पाया गया है कि स्ट्रोक से बचने वाले हर 4 मरीजों में से एक मरीज को दोबारा स्ट्रोक होता है पर रक्तचाप पर काबू करके इस खतरे को कम किया जा सकता है। इसके लिए यह आवश्यक है कि रक्तचाप को 120/80 या उससे कम रखा जाए। इसके अतिरिक्त स्वस्थ भोजन, वजन न बढ़ने देना, नियमित व्यायाम, नमक कम करने और तनाव कम करने से भी दूसरे स्ट्रोक का खतरा कम किया जा सकता है।

## वजन कम करने हेतु कम कैलोरी का भोजन करें

अपने दैनिक भोजन से केवल 300 कैलोरी नित्य कम करके आप अपना वजन 10 प्रतिशत कम कर सकते हैं और कई गंभीर रोगों का खतरा भी कम कर सकते हैं। लासेट डायबिटिज एंड एंडाक्रिलॉजी जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार 21 से 50 वर्ष के स्वस्थ लोगों पर यह परीक्षण किया गया है और पाया गया कि अपने दैनिक भोजन से 300 कैलोरी प्रतिदिन कम कर देने से दो वर्ष में शरीर का वजन 10 प्रतिशत कम हो गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य बदलाव यह देखा गया कि शरीर में हृदय रोग, कैंसर की सूचना देने वाले एक बायो-मार्कर का स्तर भी काफी कम हो गया। इस बायो मार्कर का अर्थ है शरीर में बनी रहने वाली पुरानी सूजन जो हृदय रोग, कैंसर व अन्य बीमारियों को जन्म देती है। इसलिए अपने भोजन में 300 कैलोरी दैनिक कम कीजिए और बेहतर स्वास्थ्य पाइए।

## बुढ़ापे में स्टेंटिंस बंद न करें

स्टेटिंस वे दवाइयों होती हैं जो शरीर में कोलेस्ट्राल के स्तर को कम करने के लिए ली जाती हैं। ये दवाएं रक्त में वसा के स्तर को कम रखती हैं जिससे हृदय रोग होने की संभावना कम हो जाती है। यूरोपियन हार्ट जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार वृद्धावस्था में ये दवाएं छोड़ देने से हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। जिन लोगों ने बड़ी उम्र में ये दवाएं लेना छोड़ दिया, उन्हें हृदय रोग का खतरा 33 प्रतिशत अधिक पाया गया। उन्हें स्ट्रोक होने का खतरा भी 28 प्रतिशत अधिक था। इसलिए यदि आप ये दवा ले रहे हैं तो बड़ी उम्र में आकर इन्हें छोड़ें नहीं। यह भी पाया है कि जो लोग केवल शाकाहारी भोजन करते थे, हृदय रोग होने का खतरा 16 प्रतिशत कम पाया गया।

## माइग्रेन में दही का सेवन फायदेमंद

इटली में यूनिवर्सिटी ऑफ मिलान के विशेषज्ञों द्वारा किए एक शोध के अनुसार माइग्रेन में दही का सेवन फायदेमंद है। इसका कारण दही में युक्त बैक्टीरिया हैं। इस शोध में 130 पुरूष और महिलाओं ने भाग लिया जिन्हें माइग्रेन के अटैक लगातार पड़ते रहते थे। इनमें से कुछ व्यक्तियों को एक वर्ष तक दवाओं के साथ-साथ प्रतिदिन एक कप दही का सेवन करवाया गया और कुछ व्यक्तियों को सिर्फ दवाओं का। एक वर्ष पश्चात् इनकी जांच पर पाया गया कि दही का सेवन करने वाले व्यक्तियों में, सिर्फ एंटीबायटिक का सेवन करने वाले व्यक्तियों की अपेक्षा माइग्रेन में 30 प्रतिशत कमी पाई गई।

(स्वा. द.)

# सत्य साई बाबा की शिक्षाएं 140 देशों में लाखों लोगों को प्रकाश दिखा रही हैं: मोदी



**पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साई बाबा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं और सेवा दुनिया भर में लाखों अनुयायियों का मार्गदर्शन करती रहेंगी। मोदी ने सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में अपने संबोधन से पहले उनकी स्मृति में एक सिक्का और डाक टिकटों का एक सेट भी जारी किया। मोदी ने कहा, श्री सत्य साई बाबा का शताब्दी समारोह महज एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है। यद्यपि साई बाबा भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, फिर भी उनका प्रेम और सेवा भावना करोड़ों लोगों के लिए मार्गदर्शक शक्ति है। उन्होंने कहा कि 140 देशों में सत्य साई बाबा के लाखों भक्तों को नई रोशनी, दिशा मिल रही है और वे आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु ने सेवा को मानव जीवन के केंद्र में रखा। उन्होंने ध्यान दिलाया कि बाबा का जीवन वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार है) के आदर्श का जीवंत अवतार था, और इसलिए, यह जन्म शताब्दी वर्ष सार्वभौमिक प्रेम, शांति और सेवा का एक भव्य उत्सव बन गया है। मोदी ने यह भी कहा कि भारतीय सभ्यता का मूल आधार सेवा है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सभी विविध आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपराएं अंततः एक ही विचार की ओर ले जाती हैं, चाहे कोई भक्ति, ज्ञान या कर्म के मार्ग पर चले। मोदी ने जोर देकर कहा कि 'सेवा परमो धर्मः' वह सिद्धांत है जिसने सदियों से चले आ रहे परिवर्तनों और चुनौतियों के बीच भारत को बनाए रखा है और हमारी सभ्यता को आंतरिक शक्ति प्रदान की है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने श्री सत्य साई बाबा के सम्मान में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवंगत आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साई बाबा के जीवन, शिक्षाओं और विरासत के सम्मान में 100 रुपये का स्मारक सिक्का और डाक टिकटों का एक सेट जारी किया। मोदी ने श्री सत्यसाई जिले में साई बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लिया। समारोह के दौरान, मोदी ने यहां साई बाबा की महासमाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और के राम मोहन नायडू तथा अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## देश के 5.67 लाख गांव 'ओडीएफ प्लस' घोषित, 2022 से अबतक 467 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली :** देश के करीब 5.67 लाख गांवों को 'ओडीएफ प्लस' घोषित किया गया है। यह संख्या 2022 के करीब एक लाख गांव से करीब 467 प्रतिशत अधिक है। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर जल शक्ति मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के मुताबिक इन अवधि में करीब 4.86 लाख गांवों ने 'ओडीएफ प्लस आदर्श' चरण हासिल कर लिया है, जिसका अभिप्राय है कि उक्त गांव ठोस और तरल अपशिष्ट का प्रबंधन करते हुए तथा दृश्य स्वच्छता बनाए रखते हुए खुले में शौच से मुक्त स्थिति को बनाए रखें हुए हैं। जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि यह परिवर्तन राष्ट्रव्यापी भागीदारी और निरंतर सरकारी समर्थन दोनों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने ग्रामीण और शहरी भारत में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण में राज्यों की मदद की है। पाटिल ने एक कार्यक्रम में कहा, ''इसकी जिम्मेदारी राज्य सरकारों की थी और केंद्र ने देश भर में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण करके इसमें सहायता की।'' मंत्री ने कहा कि बड़े पैमाने पर शौचालय तक सुलभता से व्यवहार में बदलाव आया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 95 प्रतिशत से अधिक गांवों को 'ओडीएफ प्लस' घोषित किया गया है। इसके अनुसार दिसंबर 2022 में 'ओडीएफ प्लस' गांवों की संख्या करीब एक लाख थी जो 467 प्रतिशत बढ़कर 5.67 लाख हो गई हैं। 'ओडीएफ प्लस' आदर्श गांवों की संख्या बढ़कर 4,85,818 हो गई है। पाटिल ने कहा, ''करोड़ों लोग पहले खुले में शौच करते थे लेकिन अब उन्होंने ऐसा करना बंद कर दिया है।'' उन्होंने स्वच्छता को जन आंदोलन में बदलने के लिए स्वच्छ भारत मिशन को श्रेय दिया। मंत्री ने कहा कि बेहतर स्वच्छता से बच्चों की भी सुरक्षा हुई है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक ने पुंछ का दौरा किया, सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**जम्मू :** जम्मू के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) भीम सेन टूटी ने बुधवार को सीमावर्ती जिले पुंछ का दौरा किया और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। दिल्ली में 10 नवंबर को हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत के बाद, सीमावर्ती जिले में सुरक्षा और चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलिस महानिरीक्षक ने पुंछ का दौरा किया और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। आईजीपी को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। उन्होंने सुरक्षा और संचालन तैयारियों की समीक्षा की और कड़ी निगरानी एवं समन्वय करने के निर्देश दिए।

### सीबीआई ने 99 लाख रुपये की रिश्वत के मामले में पूर्व मध्य रेलवे के उपमुख्य अभियंता को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हाजीपुर में पूर्व मध्य रेलवे के एक उप मुख्य अभियंता (निर्माण) और दो अन्य अधिकारियों को जेपीडब्ल्यू इंफ्राटेक के कर्मचारियों से लगभग 99 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने सोमवार को आरोपी उपमुख्य अभियंता आलोक कुमार के कार्यालय पर छापेमारी के बाद यह गिरफ्तारी कीं। कार्यालय अधीक्षक आलोक कुमार दास को जेपीडब्ल्यू के परियोजना प्रबंधक गोविंद भुल्लर और कर्मचारी सूरज प्रसाद से कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। एजेंसी ने दास को भी गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कुमार व दास पर निजी ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने के बदले रिश्वत प्राप्त करने की भ्रष्ट और अवैध गतिविधियों में लिप्त थे।

### आयरलैंड आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ मजबूती से खड़ा है: राजदूत

**नयी दिल्ली :** भारत में आयरलैंड के राजदूत केविन केली ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में आयरलैंड भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने 'पीटीआई वीडियो' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर हुए हालिया हमलों की भी निंदा की और कहा कि आयरिश पुलिस बल ने समुदाय के साथ संवाद और समर्थन में मदद के लिए विशेष इकाइयां स्थापित की हैं। केली ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आयरलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भारत में हुए हालिया आतंकवादी हमले की निंदा करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय नेताओं में शामिल थे। उन्होंने कहा, आतंकवाद से हम अनजान नहीं है। हमारे आयरलैंड द्वीप पर भी, विभिन्न पक्षों की आतंकवादी गतिविधियों के कारण कई दशकों तक रक्तपात हुआ है। केली ने कहा कि आयरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों पर हाल में हुए हमलों की आयरिश सरकार ने कड़ी निंदा की है, तथा विशेष पुलिस इकाइयां स्थापित की गई हैं तथा सार्वजनिक रूप से एकजुटता प्रदर्शित की गई है।

### सीई20 क्रायोजेनिक इंजन को बाहरी सहायता की नहीं पड़ेगी जरूरत, इसरो ने किया सफल परीक्षण

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को घोषणा की कि उसने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन के 'बूट-स्ट्रैप मोड स्टार्ट' परीक्षण का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है, जो प्रक्षेपण यान मार्क 3 (एलवीएम 3) रॉकेट के ऊपरी हिस्से को शक्ति प्रदान करता है। इसरो ने बताया कि यह परीक्षण 7 नवंबर को महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स स्थित उच्च-ऊंचाई परीक्षण (एचएटी) केंद्र में निर्वात परिस्थितियों में 10 सेकंड के लिए किया गया। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, सीई20 क्रायोजेनिक इंजन उड़ान के दौरान चालू होने पर 19 से 22 टन के बीच के 'थ्रस्ट' (ऊपर की ओर ले जाने के) स्तर पर संचालन के लिए पहले से ही सक्षम है और इसे गगनयान मिशन में उपयोग के लिए मंजूरी दी गई है।

## ईडी ने रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में लालू परिवार के करीबी को गिरफ्तार किया



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने गुरुग्राम में घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के करीबी माने जाने वाले रियल एस्टेट कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। कात्याल को एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया। बाद में, गुरुग्राम की एक विशेष अदालत ने कात्याल को छह दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। यह जांच गुरुग्राम के सेक्टर-70 में 14 एकड़ में बने 'क्रिश फ्लोरेंस एस्टेट' में फ्लैट नहीं सौंपने के आरोपों से संबंधित है। इस परियोजना का विकास कात्याल की कंपनी 'एंजल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा किया जा रहा था। कात्याल को ईडी ने 2023 में कथित तौर पर जमीन के बदले रेलवे नौकरी घोटाले से संबंधित एक अन्य धन शोधन मामले में भी गिरफ्तार किया था, जिसमें लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और परिवार के अन्य सदस्य आरोपी हैं।

## अदालत ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वांछित अनमोल बिश्नोई को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी एवं गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को बुधवार को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया और कहा कि उसके खिलाफ गंभीर आरोप हैं। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अमेरिका से प्रत्यर्पण के उपरांत गिरफ्तार किये गये अनमोल उर्फ भानू को शाम करीब पांच बजे पटियाला हाउस अदालत में पेश किया। राकांपा के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, अप्रैल 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या समेत कई अन्य अपराधों में वांछित अनमोल को मंगलवार को अमेरिका से प्रत्यर्पित कराया गया। उसे पिछले साल नवंबर में अमेरिका में हिरासत में लिया गया था। संघीय एजेंसी ने अनमोल को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा के समक्ष पेश कर उसकी 15 दिन की हिरासत उसे देने का अनुरोध किया, जिस पर अदालत ने अनमोल को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने गौर किया कि एजेंसी ने गिरोहों के वित्तीय लेनदेन और उन्हें अन्य सहायता प्रदान करने में संलिप्त होने का हवाला देते हुए आरोपी की 15 दिनों की हिरासत देने का अनुरोध किया था।

## बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने अदाणी के अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में जाने पर रोक लगायी

**ढाका :** बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को भारत के अदाणी समूह को आदेश दिया कि वह सार्वजनिक क्षेत्र के विद्युत विकास बोर्ड (बीपीडीबी) के साथ भुगतान विवाद को लेकर सिंगापुर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता तब तक न करे जब तक कि उसके बिजली आपूर्ति सौदे की जांच पूरी न हो जाए। उच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों वाली पीठ के आदेश के अनुसार, मध्यस्थता तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि बिजली खरीद समझौते और संभावित अनियमितताओं की जांच के लिए नियुक्त समिति अपनी रिपोर्ट नहीं दे देती। यह आदेश एक वकील की याचिका के बाद आया है, जिसमें अदाणी के साथ बीपीडीबी के समझौते को रद्द करने की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया था। याचिका में इसे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल में हस्ताक्षरित 'एकतरफा' समझौता बताया गया था।

## संजौली मस्जिद विवाद: प्रदर्शनकारी समूहों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया



**शिमला (हिप्र) :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के उपनगरीय क्षेत्र संजौली में स्थित मस्जिद को सील करने की मांग को लेकर देवभूमि संघर्ष समिति ने 21 नवंबर को विरोध प्रदर्शन करने का बुधवार को आह्वान किया। अदालत ने इस मस्जिद के ढांचे को अवैध घोषित किया था। समिति के सदस्य मंगलवार से संजौली पुलिस चौकी के निकट भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वे अपने सदस्यों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने की मांग कर रहे हैं, जिन्होंने पिछले शुक्रवार को मस्जिद में मुसलमानों को नमाज पढ़ने से रोकने की कोशिश की थी। वे मस्जिद की बिजली और पानी की आपूर्ति काटने की भी मांग कर रहे हैं। समिति के सह-संयोजक विजय शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''समूह ने बुधवार शाम को भविष्य की रणनीति बनाने के लिए एक बैठक बुलाई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों पर जोर देने के लिए शुक्रवार को व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।'' पिछले शुक्रवार को, समिति के सदस्यों ने कुछ मुसलमानों को संजौली मस्जिद में नमाज अदा करने से रोक दिया था और विवाद बढ़ने पर कुछ लोग बिना नमाज अदा किए ही लौट गए। इसके बाद, संजौली पुलिस ने एक विशेष समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हालांकि, समिति के सदस्यों का कहना है कि अदालत ने मस्जिद को अवैध घोषित कर दिया है, इसलिए ''विवादित व अवैध ढांचे'' में नमाज अदा नहीं की जानी चाहिए। शिमला की जिला अदालत ने मस्जिद गिराने के शिमला नगर आयुक्त की अदालत के फैसले को 30 अक्टूबर को बरकरार रखा था।

## बिहार में एसआईआर के दौरान गोपालगंज में सबसे अधिक, दरभंगा में सबसे कम नाम हटाए गए

**नयी दिल्ली :** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान गोपालगंज विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए, जबकि दरभंगा सीट पर यह संख्या सबसे कम रही। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में इन दोनों सीट पर भाजपा विजयी रही। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 24 जून को जब राज्य में एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई, उस समय गोपालगंज में कुल मतदाताओं की संख्या 3.52 लाख थी। 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने पर यह संख्या घटकर 3.24 लाख रह गई। यानी कुल 56,793 नाम हटाए गए। आंकड़ों के अनुसार एसआईआर शुरू होने के समय दरभंगा में मतदाताओं की संख्या 3.27 लाख थी, जो अंतिम सूची जारी होने पर घटकर 3.24 लाख रह गई। यानी कुल 2,859 अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए। नौतन विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में सबसे अधिक नाम जोड़े गए। एसआईआर शुरू होने होने पर यहां मतदाताओं की संख्या 2.80 लाख थी, जो 20 अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तिथि तक बढ़कर 2.86 लाख हो गई - यानी 5,434 नए मतदात-ाओं के नाम जोड़े गए। इस सीट पर भी भाजपा विजयी रही। मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया चुनाव के उस चरण के नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक जारी रहती है।

## राष्ट्रपति संदर्भ: राज्यपाल की मंजूरी की अवधि संबंधी मुद्दे पर शीर्ष अदालत का फैसला बृहस्पतिवार को

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति संदर्भ पर अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें पूछा गया था कि क्या संवैधानिक न्यायालय राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनने के बाद 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत से यह जानना चाहा था कि क्या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार के इस्तेमाल के लिए न्यायिक आदेशों द्वारा समयसीमा निर्धारित की जा सकती है। 'राष्ट्रपति संदर्भ' का निर्णय तमिलनाडु सरकार द्वारा पारित विधेयकों की मंजूरी को लेकर राज्यपाल की शक्तियों पर न्यायालय के आठ अप्रैल के फैसले के बाद आया था। पांच पन्नों के संदर्भ में, मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय से 14 सवाल पूछे हैं और राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों से निपटने में अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों पर उसकी राय जानने की कोशिश की।

## जीवनसाथी को बार-बार अत्महत्या की धमकी देना क्रूरता : बंबई उच्च न्यायालय

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को तलाक देते हुए कहा कि जीवनसाथी द्वारा बार-बार आत्महत्या करने की धमकी देना क्रूरता के समान है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने पिछले सप्ताह पारित अपने आदेश में कहा कि जब ऐसा आचरण दोहराया जाता है, तो पति या पत्नी के लिए वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव हो जाता है। इस फैसले की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। यह आदेश उस व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया, जिसने पारिवारिक अदालत के 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। पारिवारिक अदालत ने व्यक्ति की तलाक की अर्जी खारिज कर दी थी। याचिका के मुताबिक व्यक्ति की शादी 2006 में हुई थी, लेकिन वैवाहिक विवाद के कारण वह 2012 से पत्नी से अलग रह रहा था। व्यक्ति ने दावा किया कि अलगाव और संदेह के साथ-साथ धमकी और आत्महत्या का प्रयास करना हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक देने के आधार हो सकता है। पीठ ने आदेश में कहा कि पति-पत्नी एक दशक से अधिक समय से अलग-अलग रह रहे हैं और उनके बीच न तो कोई सौहार्द्रपूर्ण समझौता हो पाया है और न ही मेल-मिलाप संभव हो पाया है।

## असम में अवैध मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया से बाहर करने के लिए 'विशेष पुनरीक्षण': हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण राज्य में चुनाव प्रक्रिया से अवैध मतदाताओं को बाहर निकालने में मदद करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को असम में मतदाता सूची के 'विशेष पुनरीक्षण' का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गुवाहाटी में एक कार्यक्रम से इतर कहा, चूंकि विभिन्न पुराने मुद्दों के कारण असम में एनआरसी को अधिसूचित नहीं किया गया है, इसलिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने इस संबंध में राज्य सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है तथा कहा कि एसआर से सभी पात्र नागरिकों के लिए स्वच्छ, अद्यतन और सटीक मतदाता सूची सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के लिए निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, राज्य में एसआर करने के लिए एक जनवरी 2026, योग्य तारीख माना जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि एसआर मतदाता सूची के वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण के बीच की प्रक्रिया है।

## ओडिशा पुलिस ने पांच जिलों में संदिग्ध बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई शुरू की



**भुवनेश्वर :** ओडिशा पुलिस ने घुसपैठ पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच जिलों में समन्वित छापेमारी की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले में संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों का एक मकान ध्वस्त करने के बाद मंगलवार को यह अभियान शुरू किया। वे इस मकान में कथित तौर पर पनाह लिए हुए थे। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है, जब विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा क्योंझर में आहूत 12 घंटे के बंद के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। संगठन संदिग्ध घुसपैठियों को तत्काल राज्य से बाहर निकालने की मांग कर रहा है। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए ओडिशा सरकार ने प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व्यक्तियों की पहचान शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, हम कानूनी कार्रवाई करेंगे और अवैध रूप से रह रहे सभी लोगों को बाहर निकालेंगे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को केन्द्रपाड़ा, भद्रक, क्योंझर और पुरी जिलों में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि भद्रक में 17 लोगों को हिरासत में लिया गया जबकि जगतसिंहपुर जिला पुलिस ने सोमवार को ध्वस्त किए गए मकान से एक पिस्तौल समेत हथियार बरामद करने के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया और कई अन्य से पूछताछ की।

## आरएसएस के बारे में पूर्वाग्रहों के आधार पर कोई राय न बनाएं युवा: भागवत



**गुवाहाटी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को असम और पूर्वोत्तर भारत के युवाओं से अपील की कि वे संगठन के बारे में पूर्वाग्रहों या दुष्प्रचार के आधार पर अपनी राय न बनाएं। भागवत ने अपनी तीन दिवसीय असम यात्रा के अंतिम दिन युवा नेतृत्व सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरएसएस के सिद्धांतों, आदर्शों व कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला, साथ ही संगठन के बारे में चल रहे वाद-विवाद और चर्चाओं का जवाब दिया। उन्होंने कहा, आरएसएस अब सार्वजनिक चर्चाओं का विषय बन गया है, लेकिन ये चर्चाएं तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। भागवत ने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय मंचों और डिजिटल स्रोतों पर संघ के बारे में 50 प्रतिशत से अधिक जानकारी या तो गलत है या अधूरी है। उन्होंने विभिन्न मीडिया संस्थानों पर आरएसएस के बारे में जानबूझकर गलत सूचना फैलाने का अभियान चलाने का आरोप लगाया। आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य भारत को 'विश्वगुरु' बनाना है। उन्होंने कहा, राष्ट्र का उत्थान तभी हो सकता है जब समाज का उत्थान हो। एकजुट समाज ही एक प्रगतिशील राष्ट्र का नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने युवाओं से विकसित देशों के इतिहास का अध्ययन करने का आग्रह किया और कहा कि अध्ययन के दौरान वे पाएंगे कि उन्होंने विकास के पहले सौ वर्ष के दौरान समाजों में एकता और गुणात्मक शक्ति कायम करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, भारतीय समाज को भी इसी तरह विकसित होने की आवश्यकता है और यह विचार आरएसएस के सामाजिक परिवर्तन के पांच प्रमुख सिद्धांतों में परिलक्षित होता है, जो इसके शताब्दी वर्ष के अवसर पर अपनाए गए हैं। भागवत ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में भारत की महानता भाषाई, क्षेत्रीय व आस्था-आधारित विविधताओं का सम्मान करने और उन्हें स्वीकार करने की उसकी दीर्घकालिक परंपरा में निहित है। विविधता के महत्व पर बात करते हुए उन्होंने कहा पाकिस्तान समेत भारत से अलग होने वालों ने अंततः इन परंपराओं को खो दिया।

## 81 देशों की 240 से अधिक फिल्में होंगी प्रदर्शित

**नयी दिल्ली/गोवा :** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी का 56वाँ संस्करण इस वर्ष 20 से 28 नवंबर 2025 तक गोवा में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। 1952 में स्थापित इफ्फी दक्षिण एशिया का एकमात्र प्रतिस्पर्धी एवं फआईएएफ -मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव है, जो हर वर्ष विश्व सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ रूप को भारत में प्रस्तुत करता है। इस बार महोत्सव में जापान 'फोकस कंट्री', स्पेन 'पार्टनर कंट्री' और ऑस्ट्रेलिया 'स्पॉटलाइट कंट्री' के रूप में शामिल होंगे। महोत्सव में 81 देशों की 240 से अधिक फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें 13 वर्ल्ड प्रीमियर, 5 इंटरनेशनल प्रीमियर और 44 एशियन प्रीमियर शामिल हैं। उद्घाटन फिल्म होगी ब्राज़ीलियाई निर्देशक गैब्रियल मस्कारो की चर्चित फिल्म 'द ब्लू ट्रेल', जिसे बर्लिन फिल्म फेस्टिवल 2025 में सिल्वर बियर-ग्रैंड जूरी पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। इस संस्करण में नौ विशेष क्यूरेटेड सेक्शन होंगे-जिनमें 'डॉक्यू-मॉंटेज', 'रिस्टोर्ड क्लासिक्स', 'राइजिंग स्टार्स', 'कॉन्टेम्परेरी वर्ल्ड सिनेमा' जैसे आकर्षक खंड शामिल हैं। पहली बार सिनेमा-एआई हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागी 48 घंटों में एआई टूल्स की मदद से लघु फिल्म बनाएंगे। सर्वश्रेष्ठ एआई फिल्म को 4 लाख रुपये तक का पुरस्कार दिया जाएगा। महिला सशक्तिकरण और समावेशिता को बढ़ावा देते हुए इस बार महिलाओं द्वारा निर्देशित 50 से अधिक फिल्मों और 50 से अधिक नई कृतियों को भी स्थान दिया गया है। इसी के साथ महोत्सव में फिल्म व्यवसाय को सशक्त बनाने वाला 19वां वेव्स फिल्म बाजार भी आयोजित होगा, जो अंतरराष्ट्रीय सह-निर्माण और वैश्विक साझेदारी का बड़ा मंच माना जाता है। गोवा में आयोजित इफ्फी न सिर्फ भारतीय दर्शकों को विश्व सिनेमा से जोड़ता है, बल्कि फिल्मकारों, तकनीशियनों, निर्माताओं और विद्यार्थियों के लिए भी नए अवसरों के द्वार खोलता है। परंपरा और आधुनिकता के संगम के रूप में इस बार महोत्सव तकनीक, नवाचार और विविधता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रहा है।

# डेरिल मिचेल नंबर-1 एकदिवसीय बल्लेबाज़ बने, रोहित शर्मा को पछाड़ा




**दुबई:** भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद बुधवार को जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं जो रोहित से एक अंक अधिक है। रोहित लगभग तीन हफ्ते तक शीर्ष पर रहे। मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूज़ीलैंड के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले न्यूज़ीलैंड के दिग्गज ग्लेन टर्नर 1979 में शीर्ष पर थे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान भी एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए। भारत के शुभमन गिल (चौथे), विराट कोहली (पांचवें) और श्रेयस अय्यर (आठवें) शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल हैं। श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के बाद कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली है। मोहम्मद रिजवान (पांच स्थान ऊपर 22वें स्थान पर) और फखर जमां (पांच स्थान ऊपर 26वें स्थान पर) की रैंकिंग में सुधार हुआ है। पाकिस्तान ने अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर अबरार अहमद (11 स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर) और तेज गेंदबाज हारिस राऊफ (पांच स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर) को एकदिवसीय गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है जिसमें अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं।

### अफगानिस्तान ने अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत बी को 71 रन से हराया

**बेंगलुरु:** अफगानिस्तान ने बुधवार को यहां अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच में भारत बी को 71 रन से हरा दिया। भारत बी ने नमन पुष्पक (45 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान को 45.2 ओवर में 168 रन पर समेट दिया। भारत की ओर से इशान सूद ने भी 24 रन पर दो विकेट चटकाए। अफगानिस्तान की तरफ से फैजल शिनोजादा (58 रन, 76 गेंद, सात चौके) ने अर्धशतक जड़ा जबकि अजीजुल्लाह मेखिल ने 42 रन की उम्दा पारी खेली जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इसके जवाब में भारत बी की टीम सलामी बल्लेबाज युवराज गोहिल की 80 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से नाबाद 60 रन की पारी के बावजूद 29.3 ओवर में 97 रन पर ढेर हो गई।

# निकहत, जैसमीन और चार अन्य भारतीय मुक्केबाज फाइनल में

**ग्रेटर नोएडा:** दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन , जैसमीन लंबोरिया और भारत के चार अन्य मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स के चौथे दिन बुधवार को फाइनल में प्रवेश कर लिया। जादुमणि सिंह एम (50 किलो), पवन बर्तवाल (55 किलो), सचिन सिवाच (60 किलो) और हितेश गुलिया (70 किलो) भी खिताबी मुकाबले में पहुंच गए। भारत के 15 मुक्केबाज बृहस्पतिवार को स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलेंगे। कंधे की चोट के कारण एक साल बाहर रहने के बाद सितंबर में विश्व चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने वाली निकहत ने 51 किलो वर्ग में कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में उजबेकिस्तान की




जानीवा गुलसेवर को हराया। निकहत आखिरी बार 20 महीने पहले पिछले साल फरवरी में स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में पोडियम तक पहुंची थी। दिल्ली में दो साल पहले विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाली निकहत ने कहा ,'मुझे खुशी है कि पेरिस ओलंपिक के बाद मेरे पदकों का खाता खुला है। यहां से आगे ही जाना है। मैं यहीं पर विश्व चैम्पियन बनी थी और आज मैने सेमीफाइनल जीता है।' अब उनका सामना चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन से होगा। 57 किलो की विश्व चैम्पियन जैसमीन ने पूर्व एशियाई युवा चैम्पियन कजाखस्तान की उलजहां सारसेंबेक को 5 . 0 से हराया। इससे पहले जदुमणि ने आस्ट्रेलिया के उमर इजाज को पुरूषों के 50 किलो सेमीफाइनल में हराया। नीरज फोगाट (65 किलो), जुगनू (85 किलो) और सुमित कुंडू (75 किलो) टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबलों से बाहर रह सकते हैं हार्दिक और बुमराह






**गुवाहाटी:** अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए जांघ की चोट से उबर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के 30 नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में खेलने की संभावना नहीं है और उम्मीद है कि वह फिलहाल केवल सबसे छोटे प्रारूप (टी20) पर ही ध्यान केंद्रित करेंगे। मुख्य तेज गेंदबाजों के काम के बोझ के प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से आराम दिए जाने की संभावना है क्योंकि इसका टी20 विश्व कप की तैयारी में कोई खास महत्व नहीं है। हार्दिक को सितंबर में दुबई में एशिया कप टी20 के दौरान जांघ में चोट लगी थी और वह पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भी नहीं खेल पाए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'हार्दिक इस समय अपनी जांघ की चोट से उबर रहे हैं। वह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी आरटीपी (खेल में वापसी) ट्रेनिंग कर रहे हैं। फिलहाल जांघ की चोट से वापसी के बाद उन्हें धीरे-धीरे अपना कार्यभार बढ़ाने की जरूरत है और सीधे 50 ओवर के मैच खेलना जोखिम भरा होगा।

## अंडर 19 विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ अभियान का आगाज करेगा भारत

**दुबई:** भारतीय टीम जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरूषों के अंडर 19 विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका से खेलेगी। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी जिन्हें चार चार के चार समूहों में बांटा गया है। इसमें 23 दिन के भीतर 41 मैच खेले जायेंगे। भारत को ग्रुप ए में अमेरिका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में जिम्बाब्वे , पाकिस्तान , इंग्लैंड और स्कॉटलैंड हैं जबकि ग्रुप सी में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका होंगे। चौथे और आखिरी ग्रुप डी में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका होंगे। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के जरिये तंजानिया पदार्पण करेगा जबकि जापान की 2020 के बाद वापसी होगी। भारत को 15 जनवरी को अमेरिका से खेलना है। इसके बाद 17 जनवरी को बांग्लादेश और 24 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलना है। भारत के सभी मैच बुलावायो में होंगे। पहले दौर से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स खेलेंगी जिसमें छह छह टीमों के दो समूह होंगे।

### दक्षिण अफ्रीका ए ने भारत ए को 73 रन से हराया

**राजकोट:** युवा बल्लेबाज हुआन ड्रे प्रिटोरियस के शानदार शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ए ने तीसरे अनधिकृत वनडे में भारत ए को 73 रन से हराकर श्रृंखला में सूपड़ा साफ होने से बचाया। भारत ए ने पहले दोनों मैच जीते थे। प्रिटोरियस (98 गेंद में 123 रन)के अलावा सलामी बल्लेबाज रिवाल्डो मूनसामी (130 गेंद में 107 रन) ने भी शतक लगाया और दोनों ने 241 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को 50 ओवरों में छह विकेट पर 325 रन तक पहुंचाया। भारत के लिये हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और खलील अहमद ने दो दो विकेट लिये। जवाब में भारत ए टीम 49 . 1 ओवर में 252 रन पर आउट हो गई। भारत ए के लिये सिर्फ आयुष बडोनी 66 गेंद में 66 रन बना सके। ईशान किशन ने 67 गेंद में 53 रन बनाये जबकि बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। एक समय भारत ए के चार विकेट 82 रन पर गिर चुके थे। इसके बाद ईशान 88 रन की साझेदारी निभाने के बाद एन पीटर की गेंद पर आउट हो गए। पीटर ने 48 रन देकर चार विकेट लिये।

## प्रथम श्रेणी मैचों के बीच सीमित ओवरों के मैचों से खिलाड़ी मानसिक रूप से तरोताजा रहते हैं: शारदुल




**मुंबई:** भारतीय ऑलराउंडर और मुंबई के कप्तान शारदुल ठाकुर ने बुधवार को कहा कि घरेलू सत्र के दौरान लाल गेंद के मैचों के बीच कुछ सीमित ओवरों के मैच खेलने से खिलाड़ियों को मानसिक रूप से तरोताजा रहने में मदद मिलती है। शारदुल ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा कार्यक्रम की भी सराहना की जो लगातार दूसरे सत्र में दो चरण में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने पहले इस प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता के व्यस्त कार्यक्रम की आलोचना की थी जिसमें मैचों के बीच केवल तीन दिन का अंतराल होता था। शारदुल ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई की पुडुचेरी पर पारी और 122 रन की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, 'इस पर हमेशा मिश्रित राय होगी लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। लगातार दस मैच खेलना शरीर के लिए कठिन होता है।' उन्होंने कहा, 'हमने यह भी देखा है कि ब्रिटेन में कार्यक्रम कैसा होता है। वे लगातार सात या आठ प्रथम श्रेणी मैच खेलते हैं और फिर ब्रेक के बाद खेलते हैं। वे बीच में कुछ सीमित ओवरों के मैच भी रखते हैं जिससे कि सभी मानसिक रूप से तरोताजा रहें।' शारदुल ने कहा, 'वरना आप तीन महीने तक सिर्फ एक ही प्रारूप खेलते हैं और फिर अचानक सीमित ओवरों का क्रिकेट और फिर लाल गेंद का क्रिकेट पीछे छूट जाता है। इसलिए यह अच्छा है कि हम पांच मैच खेल रहे हैं और हमें थोड़ा ब्रेक मिल रहा है। फिर हम सीमित ओवरों का टूर्नामेंट खेलेंगे और फिर से लाल गेंद के क्रिकेट में उतरते हैं। इस तरह सभी लय में रहते हैं। वे दोनों प्रारूप के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहते हैं।'

# गिल पूरी तरह फिट नहीं, लेकिन खेलने को बेताब हैं

■ **गिल दूसरे टेस्ट के लिए गुवाहाटी जाएंगे: बीसीसीआई**

**गुवाहाटी:** भारतीय कप्तान शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम के बाकी सदस्यों के साथ बुधवार को गुवाहाटी पहुंच गए, लेकिन उनकी गर्दन की चोट शनिवार को यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पूरी तरह ठीक होने की संभावना नहीं है। पूरी संभावना है कि गिल गुरुवार और शुक्रवार को होने वाले अभ्यास सत्रों के दौरान खुद को फिट साबित करने की पूरी कोशिश करेंगे। भारतीय टीम के सूत्रों की मानें तो 26 वर्षीय गिल अभी शत प्रतिशत फिट नहीं हैं। उनकी गर्दन में दर्द अभी भी बना हुआ है, हालांकि यह पहले की तुलना में काफी कम है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने दिन में कहा था कि गिल टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, 'शुभमन पर उपचार का अच्छा असर हो रहा है और वह 19 नवंबर 2025 को टीम के साथ



गुवाहाटी जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर फैसला उनकी प्रगति को देखकर लिया जाएगा।' इस तरह से बीसी-सीआई के सचिव ने भी गिल के दूसरे टेस्ट में खेलने को लेकर संशय बरकरार रखा। कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 26 वर्षीय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी। वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। गिल को इस चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। गिल की अनुपस्थिति में भारतीय टीम यह मैच 30 रन से हार गई थी।



## गोयल की तेल अवीव की यात्रा के दौरान भारत-इजराइल एफटीए की प्रगति की समीक्षा की संभावना



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की इस सप्ताह तेल अवीव की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। गोयल, इजराइल में 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वहां वे द्विपक्षीय व्यापार, निवेश एवं नव-ाचार को बढ़ावा देने के तरीकों पर नेताओं और व्यवसाय जगत के लोगों के साथ चर्चा करेंगे। यह यात्रा 22 नवंबर को संपन्न होगी। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''प्रस्तावित भारत-इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर प्रगति की भी समीक्षा की जा सकती है।'' भारत और इजराइल मई 2010 से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक आठ दौर की बातचीत हो चुकी है। दोनों देशों ने अक्टूबर 2021 में बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उस देश को भारत का निर्यात 2023-24 के 4.52 अरब डॉलर से 52 प्रतिशत घटकर 2.14 अरब डॉलर और आयात भी 26.2 प्रतिशत घटकर 1.48 अरब डॉलर रह गया। भारत, एशिया में इजराइल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। द्विपक्षीय व्यापार में मुख्य रूप से हीरे, पेट्रोलियम उत्पाद और रसायन शामिल हैं, लेकिन हाल के वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों, संचार प्रणालियों एवं चिकित्सकीय उपकरणों जैसे क्षेत्रों में भी व्यापार में वृद्धि देखी गई है। भारत से इजराइल को प्रमुख निर्यात वाली वस्तुओं में मोती एवं कीमती पत्थर, मोटर वाहन डीजल, रासायनिक व खनिज उत्पाद, मशीनरी व विद्युत उपकरण, प्लास्टिक, वस्त्र, परिधान, आधार धातुएं तथा परिवहन उपकरण और कृषि उत्पाद शामिल हैं। गोयल, इजराइल के उद्योग मंत्री नीर बरकत के साथ भी बातचीत करेंगे। इजराइली समकक्ष के अलावा उनके कुछ अन्य मंत्रियों से भी मिलने की उम्मीद है।

# आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 513 अंक चढ़ा



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 513 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद बंधने के साथ आईटी शेयरों में लिवाली और घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 513.45 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,186.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक एक समय 563.75 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 142.60 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 26,052.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। इस बीच, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर 'आप तभी अच्छी खबर सुनेंगे' जब यह समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित होगा। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 728.82 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,156.83 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत टूटकर 64.64 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## आगामी आधार ऐप कागज रहित पहचान साझा करने की सुविधा देगा: यूआईडीएआई




**नयी दिल्ली:** नया आधार ऐप कागज रहित पहचान साझा करने और विशिष्ट पहचान से जुड़ी पूरी या चुनिंदा जानकारी को सत्यापित करने का विकल्प देगा। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। यह ऐप अभी बनाया जा रहा है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने नए आधार ऐप की औपचारिक पेशकश से पहले 'आधार ऐप का उपयोग करके ऑफलाइन सत्यापन' पर एक वीडियो संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की 250 से अधिक संस्थाओं और व्यक्तियों ने भाग लिया। बयान में कहा गया, 'आगामी आधार ऐप कागज रहित पहचान साझा करने, पूरी या चुनिंदा आधार जानकारी को सत्यापित और साझा करने, आधार अपडेट करने का विकल्प देगा।' नए ऐप का मकसद आधार धारकों के लिए ऑफलाइन डिजिटल सत्यापन को प्रोत्साहित करना और आधार कार्ड की फोटोकॉपी के उपयोग को हतोत्साहित करना है। इस दौरान यूआईडीएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भुवनेश कुमार ने कहा कि नया आधार ऐप और संबंधित तकनीक ऑफलाइन सत्यापन को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन सत्यापन, उपयोगकर्ताओं और संस्थाओं दोनों को पहचान सत्यापन के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और गोपनीयता का तरीका देगा।

## अमेरिकी शुल्क से अक्टूबर में कपड़ा निर्यात 12.9 प्रतिशत घटा

■ **उद्योग ने की राहत की मांग**



**नयी दिल्ली:** अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने से अक्टूबर में कपड़ा निर्यात 12.91 प्रतिशत घट गया। आने वाले महीनों में निर्यात में यह गिरावट और बढ़ने की आशंका है। ऐसे में उद्योग निकाय राहत उपायों की मांग कर रहे हैं। भारत के कपड़ा और परिधान उद्योग के लिए अमेरिका सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। वर्ष 2024-25 में कपड़ा और परिधान क्षेत्र का कुल आकार 179 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जिसमें 142 अरब डॉलर का घरेलू बाजार और 37 अरब डॉलर का निर्यात शामिल है। उद्योग निकायों ने कपड़ा निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए सरकार से विभिन्न राहत उपायों की मांग की है। भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) ने भारतीय रिजर्व बैंक से कताई, बुनाई और प्रसंस्करण इकाइयों को 14 नवंबर को घोषित रिजर्व बैंक के व्यापार राहत उपायों के लिए 'पात्र क्षेत्रों' की सूची में जोड़ने का आग्रह किया। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के पूर्व अध्यक्ष संजय के जैन ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'अक्टूबर में गिरावट अनुमान के मुताबिक है। भारत के कुल कपड़ा और परिधान निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है। पुराने ऑर्डर अभी भेजे जा रहे हैं, लेकिन अगस्त के बाद नए ऑर्डर आना बंद हो गए हैं। हमारा अनुमान है कि कपड़ा और परिधान निर्यात में गिरावट जारी रहेगी और नवंबर तथा दिसंबर में यह घटकर 15-20 प्रतिशत रह जाएगा।'

## एप्पल ने 'एप्पलकेयर प्लस' के तहत आईफोन की चोरी व नुकसान के लिए सुरक्षा बढ़ाई




नयी दिल्ली: आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने भारत में अपने एप्पलकेयर प्लस कवर के विस्तार के तहत फोन की चोरी या नुकसान से सुरक्षा की सुविधा शुरू की है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले एप्पलकेयर प्लस के तहत सुरक्षा योजना में आकस्मिक क्षति के लिए 'अनलिमिटेड' सुविधा उपलब्ध थी जबकि चोरी या नुकसान संबंधी सुरक्षा पहले से ही कुछ प्रमुख बाजारों में उपलब्ध है। कंपनी ने बयान में कहा, 'एप्पल ने आज भारत में ग्राहकों के लिए एप्पल केयर प्लस विकल्पों का विस्तार किया है। इसमें आईफोन के लिए चोरी या नुकसान से सुरक्षा की सुविधा शामिल की गई है। नई किफायती मासिक एवं वार्षिक योजन-ाओं के साथ ग्राहकों के पास अपने एप्पल उत्पादों की सुरक्षा के लिए अधिक विकल्प हैं और वे जब तक चाहें इसका लाभ उठा सकते हैं।' कंपनी ने एप्पलकेयर प्लस सदस्यता के लिए भुगतान योजना को भी मजबूत किया है। पहले उपलब्ध वार्षिक भुगतान विकल्प के अलावा 799 रुपये से शुरू होने वाली मासिक योजना की शुरुआत की है। बयान में कहा गया कि आईफोन के लिए चोरी या नुकसान के साथ एप्पलकेयर प्लस की शुरुआती कीमत 799 रुपये है। योजना की लागत फोन की कीमत और श्रेणी के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी की नवीनतम आईफोन-17 श्रृंखला की कीमत 82,900 रुपये से 2,29,900 रुपये के बीच है। एप्पल के विश्वव्यापी आईफोन उत्पाद विपणन की उपाध्यक्ष काइआन ड्रेंस ने कहा, 'एप्पलकेयर हमारे ग्राहकों को इस बात की तसल्ली देता है कि उनके उत्पाद एप्पल विशेषज्ञों द्वारा संरक्षित एवं समर्थित हैं। भारत में इस सुविधा के साथ हम आईफोन के लिए हमारी पूर्ण 'कवरेज' तक पहुंच सहित विश्वसनीय सुरक्षा प्राप्त करना आसान एवं अधिक किफायती बना रहे हैं।'

## न्यूज अपडेट

### सोना 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये पर, चांदी 4,000 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी के चलते बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुँच गई। चांदी की कीमतों में भी तेजी आई और यह 4,000 रुपये बढ़कर 1,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इससे स्थानीय सर्राफा बाजार में तीन दिन की गिरावट थम गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'बुधवार को सोने में तेजी आई, जिसे नए सिरे से सुरक्षित निवेश की मांग का समर्थन मिला, जबकि अमेरिकी श्रम बाजार में लगातार कमजोरी के संकेतों ने संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बनाए रखा।' वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोने ने लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी और 46.32 डॉलर बढ़कर 4,114.01 डॉलर प्रति औंस हो गया। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''निवेशकों को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अक्टूबर बैठक के आज रात जारी होने वाले ब्योरे का इंतजार है, जिससे हाजिर सोना 4,084 डॉलर के स्तर से ऊपर कारोबार कर रहा है।'

### ग्रो का शेयर 10 प्रतिशत गिरा, निचले सर्किट पर आया

**नयी दिल्ली:** शेयर ब्रोकिंग कंपनी ग्रो की मूल फर्म बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स का शेयर बुधवार को 10 प्रतिशत गिरकर निचले सर्किट पर आ गया। इसके साथ इसमें पांच दिनों की तेजी थम गई। ग्रो का शेयर बीएसई पर 10 प्रतिशत गिरकर 169.94 रुपये पर बंद हुआ, जो इसकी 'निचला सर्किट' सीमा है। कंपनी का शेयर एनएसई पर 10 प्रतिशत गिरकर 169.89 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार खत्म होने पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,04,914.10 करोड़ रुपये था। बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स के शेयर 12 नवंबर को बाजार में आए। तब से मंगलवार (18 नवंबर) तक शेयर 44.20 प्रतिशत चढ़ा था। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 17.60 गुना अभिदान मिला था। ग्रो भारत की सबसे बड़ा शेयर ब्रोकर है, जिसके 1.26 करोड़ से ज्यादा सक्रिय ग्राहक हैं।

### रिलायंस पावर के निदेशक मंडल ने प्रबंधन बोर्ड के गठन को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली:** रिलायंस पावर ने बुधवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने एक प्रबंधन बोर्ड (बीओएम) के गठन को मंजूरी दी है। इस कवायद का मकसद सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन को बढ़ावा देने वाली शासन पद्धतियों को अपनाना है। रिलायंस पावर ने शेयर बाजार को बताया कि बीओएम में कंपनी के सीईओ, प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारी और वरिष्ठ व्यावसायिक नेतृत्व शामिल हैं। कंपनी ने कहा, 'बीओएम का गठन मजबूत शासन, बेहतर निगरानी तंत्र और एक अधिक चुस्त तथा भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने की दिशा में एक कदम है।' रिलायंस पावर ने कहा कि यह पहल कंपनी की सर्वश्रेष्ठ शासन पद्धतियों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### ऑयल इंडिया ने गहरे समुद्र में तेल और गैस की खोज के लिए टोटल एनर्जीज से समझौता किया

**नयी दिल्ली:** देश में सार्वजनिक क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी तेल खोज कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड ने टोटल एनर्जीज के साथ समझौता किया है। इसके तहत फ्रांस की दिग्गज ऊर्जा कंपनी गहरे पानी वाले क्षेत्रों में तेल और प्राकृतिक गैस भंडार खोजने के लिए तकनीकी सहायता देगी। ऑयल इंडिया ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'ऑयल इंडिया और टोटल एनर्जीज ने 19 नवंबर, 2025 को नयी दिल्ली में एक प्रौद्योगिकी सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद गहरे और अति-गहरे पानी वाले अपतटीय सीमाओं में खोज गतिविधियों के लिए रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना है।' इस समझौते से ऑयल इंडिया को टोटल एनर्जीज की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3418 अंक 228, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in